राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia @swatantramedia 9511151254 epaper.swatantraprabhat.com @SwatantraPrabhatonline news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 03 अप्रैल 2025

वर्ष 06, अंक 184, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

पुरानी पेंशन बहाली की मांग का लेखपाल संघ ने.....03

रघुनाथपुर-लंभुआ संपर्क मार्ग जर्जर....11

महाकुंभ में 3 लाख करोड़ का टर्नओवर के अनुरूप नहीं रहा जीएसटी कलेक्शन

ब्यूरो प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में इस बार के महाकुंभ को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़े-बड़े दावे किए थे। सीएम योगी ने कहा था कि इस धार्मिक आयोजन से राज्य में 3 लाख करोड़ रुपये का व्यापार हुआ, जिससे अर्थव्यवस्था को भारी बढ़ावा मिला। लेकिन अब जब जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े सामने आए हैं, तो सवाल उठ रहे हैं कि क्या यह बड़ा व्यापारिक उछाल वास्तव में हुआ था, या फिर यह दावा महज एक अतिशयोक्ति है? फ़रवरी और मार्च 2025 के जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े इस दावे से मेल नहीं खाते, जिसके चलते विशेषज्ञ और विपक्ष दोनों इसकी सचाई पर सवाल उठा रहे हैं। सत्य हिंदी डॉट काम के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ के समापन के बाद दावा किया था कि 45 दिनों के इस आयोजन में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और इससे राज्य की अर्थव्यवस्था में 3 लाख करोड़ रुपये का योगदान हुआ। उनके मुताबिक, परिवहन, आवास, भोजन, और अन्य सेवाओं पर श्रद्धालुओं के खर्च ने स्थानीय व्यापार को बढ़ावा दिया। योगी ने यह भी कहा कि महाकुंभ के लिए सरकार ने करीब 7,500 करोड़ रुपये खर्च किए, जिसमें से 1,500 करोड़ रुपये सीधे आयोजन पर लगाए गए और इसके बदले में राज्य को कई गुना लाभ हुआ। मंगलवार को जारी सरकारी आँकड़ों से पता चलता है कि उत्तर प्रदेश में जीएसटी कलेक्शन मार्च महीने में क़रीब 10,000 करोड़ रुपये रहा। यह पिछले साल इसी अवधि की तुलना में 10 फ़ीसदी ज़्यादा है। फरवरी 2025 में उत्तर प्रदेश का जीएसटी कलेक्शन मात्र 9,155 करोड़ रुपये रहा, जिसमें पिछले साल की तुलना में सिर्फ़ 14त्न की वृद्धि हुई। इससे पहले जनवरी महीने में भी यह कलेक्शन दस हज़ार करोड़ से कुछ कम रहा था और यह पिछले साल से क़रीब 11 फ़ीसदी ज़्यादा था। नांगिया एंडरसन एलएलपी के कार्यकारी निदेशक (अप्रत्यक्ष कर) शिवकुमार रामजी ने बिजनेस लाइन से कहा कि 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 9,956 करोड़ रुपये का संग्रह ठोस है। उन्होंने कहा कि यह महाकुंभ के कारण होने वाली वृद्धि की तुलना में सामान्य जीएसटी रुझानों के अनुरूप है। उन्होंने जीएसटी में वृद्धि को नाटकीय नहीं माना। कुछ रिपोर्टों के मुताबिक़, महाकुंभ की वजह से कुल जीएसटी कलेक्शन 10,000 करोड़ रुपये तक पहुंचा। लेकिन अगर 3 लाख करोड़ रुपये का व्यापार हुआ होता तो क्या जीएसटी कलेक्शन इतना ही होना चाहिए था। सिर्फ़ तीन लाख करोड़ के व्यापार पर ही औसतन 18% जीएसटी दर से हिसाब लगाया जाए तो क़रीब 54,000 करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रह होना चाहिए था। यदि 5% या 12% के सबसे कम दरों को भी मान लिया जाए तो भी सिर्फ़ 3 लाख करोड़ रुपये पर ही जीएसटी कलेक्शन 15,000 से 36,000 करोड़ रुपये के बीच होना चाहिए था। लेकिन वास्तविक आंकड़े इससे कहीं कम हैं, जो इस दावे पर सवाल खड़े करते हैं। हालाँकि ऐसा भी हो सकता है कि महाकुंभ में ज्यादातर व्यापार असंगठित क्षेत्र में हुआ होगा, जैसे छोटे दुकानदार, स्ट्रीट वेंडर, और स्थानीय सेवा प्रदाता। इनमें से कई जीएसटी के दायरे में नहीं आते या टैक्स चोरी करते हैं। ऐसे में हो सकता है कि वास्तविक व्यापार का बड़ा हिस्सा आधिकारिक आंकड़ों में दर्ज ही नहीं हुआ।अगर बड़ा हिस्सा नकद में हुआ तो वह जीएसटी के दायरे से बाहर रहा होगा। यह भी संभव है कि व्यापार हुआ, लेकिन उसका रिकॉर्ड नहीं रखा गया। विपक्ष ने इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया है। कांग्रेस नेता टीएस सिंहदेव ने कुछ हफ़्ते पहले सोशल मीडिया पर लिखा था, अगर 3 लाख करोड़ का व्यापार हुआ, तो 54,000 करोड़ का जीएसटी कहाँ गया? यह दावा झूठा है। सपा और अन्य दलों ने भी इसे हवा-हवाई करार दिया। दूसरी ओर, सरकार का कहना है कि जीएसटी कलेक्शन पूरे व्यापार को नहीं दिखाता, क्योंकि इसमें असंगठित क्षेत्र और अप्रत्यक्ष लाभ शामिल नहीं होते। सरकार ने यह भी दावा किया कि महाकुंभ का असर लंबे समय तक दिखेगा, न कि सिर्फ एक महीने के जीएसटी में।

बीएसएनएल की लापरवाही से सरकार को 1800 करोड़ का घाटा, तो फायदा किसे हुआ?

स्वतंत्र प्रभात

ब्यूरो प्रयागराज। बीएसएनएल की एक ऐसी लापरवाही सामने आई है, जिसने भारत सरकार को हज़ारों करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया। यह सरकारी टेलिकॉम कंपनी, जो देश के दूरसंचार क्षेत्र में एक बड़ा नाम रही है, मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो को दस साल तक बिल भेजना ही भूल गई। मई 2014 से मार्च 2024 तक का समय बीत गया, लेकिन बीएसएनएल ने जियो को अपने बुनियादी ढांचे - जैसे टावर, फाइबर नेटवर्क और अन्य संसाधनों - के इस्तेमाल के लिए एक भी बिल नहीं भेजा। इसका नतीजा यह हुआ कि सरकार को 1758 करोड़ रुपये का भारी-भरकम घाटा उठाना पड़ा। यह सनसनीखेज खुलासा हाल ही में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी सीएजी की रिपोर्ट से हुआ, जिसने बीएसएनएल की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। दरअसल बीएसएनएल की लापरवाही सिर्फ जियो तक सीमित नहीं रही। कंपनी ने जियो के अलावा कई अन्य टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स के साथ भी रेवन्यू शेयरिंग के करार किए थे। इन करारों के तहत बीएसएनएल को लाइसेंस फीस वसूलनी थी, जो सरकार के खजाने में जमा होती। मगर बीएसएनएल इतनी ढीली निकली कि ये फीस वसूलना ही भूल गई। इस गलती की कीमत सरकार को 38 करोड़ 36 लाख रुपये के अतिरिक्त नुकसान के रूप में चुकानी पड़ी। अगर इन दोनों नुकसानों - बिल न भेजने और लाइसेंस फीस न वसूलने - को जोड़ दिया जाए, तो कुल मिलाकर सरकार को करीब 1800 करोड़ रुपये का चूना लगा। यह रकम कोई छोटी-मोटी नहीं है, खासकर तब जब बीएसएनएल सरकारी पैसे से चलने वाली संस्था है। बीएसएनएल का इतिहास वित्तीय संकटों से भरा रहा है। 2013-14 में कंपनी को 14,979 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था, और तब से यह लगातार सरकारी मदद पर निर्भर रही है। लेकिन इस बार का खुलासा सिर्फ पैसे के नुकसान की कहानी नहीं कहता, बल्कि बीएसएनएल के मैनेजमेंट की गहरी खामियों को भी उजागर करता है। मई 2014 में बीएसएनएल और रिलायंस जियो के बीच एक समझौता हुआ था, जिसमें बीएसएनएल के निष्क्रिय पड़े टावर और फाइबर नेटवर्क जैसे संसाधनों को जियो के साथ साझा करना तय हुआ। बदले में जियो को बीएसएनएल को भुगतान करना था। लेकिन बीएसएनएल ने तय समय पर बिल भेजने की जहमत तक नहीं उठाई। दस साल बीत गए, और यह लापरवाही अब जाकर सामने आई।÷ और भी नुकसान हुए हैं: इस सरकारी टेलिकॉम एजेंसी की नुकसान की यह फेहरिस्त यहीं खत्म नहीं होती। बीएसएनएल की लापरवाही के कई और पहलू हैं, जो सीएजी रिपोर्ट में उभरकर आए। मिसाल के तौर पर, खराब मैनेजमेंट और भूमिगत केबलों की गलत खरीद में कंपनी ने 80.64 करोड़ रुपये बर्बाद कर दिए। इसके अलावा, डक्ट हायरिंग चार्ज के बिलों को समय पर वेरिफाई न करने की वजह से बीएसएनएल जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा नहीं कर पाई, जिससे 5.5 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। प्रोजेक्ट्स को ठीक से न निभाने और कॉन्ट्रैक्ट्स में ढील बरतने के कारण 4 करोड़ 80 लाख रुपये हाथ से निकल गए। इतना ही नहीं, लापरवाही की वजह से 2 करोड़ 31 लाख रुपये का ब्याज भी डूब गया। ये छोटे-छोटे नुकसान भले ही अलग-अलग दिखें, लेकिन इन्हें जोड़ने पर यह रकम करोड़ों में पहुंच जाती है। मार्च 2023 तक भारत सरकार ने बीएसएनएल में 38,886.44 करोड़ रुपये का निवेश किया था। इतनी बड़ी रकम लगाने के बावजूद कंपनी की हालत सुधरने के बजाय बिगड़ती जा रही है। बिलिंग में देरी, खराब प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, और कॉन्ट्रैक्ट्स को सही ढंग से न निभा पाने जैसी समस्याएं बीएसएनएल की पहचान बन गई हैं। इस लापरवाही का असर सिर्फ कंपनी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सरकारी योजनाओं और टैक्सपेयर्स पर भी बोझ बढ़ा। कुल मिलाकर, इन सभी नुकसानों को जोड़ें, तो यह आंकड़ा 1800 करोड़ रुपये से भी ऊपर पहुंच जाता है। सीएजी की इस रिपोर्ट ने बीएसएनएल की पोल तो खोल ही दी, लेकिन अब कई सवाल हवा में तैर रहे हैं। क्या रिलायंस जियो यह 1758 करोड़ रुपये चुकाएगा? या फिर बीएसएनएल और जियो कोर्ट में आमने-सामने होंगे? और सबसे बड़ा सवाल - टैक्सपेयर्स का पैसा, जो बीएसएनएल को चलाने में लगा, उसका क्या होगा? यह घटना न सिर्फ सार्वजनिक धन के दुरुपयोग की मिसाल है, बल्कि यह भी बताती है कि सरकारी संस्थाओं में जवाबदेही और कुशल प्रबंधन की कितनी कमी है। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि इस नुकसान की भरपाई कैसे और कौन करेगा?

संक्षिप्त ख़बरें

संविदा चिकित्सक बनने को पहुंचे 22 अभ्यर्थी

मथुरा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत एमबीबीएस डाक्टरों की संविदा पर नियुक्ति के लिए जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा सीडीओ की अध्यक्षता में गठित समिति ने आज साक्षात्कार लिया गया। बुधवार को राजीव भवन स्थित सीडीओ कार्यालय में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना की अध्यक्षता मे गठित समिति द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में संविदा पर वाक इन इण्टरव्यू के माध्यम से एम.बी.बी.एस. चिकित्सकों के साक्षात्कार लिया गया। आज साक्षात्कार मे कुल 22 चिकित्सकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। चयन समिति में मुख्य विकास अधिकारी के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अजय कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका संयुक्त चिकित्सालय वृन्दावन श्रीमती वन्दना एंव जिला कार्यक्रम प्रबन्धक एन.एच.एम. संजय सिरोही उपस्थित रहें।

23 अप्रैल को लगेगी पेंशन अदालत

मथुरा। 23 अप्रैल को अपराह्न 12.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पेंशन अदालत आयोजित किया जाना है। विभिन्न राजकीय विभागों से सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों की समस्याओं का निवारण एवं व्यापक प्रचार प्रसार के लिए वरिष्ठ कोषाधिकारी को समन्वयक बनाया गया है। जिन पेंशन भोगियों को पेंशन संबंधी कोई समस्या है तो वह 11 अप्रैल तक अपनी समस्या संबंधी प्रार्थना पत्र दो प्रतियों में वरिष्ठ कोषाधिकारी मथुरा कार्यालय में प्रस्तुत करने का कष्ट करें। आयोजित पेंशन अदालत में केवल वही पेंशन भोगी अपने प्रत्यावेदन के साथ उपस्थित होगें, जिनकी कोई पेंशन संबंधी समस्या हो। पेंशन अदालत में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के क्रम में संबंधित कार्यालयाध्यक्ष भी निराकरण सहित उपस्थित होगें।

भारतीय कुर्मी महासभा ने सरिता पटेल हत्याकांड के जांच हेतु दिया ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। भारतीय कुर्मी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामकिशोर पटेल के नेतृत्व में 2अप्रैल को ज्ञापन देते हुए सरिता पटेल के परिवार को आर्थिक सहायता के लिए 50 लाख की मांग के साथ एक बंदूक लाइसेंस की मांग करते हुए एवं एवं दोषी के और सहयोगियों की जांच कर जेल भेजा जाए अगर अभिलंब जांच कर शामिल दोषियों को नहीं गिरफ्तारी की जाती है तो एक हफ्ते के अंदर प्रदेश सत्य विज्ञापन दिया जाएगा और धरना प्रदर्शन कर सरकार एवं शासन प्रशासन के विरोध में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञपन देते समय तमाम हमारे साथी भारतीय कुर्मी महासभा के जिला अध्यक्ष संजय कुमार पटेल एवं अधिवक्ता परिषद के जिला महासचिव एडवोकेट संजय कुमार पटेल एवं जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार पटेल एवं जिला उपाध्यक्ष एड धीरेंद्र सिंह पटेल, एवं जिला सचिव एड सुरेश कुमार पटेल ,एवं कार्यकारिणी सदस्य एड वीरेंद्र कुमार पटेल, एडवोकेट ज्ञान चंद बिंद एडवोकेट, शांति स्वरूप पटेल एडवोकेट, आर के पटेल, एडवोकेट मनोज कुमार पटेल ,एडवोकेट विजय कुमार यादव , एडवोकेट छोटेलाल पाल, दयाशंकर पटेल, राम आसरे पटेल एवं एडवोकेट अजय यादव,एवं पीड़ित परिवार के मदद में आए अश्वनी पटेल, अरविंद पटेल ,दारा सिंह पटेल, मिथुन पटेल, आशीष कुमार ,सोनू पटेल ,राहुल पटेल ,भाई लाल ,अनिल कुमार ,सुशील पटेल, मदन कुमार,अंशुमान सिंह, करन पटेल, एवं शिव प्रकाश आदि सैकड़ो लोग सम्मिलित रहे।

कुंभ मे विशिष्ट योगदान को लेकर दुकान जी सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात

ब्यूरो प्रयागराज। प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट के तत्वावधान मे पुलिस लाइन स्थित त्रिवेणी सभागार मे आयोजित कार्यक्रम मे महाकुम्भ 2025 सकुशल सम्पन्न कराने मे विशिष्ट सहयोग प्रदान करने हेतू सिविल डिफेंस विभाग अधिकारियो एव सदस्यो के साथ सिविल डिफेंस के ब्राण्ड एम्बेसेडर डिप्टी डिवीजनल वार्डेन राजेंद्र कुमार तिवारी दुकानजी एव नगर निगम सृष्टि बेस्ट मैनेजमेंट के स्वच्छता ब्राण्ड एम्बेसेडर जो एक समाज सेवी एव अंन्तराष्ट्रिय मूछ नृत्य कलाकार गिनीज बुक ऑफ वर्ड रिकॉर्ड मे नामित को पुलिस आयुक्त तरूण गाबा के कर कमलो द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिसका स्वागत सम्बोधन चिफ वार्डेन अनिल गुप्ता जी द्वारा किया गया मुख्य अतिथि का स्वागत सम्मान अंगवस्त्रम स्मृति चिन्ह अनिल कुमार चिफ वार्डेन एव उपनियन्त्रक निरज मिश्रा,सहायक उपनियन्त्रक राकेश कुमार तिवारी द्वारा प्रदान किया गया श्रद्धालूओ का पथ प्रदर्शन एव सेवा कार्य के लिए पुलिस आयुक्त तरूण गाबा ने सिविल डिफेंस विभाग की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए स्वयसेवको का मनोबल बढाया कार्यक्रम मे उपस्थित अपर आयुक्त कमिश्नरेट अजय पाल शर्मा एव अपर पुलिस आयुक्त एन कोलाची द्वारा महाकुम्भ सकुशल सम्पन्न कराने मे सिविल डिफेंस के स्वयसेवको की भूमिका की प्रशंसा किया कार्यक्रम का संचालन डिविजनल वार्डेन नगर रौनक गुप्ता ने किया।

अलर्ट डीजीपी प्रशांत कुमार ने आदेश में कहा कि प्रदेश में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

वक्फ बिल को लेकर यूपी में अलर्ट, सभी पुलिस वालों की छुट्टी रद, तुरंत ड्यूटी ज्वाइन करने के आदेश

स्वतंत्र प्रभात

ब्यूरो प्रयागराज। संसद में आज वक्फ संशोधन बिल पर बहस हो रही है. लोकसभा में इसे पेश किया गया है. इधर, इसको लेकर यूपी में सतर्कता बढ़ा दी गई है। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने आदेश जारी कर सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। डीजीपी के निर्देशानुसार, जो पुलिस अधिकारी और कर्मचारी पहले से छुट्टी पर जा चुके हैं, उन्हें तत्काल ड्यूटी पर लौटने का आदेश दिया गया है. आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है, कि केवल विशेष परिस्थितियों में ही अवकाश की स्वीकृति दी जाएगी। डीजीपी प्रशांत कुमार ने आदेश में कहा कि प्रदेश में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है. इसी कारण पुलिसकर्मियों की सभी छुट्टियां तत्काल प्रभाव से निरस्त की जाती हैं. सभी अधिकारी एवं कर्मचारी तुरंत अपने ड्यूटी स्थल पर वापस लौटें. पुलिस मुख्यालय से जारी इस आदेश को सभी जिलों के अधिकारियों तक भेज दिया गया है. इससे पहले, महाकुंभ के दौरान भी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द की गई थीं. हालांकि, विशेष परिस्थितियों में अवकाश की अनुमति दी गई है।

प्रदेश में बढ़ाई गई सतर्कता।

सूत्रों के मुताबिक, वक्फ बिल को लेकर संभावित विरोध और प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है. सरकार नहीं चाहती कि किसी भी तरह की स्थिति बेकाबू हो, इसलिए पुलिस बल को पूरी तरह अलर्ट मोड में रखा गया है. प्रदेश भर में पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है. किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा एजेंसियों को तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।

संभल में हाई अलर्ट ।सड़क पर उतरी पुलिस फोर्स:।

संसद में वक्फ संशोधन बिल पेश होने के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस अलर्ट मोड पर है. संभल में ₹क्के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने जामा मस्जिद सहित विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च किया. साथ ही पुलिस सोशल मीडिया पोस्टों पर भी नजर रख रही है. बता दें कि संभल के सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क और विधायक इकबाल महमूद ने इस बिल का खुला विरोध किया है, जिसे लेकर संभल में पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है. संभल हिंसा के बाद यहां पर पुलिस प्रशासन फूंक-फूंककर कदम रख रहा है.

मिर्जापुर जिले में वक्फ संशोधन बिल को लेकर जिला प्रशासन हाई अलर्ट पर है. वक्फ बिल को लेकर मुस्लिम इलाके में सुरक्षा बढ़ाई गई है. मिर्जापुर प्रसाशन किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मुस्तैद दिख रही है.। शहर कोतवाली और कटरा कोतवाली इलाके में पुलिस फ्लैग मार्च किया है. जिले के संवेदनशील इलाके में पुलिस प्रशासन का विशेष नजर बना हुआ है. इमामबाड़ा इलाके में भारी पुलिस फोर्स मौजूद है. जिला प्रशासन की अपील शांति व्यवस्था बनाए रखे, अफवाहों से बचने की सलाह दी है।

66 ई रिक्शा, 6 ऑटो के खिलाफ की गई कार्यवाही

मथुरा। बिना वैध पंजीकरण के सडक पर दौड रहे ई रिक्शा को नष्ट कराया जाएगा। मंगलवार को 66 ई रिक्शा व छह ऑटो के खिलाफ कार्यवाही की गई। शासन के निर्देशों के क्रम में परिवहन आयुक्त द्वारा माह अप्रैल 2025 में अवैध रूप से संचालित ई रिक्शा वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। निर्देश के अनुपालन में एक अप्रैल को अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात) मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में राजेश राजपूत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन प्रथम) मथुरा, मनोज प्रसाद वर्मा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन-द्वितीय) मथुरा, अनिल कुमार, क्षेत्राधिकारी (यातायात) मथुरा, संदीप चौधरी यात्रीकर अधिकार मथुरा, शौर्य कुमार, (यातायात निरीक्षक) मथुरा तथा अन्य यातायात निरीक्षकों के साथ संयुक्त टीम द्वारा वृन्दावन मथुरा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित ई रिक्शा एवं अन्य वाहनों के विरूद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। 39 ई रिक्शा के चालान तथा 27 निरूद्ध किये गये। इसके अतिरिक्त छह ऑटो बिना वैध प्रपत्रों के अभियोग में चालान, बंद की कार्यवाही की गयी।

संक्षिप्त ख़बरें

तीन लड़कियों सहित चार छात्रों ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रावृत्ति परीक्षा पास की

अमेठी। संग्रामपुर के इण्टर कॉलेज कालिकन धाम में अध्ययनरत कक्षा 8 की तीन छात्राओं सहित 4 बच्चे परीक्षा उत्तीर्ण करके विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य आरपी सिंह ने बताया कि इस बार हमारे विद्यालय में कक्षा आठवीं के एक छात्र अमन वर्मा पुत्र हरिकेश वर्मा जिले की 11 वी रैंक , पार्वती पुत्री संतराम,18 वी रैंक, प्रियंका सरोज पुत्री संतोष 30 वी रैंक,शिखा पुत्री सत्यप्रकाश 30 रैंक पास कर पहली बार इस राष्ट्रीय आय योग्यता आधारित छात्रावृत्ति परीक्षा 2024-25 पास किया। उन्होंने बताया इस परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों का सहयोग विद्यालय के अध्यापकों का रहा।इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने बच्चों को प्रोत्साहित भी किया। इस कार्यक्रम में इण्टर कॉलेज कालिकन धाम के सभी अध्यापक गण मौजूद रहे।

पूर्व राजकीय पशु चिकित्सा अधिकारी संग्रामपुर डॉ आर एस द्विवेदी की हुई मौत

अमेठी। जिले के विकास खंड संग्रामपुर में स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय संग्रामपुर में सत्र 2019-2020 में चिकित्सा प्रभारी के रूप में रहे डॉ रामशिरोमणि द्विवेदी का बीमारी के चलते आज सुबह ब्रह्म मुहूर्त में दुनिया छोड़कर चले गए। डॉक्टर आर एस द्विवेदी ने अमेठी , संग्रामपुर दोनों चिकित्सालय पर प्रभारी के रूप में अच्छी पशु चिकित्सा व्यवस्था दी थी। सन 2014 में इन्होंने ने पशु चिकित्सा की सेवा की शुरुआत की थी इसके बाद अपने स्वास्थ्य सेवाओं से क्षेत्र में जगह बना ली थी। संग्रामपुर और अमेठी में बनी दर्जनों गौशालाओं में संरक्षित मवेशियों की स्वास्थ्य सेवाएं दी।इस दुख की घड़ी में अमेठी व सुल्तानपुर के पशु चिकित्सा अधिकारी व पशु प्रेमी उनके घर जाकर इस दुख की घड़ी लड़ने की ताकत दी।इस अवसर पर संग्रामपुर में तैनात पशु चिकित्सक डॉ प्रदीप पाण्डेय ने बताया कि आज संग्रामपुर व अमेठी की गौशाला में स्वास्थ्य सेवाएं देने में डॉक्टर आर एस द्विवेदी का सराहनीय योगदान रहा अमेठी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सोमप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि आज एक अनुभवी पशु चिकित्सक हमारे बीच नहीं रहा उनका किया गया यादगार स्वास्थ्य सेवा आज भी जिले में दिखाई दे रही है। पूर्व सीवीओ जेपी सिंह ने बताया कि हमारे सीवीओ कार्यकाल में इनका कार्य अमेठी जिले में किया गया। इनकी स्वास्थ्य सेवा आज भी अमेठी जिले में दिखाई दे रही है।

शिवांगी की मौत से परिवार में पसरा मातम

जौनपुर जफराबाद। जलालपुर क्षेत्र के कोतवालपुर गांव निवासी सुभाष मिश्र की पुत्री शिवांगी मिश्र की मौत से परिवार में मातम पसर गयं।पूर्वांचल विश्वविद्यालय के हॉस्टल में।मंगलवार की रात को आत्महत्या कर लिया था। उक्त गांव के निवासी सुभाष मिश्र के दो संतान बड़ा पुत्र शिवम मिश्र उर्फ शनि तथा बेटी शिवांगी मिश्रा थी।शिवांगी 2023 में पूर्वांचल विश्वविद्यालय में एडमिशन करवाकर बॉयोटेक्नोलॉजी की पढ़ाई कर रही थी।घर पर शिवांगी होली की छुट्टी पर आई थी। सुभाष मिश्र के परिवार में पत्नी अनिता शुक्ला,पुत्र शिवम उर्फ शनि तथा उसकी पत्नी हेमा मिश्रा थे।पुत्री शिवांगी 2023 से पूर्वांचल विश्वविद्यालय में हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करती थी।शिवांगी की शादी आजमगढ़ जनपद के दीदारगंज में 24 नवम्बर 2025 तय हो गयी थी। मृतका के भाई शिवम उर्फ शनि ने बताया कि बहन की जिस लड़के से शादी तय थी।वह बात तो करता था।

जलालपुर बयालसी महाविद्यालय के प्रबन्ध समिति का चुनाव सम्पन्न

जौनपुर- जलालपुर बयालसी महाविद्यालय के प्रबन्ध समिति का चुनाव सिंह मैरेज लान एण्ड बैंक्वेट हाल फूलपुर, मड़ियाहूँ रोड पर भारी पुलिस बल और एसडीम केराकत सुनील भारती के देखरेख में संपन्न हुआ । कुलपति वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वारा नामित पर्यवेक्षक, प्रो0 अशोक कुमार सिंह, प्राचार्य के0बी0पी0जी0 कालेज मिर्जापुर के देखरेख में चुनाव अधिकारी विवेक कुमार सिंह नामित द्वारा प्रबन्ध समिति बयालसी महाविद्यालय, जलालपुर द्वारा विधि सम्मत ढंग से चुनाव सम्पन्न कराया गया। उक्त नवनिर्वाचित प्रबन्ध समिति बयालसी महाविद्यालय के निर्विरोध निर्वाचित 6 पदाधिकारियों व 7 सदस्यों में सुजीत सिंह अध्यक्ष, महेन्द्र प्रसाद सिंह उपाध्यक्ष,चन्दा सिंह सचिव, सचिन्द्र कुमार सिंह सदस्य, सचिव हिरन यादव कोषाध्यक्ष, मोहित कुमार यादव सम्परीक्षा , अशोक सिंह सदस्य, बंश नारायन पाण्डेय, रामसागर सिंह सदस्य, मनोज कुमार सिंह सदस्य, शैलेन्द्र सिंह सदस्य, कृष्ण मोहन द्विवेदी सदस्य और दीपक कुमार सिंह सदस्य विजयी घोषित किये गये।

विधानसभा जगदीशपुर को विकास की एक और बड़ी सौगात

● जगदीशपुर विधायक सुरेश पासी ने नवसृजित थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक का भूमि पूजन कर किया शिलान्यास

क्षेत्रीय लोगों को मिलेगी त्वरित पुलिस सहायता क्षेत्र में हर्ष का माहौल

स्वतंत्र प्रभात

जगदीशपुर अमेठी। विधायक जगदीशपुर व पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा नवसृजित थाना भले सुल्तान शहीद स्मारक का भूमि पूजन कर किया गया शिलान्यास। ग्राम कंकूपुर में नवसृजीत थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक के भूमि पूजन के दौरान मुख्य अतिथि विधायक जगदीशपुर सुरेश पासी का पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। तदोपरांत मुख्य अतिथि सुरेश पासी, पुलिस अधीक्षक अमेठी एवं क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना द्वारा नवसृजित थाना भाले सुल्तान सहित स्मारक का विधि विधान से भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। मुख्य अतिथि जगदीशपुर विधायक सुरेश पासी ने कहा कि थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक का स्थाई भवन बन जाने से क्षेत्र में स्थानीय लोगों को त्वरित पुलिस सहायता प्राप्त होगी, तथा अपराध एवं अपराधियों तथा महिला संबंधित अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगेगा एवं कानून व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा जगदीशपुर के सर्वांगीण विकास हेतु लगातार कार्य कर रहा हूं और करता रहूंगा जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना तथा क्षेत्र का विकास करना प्रमुख उद्देश्य है उन्होंने कहा कि नर सेवा, नारायण सेवा तथा वसुधैव कुटुंबकम् के नारे को साकार करते हुए लगातार विकास का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जगदीशपुर विधानसभा में विकास के अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। इस दौरान थाना अध्यक्ष भले सुल्तान शहीद स्मारक व अन्य अधिकारी कर्मचारी गण तथा क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

मेधावी छात्रों को किया गया पुरस्कृत

जौनपुर खेतासराय गुरैनी स्थित श्री रामदेव विद्या मंदिर में बुधवार को अंकपत्र व पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया जिसमें प्रत्येक कक्षा में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर चौकिया गुरैनी ग्राम प्रधान बाबर सिद्दीकी विद्यालय अध्यक्ष रामदेव गुप्ता डॉश अमलेंद्र गुप्ता (समाजसेवी) मनीष गुप्ता (भाजपा नेता) प्रधानाचार्य सरोज यादव के हाथों प्रमाण पत्र व पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कक्षा एक में प्रथम उज्जवल राव द्वितीय आरोही गुप्ता,कक्षा दो में प्रथम श्रेया बिंद द्वितीय अदिति यादव,कक्षा तीन में प्रथम आस्था यादव द्वितीय अर्पिता विश्वकर्मा, कक्षा चार में प्रथम अनुराग यादव द्वितीय शिवम यादव , कक्षा पांच में प्रथम आकाश विश्वकर्मा द्वितीय राजलक्ष्मी, कक्षा छः में प्रथम आंचल यादव द्वितीय आरूषी यादव, कक्षा सात में प्रथम लवली यादव द्वितीय साधना गौतम, कक्षा आठ मे प्रथम अनामिका विश्वकर्मा द्वितीय तनिष्का यादव को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथि एवं अभिभावकों के प्रति प्रबंधक दीपक गुप्ता ने आभार प्रकट किया।

संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात

तुलसीपुर उप केंद्र सेखुईनिया कला में संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गांव में संचारी रोगों के प्रति जागरूकता फैलाना और इनसे बचाव के उपायों पर प्रकाश डालना था। कार्यक्रम में डेंगू बुखार, मलेरिया, फाइलेरिया, डायरिया और चिकनगुनिया जैसी खतरनाक बीमारियों के बारे में जन सामान्य को बताया गया और इनसे बचाव के उपायों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान साफ-सफाई के महत्व पर जोर दिया गया और गांव वासियों को स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई। इसके साथ ही उन्हें स्वच्छ और सुरक्षित जल पीने की सलाह दी गई, ताकि पानी से होने वाली बीमारियों से बचा जा सके। कार्यक्रम में उपस्थित सभी व्यक्तियों को यह भी बताया गया कि घरों के आसपास पानी न ठहरे और मच्छरों के पनपने के स्थानों को ठीक से साफ रखा जाए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर विकल्प मिश्रा, ग्राम प्रधान, फार्मासिस्ट शिवपूजन, एएनएम शारदा जायसवाल, सीएचओ प्रशांत उपाध्याय, क्षेत्रीय आशा और आशा संगिनी मौजूद थे। सभी ने अपने-अपने विचार साझा किए और गांव वासियों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों में संचारी रोगों के प्रति सजगता उत्पन्न हुई और उन्होंने इनसे बचाव के उपायों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन से गांव वासियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी और संचारी रोगों से बचाव के लिए आवश्यक कदम उठाने की प्रेरणा मिली।

जायस मंडी स्थित गेहूं क्रय केंद्रों का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

अमेठी। मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत गेहूं खरीद वर्ष 2025-26 हेतु जिलाधिकारी निशा अनंत के द्वारा कृषि उत्पादन मण्डी समिति जायस यार्ड में स्थापित गेहूं क्रय केन्द्रों खाद्य विभाग के जायस मण्डी प्रथम, जायस मण्डी द्वितीय, जायस मण्डी तृतीय, मण्डी समिति जायस एवं भारतीय खाद्य निगम के जायस केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय खाद्य विभाग के केन्द्र जायस मण्डी प्रथम पर किसान राकेश यादव निवासी तेन्दुआ की लगभग 40 कु0 गेहूं की तौल चल रही थी। जायस मण्डी द्वितीय पर किसान ओम प्रकाश, सरायमहेशा की लगभग 20 कु0 एवं गंगाप्रसाद निवासी तेन्दुआ की 60 कु0 गेहूं की तौल चल रही थी। जायस मण्डी तृतीय, कृषि उत्पादन मण्डी समिति जायस एवं भारतीय खाद्य निगम के जायस मण्डी केन्द्र पर कोई तौल नहीं हो रही थी। केन्द्र जायस मण्डी प्रथम एवं द्वितीय पर उपस्थित किसानों से जिलाधिकारी द्वारा पूछताछ कर किसी भी असुविधा के सम्बन्ध में जानकारी की गयी तो किसानों के द्वारा बताया गया कि हमे तौल कराने में कोई असुविधा नहीं हो रही है और न ही किसी प्रकार का कोई शोषण किया जा रहा है। उपस्थित जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह, को निर्देशित किया गया कि जनपद अमेठी में स्थापित सभी केन्द्रों पर यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि किसानों को अपनी उपज को विक्रय करने में कोई असुविधा न हो। जिलाधिकारी द्वारा समस्त उपजिलाधिकारियों, जिला खाद्य विपणन अधिकारी अमेठी एवं मण्डी सचिव को यह सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिये गये कि समर्थन मूल्य का लाभ किसानो को हो रहा है या नहीं।

गेहूं का अवैध भण्डारण / संचरण पर प्रभावी रूप से रोक लगाई जाय। बड़े स्टॉक होल्डर्स/ट्रेडर्स/प्रोसेसर्स आदि के स्टाक का नियमित रूप से सत्यापन / निरीक्षण किया जाय। साथ ही यह भी सुनिश्चित कराया जाय कि बड़े स्टॉक होल्डर्स/ट्रेडर्स/प्रोसेसर्स आदि के द्वारा नियमित रूप से मण्डी शुल्क आदि को जमा किया जा रहा है या नहीं। किसी भी दशा में राजस्व की हानि नहीं होनी चाहिय। खाद्य विभाग, मण्डी व अन्य एजेन्सियों के जिलास्तरीय / केन्द्र प्रभारियों द्वारा द्वारा किसानो को गेहूं क्रय केन्द्रो पर गेहूं विक्रय हेतु प्रोत्साहित किया जाय। किसानों को उनकी उपज का भुगतान अधिकतम 48 घण्टे में उनके खाते में कर दिया जाय। मण्डी में गेहूं की नीलामी नियमानुसार दिन में 02 बार कराये एवं उसी वीडियोग्राफी भी की जाय। नोडल मण्डी सचिव जायस को स्पष्ट निर्देश दिये गये मण्डी परिसर में साफ-सफाई रखी जाय। मण्डी में प्रवेश गेट, नीलामी स्थलों पर कैमरा लगा होना चाहिये, जो टाइमर मोड पर हो। केन्द्रों पर क्रय किये गये गेहूं की सुरक्षा, आकस्मिक होने वाली वर्षा आदि से बचाव हेतु आवश्यक व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये गये। अन्त में समस्त क्रय एजेन्सियों के जिलास्तरीय अधिकारियों को समस्त गेहूं क्रय केन्द्रों पर गेहूं की खरीद प्रारम्भ करने के स्पष्ट निर्देश दिये गये।

वार्डन पर गंभीर आरोप, छात्रा को पीटकर विद्यालय से निकाला!

स्वतंत्र प्रभात

जौनपुर- बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जहां सरकार बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा दे रही है, वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, सुइथाकला में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। विद्यालय की छात्रा किरन कुमारी ने प्रभारी वार्डन पूनम सिंह यादव और चौकीदार श्रीकृष्ण यादव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्रा का कहना है कि उसने विद्यालय में खाद्यान्न सामग्री और अन्य उपकरणों की चोरी होते हुए देख लिया, जिसके बाद वार्डन और चौकीदार ने उसे एक कमरे में बंद कर बेरहमी से पीटा और फिर विद्यालय से निष्कासित कर दिया।

शिक्षा से किया वंचित, अधिकारियों को लिखी चिट्ठी

छात्रा का कहना है कि उसने इस घटना की शिकायत जिलाधिकारी जौनपुर को पत्र के माध्यम से दी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके चलते उसे अर्धवार्षिक परीक्षा से भी वंचित कर दिया गया। अब वार्षिक परीक्षा नजदीक है और विद्यालय में प्रवेश न मिलने से उसका पूरा साल खराब होने की कगार पर है।

बेटी पढ़ाओ अभियान की उड़ रही धज्जियां?

छात्रा ने शिक्षा महानिदेशक लखनऊ से मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। उसका कहना है कि सरकार जहां बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता दे रही है, वहीं विद्यालय में छात्राओं के साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है, जो कि बेहद चिंताजनक है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और क्या छात्रा को न्याय मिल पाता है या नहीं!

अंगद के पांव बने बेसिक शिक्षा अधिकारी, ट्रांसफर नीति पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात

जौनपुर- उत्तर प्रदेश शासन के नियमों के अनुसार, क्लास-1 और क्लास-2 के अधिकारी किसी भी जनपद में अधिकतम तीन साल तक पदस्थ रह सकते हैं। हालांकि, यह अवधि प्रशासनिक जरूरतों के हिसाब से कम या ज्यादा भी हो सकती है। लेकिन जौनपुर में बेसिक शिक्षा अधिकारी (बेसिक) डॉ. गोरखनाथ पटेल का मामला अब चर्चा का विषय बन गया है। उनकी तैनाती को लेकर तबादला नीति सवालों के घेरे में आ गई है, क्योंकि वे 'अंगद के पांव' की तरह इस पद पर जमे हुए हैं।

तबादला नीति की अनदेखी?

शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद डॉ. पटेल का इतने लंबे समय तक जौनपुर में पदस्थ रहना सवाल खड़े कर रहा है। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार, प्रदेशभर में अधिकारियों के स्थानांतरण की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन जौनपुर में यह नीति निष्प्रभावी साबित हो रही है। क्या शासन की मंशा को दरकिनार कर कुछ अधिकारियों को विशेष संरक्षण दिया जा रहा है?

कार्यालय में पत्रकार की 'खास भूमिका'

सूत्रों के अनुसार, बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एक पत्रकार की भूमिका भी चर्चा का विषय बनी हुई है। बताया जा रहा है कि यह पत्रकार डॉ. पटेल के आने से 10 मिनट पहले कार्यालय पहुंचता है और उनके जाने के 10 मिनट बाद तक वहां बना रहता है। जनचर्चा यह भी है कि यह पत्रकार कार्यालय में %कमाऊ सूत्र% के रूप में काम कर रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या प्रशासनिक कार्यों में निष्पक्षता बनी हुई है, या फिर यह कोई प्रभावशाली गठजोड़ है?

शिक्षा विभाग में बढ़ रही नाराजगी

बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़े लोग भी इस स्थिति को लेकर नाराजगी जता रहे हैं। उनका मानना है कि जब शासन की ओर से एक स्पष्ट नीति बनाई गई है, तो इसका पालन सभी अधिकारियों पर समान रूप से होना चाहिए। लेकिन जौनपुर में लंबे समय से जमे अधिकारियों को लेकर शिक्षा विभाग में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

क्या शासन लेगा कोई संज्ञान?

अब सवाल यह है कि क्या शासन इस मामले में कोई कार्रवाई करेगा, या फिर बेसिक शिक्षा अधिकारी अंगद के पांव की तरह इसी पद पर जमे रहेंगे? साथ ही, कार्यालय में पत्रकार की भूमिका पर भी कोई जांच होगी या नहीं, यह भी देखने वाली बात होगी। फिलहाल, यह मामला जौनपुर में शिक्षा विभाग के तबादला नीति के पालन और पारदर्शिता को लेकर एक बड़ी बहस छेड़ चुका है।

डामरीकरण कार्य में अनियमितताएं, जीएसबी का नहीं हो रहा इस्तेमाल

● योगी सरकार के गड्ढा मुक्त सड़क अभियान पर खतरा, ठेकेदार और जेई हो रहे मालामाल

स्वतंत्र प्रभात

चित्रकूट। योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में गड्ढा मुक्त सड़क बनाने की घोषणा के बावजूद चित्रकूट जिले के कर्वी विकासखंड के ग्राम अकबरपुर के भरतकूप-टिटिहरा रोड पर चल रहे डामरीकरण कार्य में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। पीडब्लूडी विभाग के द्वारा किए जा रहे इस निर्माण कार्य में न तो आवश्यक जीएसबी का उपयोग किया जा रहा है और न ही गुणवत्ता मानकों का पालन हो रहा है। इससे यह सवाल उठने लगे हैं कि गड्ढा मुक्त सड़क का सपना कैसे पूरा होगा।भरतकूप-टिटिहरा रोड पर चल रहे डामरीकरण कार्य में प्रमुख रूप से जीएसबी का अभाव देखा जा रहा है, जो कि सड़क की मजबूती और गुणवत्ता के लिए आवश्यक होता है।

जेई और ठेकेदारों की मिलीभगत के कारण इस काम में यह महत्वपूर्ण सामग्री गायब हो गई है।जीएसबी का इस्तेमाल सड़क के जीवनकाल को बढ़ाने के लिए बेहद जरूरी होता है, लेकिन पीडब्लूडी विभाग ने इसे नजरअंदाज किया है।वही पीडब्लूडी विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेई) और ठेकेदार के बीच मिलकर भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है। गुणवत्ता में समझौता कर सस्ते और घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। सड़क की डामरीकरण में जो बीस एमएम साइज के पत्थर डालने चाहिए थे, वह कहीं दिखाई नहीं दे रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या सरकार की योजनाओं का फायदा जनता तक सही तरीके से पहुंच रहा है।योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में गड्ढा मुक्त सड़क बनाने का बड़ा दावा किया है, लेकिन चित्रकूट जिले में हो रहे इन निर्माण कार्यों ने उस पर सवाल उठाने का मौका दे दिया है। अगर ऐसे ही कार्य होते रहे तो उत्तर प्रदेश की सड़कों की हालत और भी खराब हो सकती है। जिला प्रशासन को चाहिए कि वह जल्द से जल्द इस मामले की जांच करे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे, ताकि जनता का विश्वास बना रहे।चित्रकूट की इस स्थिति से यह साफ हो गया है कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो योगी सरकार के गड्ढा मुक्त सड़क के सपने पर पानी फिर सकता है।

भगवान श्रीराम के भव्य प्राकट्योत्सव कार्यक्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात

राजापुर,चित्रकूट। जिले के राजापुर थाना परिसर में आगामी 6 अप्रैल को भगवान श्रीराम के प्राकट्योत्सव के आयोजन को लेकर उपजिलाधिकारी हर्षिता देवड़ा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में क्षेत्राधिकारी जयकरण सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा, थानाध्यक्ष प्रवीण सिंह और अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में इस भव्य आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की गई।

बैठक में सबसे पहले कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल की उपलब्धता, और जर्जर विद्युत पोलों एवं लटकती तारों को दुरुस्त करने पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। भगवान श्रीराम के प्राकट्योत्सव के अवसर पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, ऐसे में सभी व्यवस्थाओं का समय रहते इंतजाम करना जरूरी था। कार्यक्रम के संयोजक सुनील मिश्रा ने बताया कि 6 अप्रैल को तुलसी जन्मकुटीर से भव्य शोभायात्रा की शुरुआत होगी, जो कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुए भगवान श्रीराम की महिमा का गुणगान करते हुए आगे बढ़ेगी। इस शोभायात्रा में वाद्य यंत्रों के साथ हर घर और गली में धार्मिक उल्लास का माहौल रहेगा। उन्होंने यह भी बताया कि शोभायात्रा के दौरान अन्ना गौवंशों को संरक्षित करने के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे ताकि कोई हादसा न हो।

नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने आश्वस्त किया कि नगर पंचायत द्वारा प्रमुख मार्गों की सफाई के लिए आधा दर्जन सफाई कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा। साथ ही, पेयजल की व्यवस्था के लिए तुलसी जन्मकुटीर और सरांय तलैया चौराहे पर टैंकरों की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा, अन्ना गौवंशों को गौशालाओं में सुरक्षित करने के लिए कैटल कैचल वाहन लगाए जाएंगे। उन्होंने यह भी घोषणा की कि चित्रकूट गौरव दिवस के अवसर पर नगर पंचायत द्वारा प्रत्येक घर में 11 दीपक वितरित किए जाएंगे, ताकि इस आयोजन में और भी भव्यता और धार्मिक उल्लास का समावेश हो सके। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपजिलाधिकारी हर्षिता देवड़ा ने कहा कि भगवान श्रीराम के प्राकट्योत्सव के आयोजन को सफल बनाने के लिए जन सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने नगर व क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि वे इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और सभी व्यवस्थाओं में सहयोग करें। उन्होंने विशेष रूप से शोभायात्रा से पहले सड़कों की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था और अन्ना गौवंशों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही, विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जर्जर विद्युत पोलों को जल्द से जल्द ठीक किया जाए और झूलती तारों को दुरुस्त किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि शोभायात्रा के दौरान विद्युत आपूर्ति में कोई रुकावट न आए, इसके लिए आवश्यकता पड़ने पर सप्लाई को समय विशेष पर बंद किया जाए।

उपजिलाधिकारी ने कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी विशेष निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने आयोजकों से यह भी कहा कि गर्मी और तेज धूप को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम समय पर शुरू किया जाए और उसे समय सीमा के भीतर समाप्त करने का प्रयास किया जाए। इस बैठक में सुनील मिश्रा, सतीश मिश्रा, राकेश नामदेव, उमेश सोनी, मनोज द्विवेदी, शंकरदयाल जयसवाल, विशाल मिश्रा, अशोक द्विवेदी, प्रशांत तिवारी, राकेश द्विवेदी, राजेश तिवारी, सुधीर वर्मा, सोनू मोदनवाल, भगवान दास सोनकर, दीपक जायसवाल, राजेश केशरवानी, रमेश केसरवानी, चुन्नू तिवारी सहित कई ग्राम प्रधान और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

देशी मदिरा की दुकान खोलने पर भड़की महिलाओं ने थाना और तहसील घेरा

● खरौना गांव के नाम पर आवंटित मदिरा की दुकान का नटौली में संचालन, जिम्मेदार बोले जानकारी नही थी

स्वतंत्र प्रभात

शाहगंज, जौनपुर। क्षेत्र के भादी स्थित नटौली रोड पर देशी शराब की दुकान खोलने को लेकर आक्रोशित महिलाओं ने थाने और तहसील का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है।भादी ग्रामसभा के हेनुआतर गांव में देशी शराब की दुकान खोलने की बात सुनकर गांव की महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए थाने व तहसील का घेराव कर क्षेत्राधिकारी को तहरीर देकर मामले से अवगत कराया।

गांव निवासी दीपक मौर्या ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि खरौना ग्राम सभा के नाम से देशी शराब की दुकान भादी ग्राम सभा में जोगिन्दर मौर्या के मकान में खोली जा रही है। जिस मकान में दुकान खुल रही है उसी मकान में किराए पर कमरा लेकर परिवार के साथ लोग रहते हैं।

उक्त रोड से गांव के बच्चे विद्यालय के लिए जाते हैं। ऐसे में गांव की महिलाओं ने देशी शराब की दुकान खुलने का विरोध किया। ग्रामीणों ने पुलिस और तहसील प्रशासन से मांग की है कि शराब की दुकान जिस गांव के नाम से आवंटित है उसी जगह पर खोली जाए।

बताते चलें कि उक्त मदिरा की दुकान का आवंटन सरकारी अभिलेखों में खरौना गांव के नाम पर है, लेकिन लंबे समय से इसका संचालन नटौली गांव में होता रहा। जिस स्थान पर दुकान थी, मकान मालिक द्वारा इस बार दुकान किराए पर देने से मना किया तो नए अनुज्ञापी द्वारा आबादी के रहाइशी इलाके में दुकान खोलने पर लोग आक्रोशित हो गए। मामले में आबकारी अधिकारी भीमचंद तिवारी ने बताया कि लगभग 20 वर्ष से खरौना गांव के नाम से आवंटित दुकान नटौली गांव में चल रही थी, जिसकी जानकारी लोगों के विरोध प्रदर्शन के बाद हुई। ग्रामीणों और दुकान संचालक के बीच बातचीत चल रही है। कुछ दिन में दुकान को खरौना गांव में स्थानांतरित कर दिया जाएगा, इसके लिए ग्रामीणों से एक सप्ताह का समय लिया गया है।प्रदर्शन करने वालों में कृष्ण चंद यादव, संतोष कुमार, चेतन, राजेश, राशिद, इंदल, राकेश, इश्तियाक, विष्णु, आकाश, नवनीत समेत भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

शराब पीने के लिए पत्नी द्वारा पैसा न देने पर पति ने पीट पीटकर मार डाला।

स्वतंत्र प्रभात

रामपुर। रामपुर थाना क्षेत्र के कोटिगांव में पत्नी से शराब का पैसा मांगने पर नहीं देने पर पति ने पत्नी को अर्धनग्न कर पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौत की पुष्टि के लिए महिला के शव को अस्पताल लेकर गई जहां डॉक्टर ने महिला की मौत बताया है। बताया जाता है कि कोटिगांव निवासी बच्चन गौतम शराब का आदी है और घर पर आए दिन पत्नी से मारपीट भी करता है। बुधवार की दोपहर सुबह उसकी पत्नी घर से 500 मीटर दूर जीतापुर गांव में गेहूं के कटाई करने के लिए गई थी। करीब 10ः30 बजे उसका पति बच्चन खेत पर पहुंचा और अपनी पत्नी मंजू देवी से दारु पीने के लिए पैसा मांगने लगा मंजू ने पैसा नहीं होने और घर पर चलकर देने की बात कही इसके बाद पति ने उसकी पिटाई करना शुरू कर दिया और उसका खेत में ही धोती उतार दिया अर्धनग्न होने के बाद ईट से पिटाई करने के बाद उसकी गेहूं की जड़ में घसीट घसीट कर पीटना शुरू किया । जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला मंजू देवी की मौत की पुष्टि के लिए सीएचसी ले गई, जहां पर डॉक्टर ने उसकी मौत होना बताया। पुलिस ने शराबी पति को गिरफ्तार कर लिया है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजने की तैयारी कर रही है। मृतक महिला के पास एक बेटी अलका 7 वर्ष बेटा निखिल 5 साल है।

संक्षिप्त ख़बरें

अठौवा गांव में हो रहा नाली नवनिर्माण कार्य चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट, जिम्मेदार मौन।

अहिरोरी/हरदोई। सूबे के मुखिया की मंशा है शहर से लेकर ग्रामीण अंचल में गंदगी न पनपने पाए हर ग्रामवासी के घर तक आवागमन के तहत रोड घर से निकल वाले पानी के लिए नाली या नाला निर्माण कार्य कराया जाए। जिस पर केंद्र राज्य सरकार लाखों रुपए खर्च कर सरकार का स्वच्छ भारत मिशन अभियान का सपना साकार हो सके। लेकिन ऐसा धरातल पर होता नजर नहीं आ रहा।बता दें विकास खंड अहिरोरी ग्राम पंचायत अठौवा में मनरेगा के तहत हो रहे नाली नवनिर्माण कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है वहां के ग्रामीण मीनू तिवारी, मुन्नी देवी,जय नारायन,भगवान बक्स,सत्य प्रकाश तिवारी, रामशरण, नीरज,जयराम, संतराम,रोहित सहित दर्जनों ग्रामीणों हो रहे नाली नवनिर्माण कार्य को लेकर नाराजगी जताई बताया है वहां के जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते नाली निर्माण कार्य में घटिया किस्म की सामग्री लगाई जा रही है। पीला ईट डस्ट बालू का उपयोग हो रहा है मौके पर लाल मोरंग मौजूद नहीं है। सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है यह आज बनकर तैयार होगी कल टूट जाएगी जिसका खामियाजा हम भोले भाले ग्रामीण को झेलना पड़ेगा। इसका जिम्मेदार कौन होगा। ग्रामीणों की मांग है नाली निर्माण कार्य मानक तरीके से कराया जाए। उपरोक्त मामले पर प्रधान व खंड विकास अधिकारी से संपर्क साधना चाहा लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। कार्य करवा रहे ठेकेदार ने बताया कार्य मनरेगा के तहत करवाया जा रहा है 300 मीटर नाली निर्माण कार्य होना है। में मौके पर गया हूं कार्य ठीक हो रहा है। नाली के नीचे बेड में पीला ईट लगाई गई है। ब्लॉक पर बैठे मनरेगा का कार्य देख रहे धर्मेंद्र से मामले पर बात की गई उनके मुताबिक पक्के काम की आईडी अभी अप्रूव्ड नहीं हुई है पुरानी भले हो। मामले पर सहायक विकास अधिकारी मेवालाल ने बताया यह कार्य क्षेत्र पंचायत या मनरेगा के तहत हो रहा है यह पत्रावली देखकर ही बता पाएंगे अगर मानक विहीन कार्य हो रहा है मौके पर जाकर देखते हैं।

ई-रिक्शा के कारण शाहाबाद के मुख्य मार्गों पर लगता है जाम, लोगों को करना पड़ रहा परेशानी का सामना

हरदोई शाहाबाद क्षेत्र में ई-रिक्शा की बढ़ती संख्या और बिना नियम-कायदे के संचालन से जाम की समस्या बढ़ रही है। बिना पंजीकरण के चलने वाले ई-रिक्शा, नाबालिग चालकों द्वारा संचालन, और सड़क पर कहीं भी खड़े हो जाने से यातायात बाधित हो रहा है। नगर के मुख्य मार्गों को जाम से छुटकारा नहीं मिल पा रहा। बाजार में ई रिक्शा अधिक होने से वाहनों की कतार लग जाती है। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जाम की समस्या लगातार बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदारों की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं मुख्य मार्ग चौक से लेकर बड़ी बाजार तिराहे तक जाम के झाम से छुटकारा नहीं मिल पा रहा है। नगर में रोजाना जाम की समस्या बनी रहती है।नगर के मुख्य मार्गा पर ई-रिक्शा ज्यादा चलने के कारण मुख्य बाजार में जाम रहता है । शाहाबाद में ई-रिक्शा की संख्या बढ़ने से सड़कों पर जाम लगने लगा है। कई ई-रिक्शा बिना पंजीकरण के सड़कों पर चलते हैं, जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान होता है और हादसों का खतरा बढ़ जाता है। कुछ ई-रिक्शा नाबालिगों द्वारा चलाए जाते हैं, जिससे सड़क पर दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। ई-रिक्शा चालक अक्सर सड़क पर कहीं भी खड़े हो जाते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है।ट्रैफिक पुलिस को ई-रिक्शा चालकों को तय रूट पर चलाने के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए। लोगों का सुझाव है कि नगर में ई-रिक्शा और ऑटो के लिए पार्किंग ज़ोन बनाने की आवश्यकता है। ई-रिक्शा चालकों को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। नियमों का उल्लंघन करने पर ई-रिक्शा चालकों पर जुर्माना लगाया जाना चाहिए। ई-रिक्शा की नियमित रूप से फिटनेस जांच होनी चाहिए। स्थानीय प्रशासन को ई-रिक्शा के संचालन को नियंत्रित करने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए।

जड़ भरत, अजामिल और प्रहलाद की कथा से दिया भक्ति श्रद्धा और त्याग का संदेश

हरदोई कथा में भक्तों ने जड़भरत, अजामिल और प्रहलाद की कथाएँ सुनकर आत्मिक आनंद का अनुभव किया। कथा व्यास श्री विमलेश त्रिवेदी ने शुरुआत में जड़भरत के त्याग और भक्ति के अद्भुत उदाहरणों को प्रस्तुत किया, जिनकी कथा सुनकर श्रद्धालुओं ने मनन किया कि वास्तविक भक्ति कैसे केवल भौतिकता से परे होती है। इसके बाद अजामिल की कहानी को सुनाते हुए कथा व्यास ने बताया कि कैसे एक साधारण जीवन जीते हुए भी उसने अपने अंतिम क्षणों में भगवान के नाम का स्मरण कर मोक्ष प्राप्त किया। यह कथा सुनकर श्रोताओं में यह संदेश गूंजा कि किसी भी परिस्थिति में भगवान का नाम लेना कितना महत्वपूर्ण है।प्रहलाद की कथा ने तो सभी का दिल जीत लिया। भक्तिभाव से भरे प्रहलाद ने दुष्ट पिता हिरण्यकश्यप के अत्याचारों के बावजूद अपनी भक्ति को बनाए रखा। इस कथा ने यह सिखाया कि सच्ची भक्ति हर कठिनाई का सामना कर सकती है।

माता दुर्गा की कृपा से जीवन में आते हैं सकारात्मक परिवर्तन : आचार्य राजपुरोहित मधुर महराज जी

..... अयोध्या के आचार्य राजपुरोहित मधुर महराज जी ने नव दुर्गा के स्वरूपों का किया वर्णन

स्वतंत्र प्रभात

विनीत कुमार मिश्रा

लखनऊ। नवरात्रि के पावन अवसर पर अयोध्या के प्रसिद्ध आचार्य राजपुरोहित मधुर महराज जी ने श्रद्धालुओं को संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि माता दुर्गा की आराधना और पूजन का समय है, जिसमें हमें अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया जाता है। आचार्य मधुर महराज जी ने कहा, नवरात्रि के दौरान हमें माता दुर्गा की शक्ति और उनके नौ रूपों की पूजा करनी चाहिए। ये नौ रूप हैं-

1. शैलपुत्री- माता दुर्गा का पहला रूप, जो पहाड़ों की पुत्री हैं।
2. ब्रह्मचारिणी- माता दुर्गा का दूसरा रूप, जो ब्रह्मचार्य की प्रतीक हैं।
3. चंद्रघंटा- माता दुर्गा का तीसरा रूप, जो चंद्रमा की तरह चमकती हैं।
4. कूष्मांडा- माता दुर्गा का चौथा रूप, जो कूष्मांडा नामक फूल से प्रसन्न होती हैं।
5. स्कंदमाता- माता दुर्गा का पांचवां रूप, जो स्कंद की माता हैं।
6. कात्यायनी- माता दुर्गा का छठा रूप, जो कात्यायन ऋषि की पुत्री हैं।
7. कालरात्रि- माता दुर्गा का सातवां रूप, जो कालरात्रि की तरह भयानक हैं।
8. महागौरी- माता दुर्गा का आठवां रूप, जो महागौरी की तरह शुद्ध और पवित्र हैं।
9. सिद्धिदात्री- माता दुर्गा का नौवां रूप, जो सिद्धि और शक्ति की प्रतीक हैं। आचार्य मधुर महराज जी ने कहा, इन नौ रूपों की पूजा करने से हमें माता दुर्गा की कृपा प्राप्त होती है और हमारे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं। आचार्य मधुर महराज जी ने नवरात्रि के अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह समय हमें अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने और माता दुर्गा की कृपा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है।

लखनऊ वक्फ बिल : पुलिस ने की चप्पे-चप्पे पर निगरानी, फ्लैग मार्च और फुट पेट्रोलिंग

..... डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल के नेतृत्व में मोहनलालगंज कस्बे में वक्फ बिल को लेकर पुलिस हाई अलर्ट, पेट्रोलिंग कर लोगों को कराया सुरक्षा का अहसास ।

..... एसीपी रजनीश वर्मा और इंस्पेक्टर अमर सिंह ने वक्फ बिल को लेकर पुलिस फोर्स के साथ किया फ्लैग मार्च ।

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ। बुधवार को राजधानी लखनऊ में वक्फ बिल को लेकर पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। लखनऊ क्षेत्र में पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस फोर्स अलर्ट मोड़ पर नजर आई , पुलिस फोर्स ने चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखते हुए क्षेत्रों में पेट्रोलिंग करते हुए सभी लोगों से संवाद स्थापित करते हुए शान्ति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है । वक्फ बिल को लेकर मोहनलालगंज, मऊ और सिसेंडी के इलाकों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल के नेतृत्व में एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा और इंस्पेक्टर अमर सिंह की अगुवाई में मोहनलालगंज कस्बे में हुए फ्लैग मार्च में भाग लिया । मोहनलालगंज से शुरू हुआ फ्लैग मार्च मऊ और सिसेंडी इलाकों में फुट पेट्रोलिंग के साथ आगे बढ़ा। एसीपी रजनीश वर्मा और इंस्पेक्टर अमर सिंह की मौजूदगी में पुलिस फोर्स ने क्षेत्र में पेट्रोलिंग की। इस दौरान डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल ने स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित किया और उन्हें शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है ।

पुरानी पेंशन बहाली की मांग का लेखपाल संघ ने किया समर्थन

लेखपालों ने काली पट्टी बांधकर कार्य कर जताया विरोध

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ, शाखा सरोजनी नगर ने मंगलवार को प्रदेश भर में अटेवा संगठन द्वारा पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाली की मांग को लेकर काली पट्टी बांधकर कार्य किया। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने कहा है कि वह पुरानी पेंशन बहाली की प्रबल मांग करता है। अतः प्रदेश के समस्त जनपदों की भांति जनपद लखनऊ की सभी तहसीलों के लेखपालो ने भी इस मांग के समर्थन में मंगलवार को अपनी बाँह पर काली पट्टी बांधकर कार्य किया। अटेवा द्वारा चलाए जा रहे पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन के समर्थन में प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्णय के अनुसार उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ शाखा सरोजनी नगर के सभी लेखपाल काली पट्टी बांधकर कार्य कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा मंत्री नीतू यादव अमृताजंली सिंह, उपमंत्री आशीष कुमार कनिष्ठ उपाध्यक्ष विश्राम कोषाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी व लेखपाल तहसील सरोजनी नगर उपस्थित रहे।

उपजिलाधिकारी से मिले आश्वासन के बाद तहसील बार एसोसिएशन ने समाप्त किया धरना

एसडीएम ने एसोसिएशन से समन्वय स्थापित का दिया आश्वासन

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ । सरोजनी नगर तहसील में विगत 21 मार्च से तहसील परिसर में जारी धरना प्रदर्शन उपजिलाधिकारी द्वारा सरोजनीनगर तहसील बार एसोसिएशन लखनऊ में चल रहे धरना स्थल पर पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं के मध्य एकसाथ बैठकर आपसी गिले शिकवे दूर करके, उपजिलाधिकारी द्वारा दिये गये आश्वासन पर धरना प्रदर्शन समाप्त किये जाने की घोषणा कमलेश प्रताप सिंह अध्यक्ष व महामंत्री राजेन्द्र यादव के संयुक्त हस्ताक्षर से जारी किया गया । सरोजनीनगर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश प्रताप सिह चौहान ने बताया कि संगठन के महामंत्री राजेन्द्र यादव व अन्य अधिवक्ताओं से उपजिलाधिकारी द्वारा अपने न्यायालय कक्ष में की जा रही अभद्रता से क्षुब्ध होकर,उपजिलाधिकारी के विरुद्ध तहसील परिसर में विगत 12 दिन से चल रहे धरना स्थल पर आज जब उपजिलाधिकारी पहुंचे तो उन्होंने अपने जाने-अनजाने कृत्यों पर खेद व्यक्त किया,उनके द्वारा आश्वासन दिया गया कि भविष्य में संगठन के किसी भी पदाधिकारी या अधिवक्ताओं में किसी असमंजस या भ्रम की स्थित उत्पन्न होती है तो सरोजनी नगर तहसील बार एसोसियेशन के साथ बैठकर ही उसका हल निकाला जाएगा, संतोषजनक हुई वार्ता पर संगठन के पदाधिकारी व अधिवक्तागणों ने राहत की साँस ली और तहसील के कार्यों की शुरुआत का संकल्प लिया ।

मुस्लिमों ने पुष्प वर्षा कर किया मूर्ति का स्वागत

स्वतंत्र प्रभात

बिसवां (सीतापुर)। लालपुर के मजरा गांव भुलभुलिया में बाबा कुटी पर स्थित श्री राम जानकी मंदिर के समीप नवनिर्मित श्री दुर्गा जी के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए लायी गयी श्री दुर्गा रानी की मूर्ति की बुधवार को भव्य मूर्ति मेलन शोभायात्रा निकाली गई। मूर्ति को रथ पर रखकर फूल मालाओं से सजा कर ढोल-नगाड़ों के साथ नाचते गाते, अबीर गुलाल लुटाते क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।इस शोभायात्रा में सैकड़ों धर्म प्रेमी श्रद्धालु शामिल हुए। जगह जगह गांवों में भक्तों ने मूर्ति की पूजा-अर्चना की और आरती उतारी। वृहस्पतिवार को प्राण प्रतिष्ठा होगी।? यह शोभायात्रा भुलभुलिया गांव की बाबा कुटी से चलकर पहले जगदीशपुर स्थित श्री बालाजी धाम गयी वहां से जैसे ही शोभा यात्रा लालपुर गांव पहुंची वैसे ही गांव के प्रमुख समाजसेवी एवं प्रसिद्ध जादूगर मुन्ना ने तमाम मुस्लिम व हिन्दू समुदाय के लोगों के साथ मिलकर प्राण प्रतिष्ठा के लिए ले जायी जा रही श्री दुर्गा रानी की मूर्ति एवं यात्रा में शामिल संतों व श्रद्धालुओं पर भारी पुष्प वर्षा कर यात्रा का जोरदार स्वागत किया।खूब अबीर गुलाल लुटाया और प्रसाद भी वितरित किया। यह यात्रा नीम खजूर देवस्थान होते हुए पुनः श्री राम जानकी मंदिर भुलभुलिया पहुंची। इस दौरान इस मूर्ति मेलन यात्रा में नैमिषारण्य धाम से पधारे जीवन लाल शास्त्री के अलावा शिवकुमार वर्मा, दृगराज वर्मा, अवधेश वर्मा, राम खेलावन वर्मा, सलमान खान, शीबू खान, मायाराम वर्मा, खुशी राम वर्मा, माठू खां,मुजीब खां, मुनीम चौहान, ओमकार चौहान, लल्लन ठेकेदार , जलालुद्दीन, राजेन्द्र वर्मा, बुद्ध सागर गौतम, श्याम बिहारी शुक्ला,गंजरहू, सहकरन चौहान व कल्यान वर्मा सहित दर्जनों महिलाएं शामिल रहीं।

कवि सम्मेलन का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

शाहजहांपुर- उप कृषि निदेशक के निर्देश पर विषय वस्तु विशेषज्ञ सदर एवं बीज भंडार प्रभारी भावलखेड़ा की देखरेख में फसलों की औसत उपज और उत्पादन के आंकड़ों के संकलन को लेकर विकासखण्ड भावलखेड़ा के ग्रामपंचायत सुतनेरा में गेहूं की फसल कटाई की स्थिति का जायजा लिया। बीज भंडार प्रभारी ने सुतनेरा के कृषक बांके लाल के खेत में 43.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के 10म10म10 मीटर का समबाहु त्रिभुज का प्लॉट बनावाकर सीसीई एग्री ऐप के माध्यम से फसल की क्रॉप कटिंग कराई। इसके बाद उन्होंने गेहूं की पिटाई कराकर उसकी तौल भी कराई, जिसमें 22.800 किलो ग्राम की फसल प्राप्त हुई। बीज भंडार प्रभारी ने क्षेत्र के सुतनेरा गांव में क्रॉप कटिंग के निरीक्षण के दौरान फसल नपाई, कटाई, सीसीई एग्री ऐप पर ऑनलाइन फीडिंग आदि बिंदुओं की जानकारी बीमा कंपनी के जिला प्रबंधक शमी आलम से ली।बीज भंडार प्रभारी द्वारा किसान बन्धुओं से आग्रह किया कि किसान अपनी फसलों का बीमा अवश्य कराए।इस अवसर पर क्षेत्रीय लेखपाल ऊषा,राजस्व निरक्षक राम स्वरूप व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर मासूम झुलसा, गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर

लालगंज (रायबरेली)। कोतवाली क्षेत्र के नरपतगंज मजरे भीरा गोविंदपुर गांव में बुधवार को छत के ऊपर से जा रही हाई टेंशन लाइन (11केवी) की चपेट में आकर एक मासूम बुरी तरह से झुलस गया। उसे फौरन इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जतुआ टप्पा ले जाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। झुलसे मासूम दीपांशु(7) की माँ ने बताया कि उनके घर के बगल से हाई टेंशन लाइन गई है। खेलते खेलते उसका बेटा पड़ोस के निर्माणाधीन भवन की छत पहुंच गया। जहां छत के ऊपर से जा रही हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर वह बुरी तरह से झुलस गया। बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है।

झाड़ियों में मिली नवजात बच्ची, महिला ग्राम प्रधान ने पहुंचाया अस्पताल, इलाज जारी

मितौली खीरी, 2 अप्रैल। मितौली क्षेत्र में झाड़ियों में नवजात शिशु मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। थाना मैगलगंज के अंतर्गत ग्राम ढाखा में बुधवार की सुबह ग्रामीणों द्वारा नवजात जीवित शिशु देखे जाने से हड़कंप मच गया। महिला ग्राम प्रधान व उनके पति द्वारा नवजात शिशु को एंबुलेंस से स्वास्थ्य केंद्र मितौली लाया गया। जहाँ चिकित्सकों द्वारा बच्ची का इलाज किया जा रहा है। वंही गांव के ही कुछ लोग बच्ची को गोद लेने की भी पेशकश कर रहे हैं।

लेखपाल और कानून को के संरक्षण में गांव के दबंग वृद्ध दमपति की जमीन बंदूक नोक पर कब्जा करने के फिराक में

● प्रशासन की उदासीनता के चलते न्याय न मिलने पर राजभवन के सामने आत्महत्या करने का बनाया विचार

स्वतंत्र प्रभात

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। कोतवाली गोला क्षेत्र के ग्राम सकेथू निवासी एक बुजुर्ग दमपति की पैत्रक जमीन को गांव के ही कुछ दबंग लोगों द्वारा षड्यंत्र के तहत बंदूक की नोक पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। न्याय न मिलने पर राज्यपाल भवन पर पूरे परिवार सहित आत्महत्या करने पर विचार करते हुए महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्रौपदी मुर्मू को पत्र भेजकर दबंग से सुरक्षा कराए जाने की मांग की गई है। जिसकी प्रतियां प्रधानमंत्री , महिला आयोग, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजी गई है।

महामहिमा राष्ट्रपति महोदया को भेजे गए पत्र में रामदुलारी मिश्रा पत्नी राजेंद्र प्रसाद निवासिनी ग्राम सकेथु तहसील व ब्लॉक लखीमपुर जिला खीरी ने कहा है कि उसके पति राजेंद्र प्रसाद की आयु लगभग 80 वर्ष हो चुकी है और फालीस के मरीज है। उसी गांव के विपक्षी तरुण कुमार व उमेश कुमार, ब्रजेश कुमार, दिनेश कुमार पुत्र गण बाबू राम व राहुल पुत्र वीरेंद्र, आदि लाइसेंसी बंदूक की नोक से ओक्षेत्रीय लेखपाल लाल बहादुर, पैला कानून गो शंकर स्वरूप से सांठ गांठ करके हमारे पति के पैतृक खेत गाटा संख्या 426,424 ग्राम कोडारी थाना कोतवाली गोला के खेत को लंबा पैसा देकर हमारी जमीन पर जबरदस्ती बंदूकों की नोक से कब्जा करने का का आरोप लगाया।पीड़ित बुजुर्ग महिला कहा है कि दिनांक 21 मार्च 2025 तक न्याय न मिलने पर द्रोपदी मुर्मू राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मुख्य न्यायाधीश, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ,जिला अधिकारी खीरी, पुलिस अधीक्षक खीरी को चेतावनी दी थी यदि अगर हमारे खेत में मेडबंदी की गई तो लखनऊ राज्यपाल के भवन पहुंचकर पति सहित पूरा परिवार आत्महाद करने पर विचार करूंगी।

इसके बावजूद विपक्षी गण दिनांक 31 मार्च 2025 को हम और हमारे लड़के सुबह तीन बजे अपने खेत में गन्ना बोने के लिय गई तभी विपक्षी तरुण कुमार अपनी लाइसेंसी दुनाली बंदूक लेकर उपरोक्त साथियों के साथ खेत पर आ धमके थे।100 नंबर को फोन किया कोई परिणाम नहीं निकला बल्कि एलानिया कहा यदि तुम लोग खेत में गन्ना बोयेंगे तो तुम्हारे परिवार को बंदूक द्वारा जान से मार देने का ऐलान करते हुए कहा गया कि सारी जमीन पर कब्जा कर लेंगे। विपक्षी तरुण कुमार ने कहा इसी बंदूक से हमारे पिता बाबू राम ने तुम्हारे जेष्ठ दरवारी लाल को गांव सकेथु में दौड़ा दौड़ा कर जान से मार दिया था।

पीड़ित वृद्ध महिला ने कहा कि क्षेत्रीय लेखपाल लाल बहादुर, ने दलाली करने के लिए अपनी मोटर साइकिल तरुण कुमार को दे दी है। गांव में ग्राम समाज की जितनी जमीन , चक रोड, दबंग लोगों से जुतवाकर पैसा लेते है। ग्राम सकेथु में घरोनी नहीं बांटी गई है।

अंबेडकर पार्क, ग्राम सकेथु के स्कूल की जगह पर कब्जा करवा रखे है। पैला कानून गो शंकर स्वरूप, के तहसील लखीमपुर से न हटाया गया और इनको बर्खास्त न किया गया और तरुण की बंदूक का लाइसेंस रत्न किया गया तो मै मजबूर होकर अपने पति सहित पूरे परिवार के साथ लखनऊ राज्यपाल भवन पहुंच कर पांच पांच लीटर पेट्रोल डाल कर आत्मदाह करने पर विचार करूंगी। जिसकी जिम्मेदारी , शासन व प्रशासन की होंगी। हमारी जमीन को कोतवाली प्रभारी गोला व थाना हैदराबाद जिला अधिकारी खीरी पुलिस अधीक्षक खीरी की देख रेख में जमीन जुतवाई बोवाई कराए जाने की मांग की है।

अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश दिलाने को सड़क पर भटकती मिली तो विधवा बहने

स्वतंत्र प्रभात

बरेली/नवाबगंज के गांव अदकटा नजराना मैं स्थित अटल आवासीय विद्यालय जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री द्वारा किया गया इसी विद्यालय में अपने बच्चों को प्रवेश दिलाने के लिए ममता पत्नी गिरवर लाल निवासी इनायत पुर रजनी पत्नी रोशन लाल निवासी कल्याणपुर दोनों सगी बहनें हैं दोनों विधवा भी हैं इनमें एक विधवा के साथ विकलांग भी है दोनों बहने अपने बच्चों का अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश करने के लिए आई थी।

परंतु उनकी नहीं सुनी गई अंत में दोनों बहन मुख्यमंत्री के चले जाने के बाद मायूस होकर अपने घरों को वापस लौटी सड़क पर मिली उन्होंने बताया वह दोनों सगी बहनें हैं दोनों विधवा हैं परंतु उनके बच्चों का प्रवेश किसी कारणवश इस विद्यालय में नहीं हो सका उनके अनुसार उनकी पैरवी भी करने वाला कोई व्यक्ति नहीं है। इसलिए उनके बच्चों का प्रवेश नहीं हो सका इधर मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की गई इस विद्यालय में उनके बच्चों को प्रवेश मिलेगा जो अपनी संतान को पढ़ने में सक्षम नहीं है इसके बाद भी इन दोनों महिलाओं को अपने बच्चों का प्रवेश कराने का अवसर इस अटल आवासीय विद्यालय में प्राप्त नहीं हुआ वह अपना दर्द को वह मुख्यमंत्री के लिए आई थी परंतु

उनको किसी ने भी मिलने नहीं दिया अंततः में वापस लौट गई। श्री मान जी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की खबर कल की रुकी है उसे आज लगा देना

बच्चों को किताबें खरीदने में दुकानदार पूरा सेट लेने के लिए ना करें मजबूर - डीएम

स्वतंत्र प्रभात

शाहजहांपुर/ जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों दूरभाष पर वार्ता कर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन के दौरान अभिभावकों द्वारा शिकायते प्राप्त हुयी की निजी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों की किताबें व कापियों के पूरे सेट एक साथ खरीदने हेतु बाध्य किया जा रहा है। अभिभावकों ने शिकायत में बताया कि वह पूरा सेट एक साथ खरीदने में आसमर्थ है परन्तु विक्रेता द्वारा उन्हे पूरा सेट खरीदने हेतु मजबूर किया जा रहा है। अभिभावकों ने बताया कि उन्हे आवश्यकतानुसार किताबे नहीं दे रहे हैं।

जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि किताब बेचने वाले दुकानदार यह सुनिश्चित करें कि अभिभावकों के सामर्थय के अनुसार बच्चों को जिस किताब की आवश्यकता हो वह किताब अलग से भी देना सुनिश्चित करें। यदि वह पूरा सेट नही लेना चाहते तो दुकानदार उन्हे पूरा सेट लेने हेतु बाध्य नही कर सकते। जिन विक्रेताओं की शिकायतें प्राप्त हुयी उन्हे जिलाधिकारी ने तत्काल

कार्यालय में बुला कर कड़ी फटकार लगते हुये चेतावनी दी। जनपद मे किसी भी दुकानदार की यदि ऐसी कोई शिकायत अब प्राप्त होती है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

बनने के 6 माह बाद ही ध्वस्त हो गई मानक विहीन इंटरलॉकिंग

● मामला विकासखंड बेहजम की ग्राम पंचायत बनिका का है

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी प्रधान और पंचायत की मिली भगत से मानक विपरीत गुणवत्ता विहीन इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य कर कर सरकारी धन का बंदर बांट कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है ग्रामीणों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान ने मिली भगत करके जमकर सरकारी धन की लूट का खेल खेला जा रहा है ऐसा नहीं इस भ्रष्टाचार की जानकारी खंड विकास अधिकारी बेहजम को नहीं है सब कुछ जानने के बाद भी सभी अपना-अपना हिस्सा लेकर अंजान की भूमिका में नजर आ रहे हैं इसकी बानगी स्वास्थ्य केंद्र बनिका का गांव के दक्षिण लगवाई गई इंटरलॉकिंग आज बनने के 6 माह बाद पूरी तरह उखड़ गई है ईट बिखरी हुई देखी जा सकती है जो मानक विपरीत गुणवत्ता विहीन निर्माण की पोल खोलने को काफी है ग्रामीणों की माने तो उक्त इंटरलॉकिंग के निर्माण में एजिंग नहीं बनवाई गई और ना ही इंटरलॉकिंग में रोडा ही डलवाया गया इतना ही नहीं बॉक्सिंग में पीला ईट का प्रयोग करने के साथ-साथ चुनाई केवल बालू से करवाए जाने के आरोप लगाए हैं यदि मामला की कराई जाए निष्पक्ष जांच तो एक बड़ा गड़बड़ झाला आएगा सामने इस संबंध में जब खंड विकास अधिकारी बेहजम नीरज दुबे से उनके मोबाइल नंबर 9454 4653 93 पर संपर्क कर जानकारी चाहने का प्रयास किया गया तो घंटी बजती रही साहब का फोन ना उठने के चलते कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी।

विधानसभा में शाहजहांपुर के ललित हरि मिश्रा ने रखे अपने विचार

स्वतंत्र प्रभात

शाहजहांपुर/युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय भारत सरकार के माई भारत अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र संगठन उत्तर प्रदेश व एन एस एस द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2025 का आयोजन 28 व 29 मार्च को विधानसभा भवन, लखनऊ में हुआ।

कार्यक्रम में जनपद शाहजहाँपुर के ग्राम आटा खुर्द निवासी विनय कुमार के पुत्र ललित हरि मिश्रा का भी चयन हुआ। उन्होंने संविधान के 75 वर्ष = अधिकारों कर्तव्यों और प्रगति की यात्रा विषय पर अपने विचार सदन में व्यक्त किए। उन्होंने विधानसभा में देश के कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी अपनी राय दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी

आदित्यनाथ, विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना, युवा कल्याण विभाग के मंत्री गिरीश चंद्र यादव, राज्य निदेशक नेहरू युवा केंद्र संगठन उ0प्र0 महेंद्र सिंह सिसोदिया, राज्य सम्पर्क अधिकारी डॉ मंजू सिंह, जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र शाहजहाँपुर मयंक भदौरिया सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। इस दौरान विभिन्न युवा प्रतिभागियों ने अपना अपना उद्बोधन दिया।

29 मार्च को समापन समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय व निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में विधायक अनुपमा जायसवाल, विधायक नीरज बोरा, सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान के मार्गदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

ग्राम प्रधान ने कब्जाई सरकारी जमीने

● आंगनबाड़ी केंद्र और स्वास्थ्य केंद्र के पास पड़ी विद्यालय की आरक्षित जमीन पर प्रधान का कब्जा

आरसीसी सेंटर के अगल-बगल रास्ता की जमीन पर बना रहे प्रधान जी के मकान -आरोप

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी तहसील की ग्राम सभा बनिका विकासखंड बेहजम के प्रधान अजब गजब करनामें खुलकर सामने आए हैं इन जनाब के कारनामों की लंबी फेहरिस्त ग्रामीणों ने उजागर करते हुए ग्राम पंचायत के विकास को आने वाले सरकारी धन की जमकर लूट किए जाने के आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए गए हैं आईये इनके द्वारा किए गए कारनामों पर एक नजर डालने के लिए हम आपको विकासखंड बेहजम की ग्राम पंचायत बनिका गांव ले चलते हैं जहां के दबंग प्रधान द्वारा लेखपाल से सांठ घाट करके विद्यालय के नाम राजस्व विलेखो में दर्ज जमीन पर अवैध कब्जा करके नीवं भरवा दिए जाने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं इतना ही इन जनाब द्वारा आरसीसी सेंटर के बगल में दोनों तरफ पड़ी रास्ते के नाम पर आरक्षित जमीन पर अवैध कब्जा करके आलीशान इमारतें खड़ी की जा रही है और क्षेत्रीय लेखपाल व तहसील मौन साधे बैठा है जैसे उसको इस अवैध कब्जा की भनक ही ना लगी हो उक्त मामले के मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को शिकायत भेज कर अवैध कब्जा हटवाए जाने और सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर उसे पर पक्का निर्माण करने तथा कागजों पर विकास की गंगा बहाकर सरकारी जमीन खजाने को चपत लगाने वाले ग्राम प्रधान के विरुद्ध जांच टीम गठित कर जांच कराए जाने रास्तों पर रीपर चला कर सड़क बराबर कर फर्जी हाजिरी भर घोटाला करने के आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए गए हैं

मामले की उच्चस्तरीय जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है उक्त के संबंध में जब एसडीएम मितौली से उक्त मामले पर जानकारी चाहिए गई तो उनका मोबाइल बंद होने के चलते उनके पक्ष की जानकारी नहीं हो सकी जब तहसीलदार मितौली नंबर पर 94541 8922 पर कॉल कर संपर्क किया गया तो उनका मोबाइल नेटवर्क क्षेत्र के बाहर होने के कारण कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी

रेलकोच फैक्ट्री में कंप्यूटर ऑपरेटर की नौकरी के नाम पर युवकों से ठगी

स्वतंत्र प्रभात

लालगंज (रायबरेली)। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में निजी कंपनी में कंप्यूटर ऑपरेटर की नौकरी के नाम पर कई युवक युवतियों से ठगी की गई। आरोपियों ने युवकों से अनुभव प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर ढाई ढाई हजार रुपए ठग लिए। 26 मार्च को जब युवक नियुक्ति पत्र लेने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना पहुंचे तब उन्हें अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला। नगर के स्टेशन रोड मोहल्ला निवासी शैलेंद्र, पूरे देवी मोहल्ला की रागिनी, शांती नगर के संजय ने बताया कि आरोपी खुद को आरेडिका का कर्मचारी बताकर उन्हें कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर नौकरी देने के नाम पर व्हाट्सएप के जरिए शैक्षिक कागजात मंगाए। अनुभव नहीं होने पर उनसे अनुभव प्रमाण पत्र बनवाने के लिए क्यूआर कोड भेज कर ढाई हजार रुपए

मंगा लिए। उन्हें 26 मार्च को आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के गेट नंबर तीन पर मिलने के लिए कहा। पीड़ितों ने बताया कि जब वे लोग मौके पर पहुंचे तो वहां पर तीस से पैंतीस युवक पहले से खड़े थे। जिनमें कस्बा सहित बछरांवा, अमेठी, रायबरेली डलमऊ के युवक युवतियां शामिल थे। गेट पर देर तक इंतजार के बाद जब कोई नहीं आया तो फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया। थोड़ी देर बाद आरोपियों के फोन स्विच ऑफ आने लगे। तब उन्हें अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला। पीड़ित युवकों ने बताया कि उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी है। इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। तहरीर मिलने पर जांच की जाएगी।

इनकी भी सुनिए

सोशल मीडिया के जरिए सुनने में आया है घटना रेल कोच फैक्ट्री परिसर के बाहर की है फिर भी पूरे प्रकरण पर विजिलेंस टीम नजर बनाए हुए हैं। अनिल कुमार श्रीवास्तव पीआरओ, एमसीएफ

पत्रकार पर अवैध तरीके से प्रशासन की मिलीभगत से लिखा मुकदमा

● ब्लाक का कंप्यूटर ऑपरेटर जो एक ही ब्लाक पर दस से बारह साल से तैनात

ब्लाक के कंप्यूटर ऑपरेटर को प्रशासन का कही संरक्षण तो प्राप्त नहीं

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी मामला ब्लाक बिजुआ का है लखीमपुर के पत्रकार दीपक पंडित यूपी खबर के पत्रकार हैं जो काफी समय से बिजुआ ब्लाक मे हुए भ्रष्टाचार पर प्रमुखता से प्रकाशित करने का कार्य कर रहे थे इस खबर को लेकर कई बार उन आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला जारी रहा वही बिजुआ ब्लाक मे कंप्यूटर आपरेटर के पद पर तैनात व्यक्ति जो कि दस से बारह से एक ही ब्लाक तैनात है उक्त कर्मचारी प्रशासनिक अधिकारीयो का इतना खासम खास की उसके एक बार कहने से ही बिजुआ पुलिस द्वारा आनंन फानन में ही सुनियोजित व योजनाबद्ध तरीके से मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया जाता है कहां गए हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री व सुप्रीम कोर्ट के वह आदेश जो पत्रकार के ऊपर मुकदमा लिखा जाने से पहले विवेचना कर जब तक पत्रकार पर दोष सिद्ध ना हो जाए तब तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकती और ना ही मुकदमा लिखा जा सकता है।

लखीमपुर खीरी के प्रशासन के आगे सुप्रीम कोर्ट व मुख्यमंत्री के आदेशों को धता बताते हुए इस देश के चौथे स्तंभ को निसंदेह नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं कई प्रकरण ऐसे भी रहे हैं जिन में कई पत्रकारों को अपने प्राणों की आहुति देनी पड़ी क्या निस्वार्थ भाव से सेवा करना ही उनका काल बनता जा रहा है यदि मुख्य रूप से भ्रष्टाचार की खबरों को प्रकाशित करने की सजा यह है यही नहीं सालों से पत्रकारों पर होते हमले और हत्याकांड कभी सरकार को नजर नहीं आते न्याय के नाम पर सहानुभूति का मरहम लगा दिया जाता है आपको ले चलते हैं पलिया के अमृत विचार के पत्रकार शिशिर शुक्ला ने 2023 में एक कबाड़ी की दुकान पर ट्रक में प्राइमरी और जूनियर सरकारी स्कूलों की किताबों को ट्रक पर लोड होते हुए देखा और संबंधित अधिकारी को सूचना दी जिसके चलते उनके ऊपर 420 का मुकदमा पंजीकृत किया गया इसी तरह की दूसरी घटना सीतापुर महोली तहसील से पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई ने धान माफिया के खिलाफ ईमानदारी से खबर छापने के कारण उनकी हत्या कर दी गई और सामाजिक रूप से उनके चरित्र को ठेस पहुंचने का कार्य शासन प्रशासन ने किया इसी तरह अनगिनत पत्रकारों पर फर्जी मुकदमे दर्ज होते रहे और कोई सुनवाई नहीं हुई जब भी कोई भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रमुखता से खबर को प्रकाशित करता है शासन प्रशासन और माफिया का दबाव पत्रकार के ऊपर चारों तरफ से होता है और धमकियां भी मिलती है जब पत्रकार शासन प्रशासन और माफिया के आगे नहीं झुकता है तो फर्जी मुकदमे लिखवा कर जेल भेज दिया जाता क्या यही है पत्रकारों का जीवन है या फिर सुप्रीम कोर्ट और यूपी सरकार प्रशासनिक अधिकारियों के आगे है नतमस्तक यूं ही चलता रहेगा चौथे स्तंभ का दमन यूपी सरकार के मुखिया के आदेशों के बावजूद व सुप्रीम कोर्ट के आदेश का कोई असर प्रशासनिक अधिकारियों पर दिखाई नहीं देता धनबल के आगे यह सारे आदेश बेकार है।

प्रदीप सिंह को निघासन सिविल बार एसोसिएशन ने किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात

निघासन खीरी। निघासन सिविल बार एसोसिएशन के कार्यालय सिविल कोर्ट परिसर निघासन में उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सह अध्यक्ष व सदस्य प्रदीप सिंह को सम्मानित किया गया। प्रदीप सिंह ने उत्तर प्रदेश बार काउंसिल से निघासन सिविल बार के अधिवक्ता सोने लाल व अवधेश कुमार मौर्य को पंद्रह-पंद्रह हजार रुपए चिकित्सा सहायता के चेक भी प्रदान किये। इस अवसर पर सह अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने सिविल बार एसोसियन के अस्थाई कार्यालय का फीता काटकर शुभारंभभी किया। संघ के अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता उपाध्यक्ष, मो. आमीन व रवि गुप्ता, संयुक्त मंत्री हरिओम बाथम, दौपचंद गुप्ता ने उन्हें स्मृति चिन्ह वह अंगवस्त्र भेंट किया। इस अवसर पर प्रदीप सिंह ने निघासन सिविल बार एसोसिएशन को उत्तर प्रदेश बार काउंसिल से हर संभव सहायता दिलाने का हरसम्भव आश्वासन दिया और जल्दी ही संघ के अध्यक्ष के अनुरोध को स्वीकार कर सिविल बार संगठन को ई-लाइब्रेरी भी प्रदान करने की घोषणा की। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता सुबोध पांडे, राहुल गुप्ता, रामगोपाल, चंद्रकेश, आत्मा कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, अनिल गुप्ता, उपेंद्र कश्यप, अमित कुमार, आशीष

कश्यप, आत्मा निषाद अमेरिका राठौर, राम जी राणा, रामकुमेश, दीपक गिरी, धर्मेश यादव, पंकज यादव व सतेंद्र पाण्डेय सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

न0पा0अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने विधिवत पूजा अर्चना कर मेला चैती कार्यालय का किया उद्घाटन

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने अधिशाषी अधिकारी सुरेन्द्र कुमार के साथ मेला चैती के कार्यालय का शुभारंभ पं0 लवकुश शास्त्री द्वारा मंगलवार को विधिवत पूजन करा कर करवाया गया। बताते चलें कि इसी मेला चैती कार्यालय से 04 अप्रैल 2025 से 19 अप्रैल 2025 तक होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रशासनिक व्यवस्था के साथ नगर पालिका परिषद की विभिन्न गतिविधियों का संचालन निष्पादित किया जाएगा।इस अवसर पर नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा, कुम्भी मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार, सभासद हरिओम वर्मा, राजेश वर्मा, धर्मेन्द्र बाल्मीकि, अल्लू सैनी, आशीष अवस्थी, नानक चन्द्र वर्मा, सौरभ तिवारी,धर्मेंद्र जायसवाल, धर्मेन्द्र तिवारी, रज्जन खाँ ,कफील अहमद, रियाजुद्दीन, भोली गिरि ,दानिश राइन,सुरेश जायसवाल, साहिद अंसारी, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा,वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, मोहित अवस्थी, सहित पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

संक्षिप्त ख़बरें

2 मीरजापुर टीचर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में मझवा टाईगर ने जमालपुर सुपर किंग को हराया

सीखड़, मीरजापुर । बेसिक शिक्षक क्रिकेट एसोसिएशन मीरजापुर के तत्वावधान में मिनी स्टेडियम मेड़िया सीखड़ के ग्राउंड में चल रहे क्रिकेट प्रतियोगिता के दुसरे दिन टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मझवा टाईगर ने निर्धारित 10ओवर में 138रन का लक्ष्य जमालपुर सुपर किंग के सामने रखा। जबाब में उतरी जमालपुर सुपर किंग ने निर्धारित 10ओवर में 129रन बना सकी।इस मैच में मझवा टाईगर 9रन से विजई रही। वहीं दुसरा मुकाबला राजगढ़ रायल्स और सीखड़ पैन्थर्स के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए राजगढ़ रायल्स ने निर्धारित 10ओवर में तीन विकेट खो कर 97रन बनाई वहीं जबाब में उतरी सीखड़ पैन्थर्स ने 7विकेट खो कर महज 96रन पर सिमट गई।इस मैच में राजगढ़ रायल्स 7विकेट से विजई घोषित हुई।

मौजी जीयरा एसोसिएशन द्वारा हिंदु नव वर्ष पर बिरहा का आयोजन

चुनार, मिर्जापुर। हिन्दू नव वर्ष के अवसर पर मंगलवार की शाम मौजी जीयरा एसोसिएशन द्वारा बालूघाट स्थित साहित्य संत धाम पर बिरहा कार्यक्रम आयोजित किया गया। बिरहा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर आयुक्त विंध्याचल मंडल डा.विश्राम ने मौजी जीयरा एसोसिएशन के अध्यक्ष कुशवाहा दीप मौर्य व सहयोगी द्वारा बनाए गए सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन फीता काट कर किया। इसके पूर्व नगर के साहित्यकार राजन ने अपने काव्य पाठ से स्वागत किया।हिंदू नव वर्ष के अवसर पर आयोजित बिरहा कार्यक्रम में बिरहा गायक राजेश यादव चुनार व पूजा रानी बंगाली बंगाल के द्वारा एक से बढ़कर एक लोकगीत, होली गीत आदि प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर तहसीलदार योगेंद्र शरण शाह, मेजर कृपा शंकर सिंह, कुशवाहा दीप मौर्य, नैनागढ़ महोत्सव समिति के अध्यक्ष दिनेश पटेल, सूर्यबली यादव, विभूति यादव, सत्यवान श्रीवास्तव, सभाजीत सिंह, शीतला प्रसाद यादव, विक्की गुप्ता, अफसर अली सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सिर्फ मेला सम्पन्न कराना जिम्मेदारी नहीं है बल्कि मेले के माध्यम से मानवता का संदेश भी दिया जा रहा है

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन जी ने पुरानी वी आई पी मार्ग के सीढ़ी के नीचे एक परिवार बैठकर आराम कर रहे थे इसी दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन जी ने उन लोगों को वहां से उठवाकर अच्छे स्थान पर आराम करने के लिए ले जाती है

मीरजापुर। अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल जी ने जहां झांकी दर्शन का निरीक्षण कर जैसे ही नीचे उतरते है वैसे ही राधेश्याम पुत्र शिव प्रसाद ग्राम वहीदा, थाना गोपीगंज जनपद भदोही निवासी हृदय रोग से पीड़ित थे जो अपने बुजुर्ग पत्नी के साथ नीचे बैठे थे। दर्द से छटपटा रहें थे। इसी दौरान उनकी नजर जब राधेश्याम के ऊपर गया तो वह खुद उनके पास जाकर उनकी स्थिति के बारे में जाना तो उन्हें वहां से खुद उठाकर इंट्रेस प्लाजा के पास चबूतरे पर बैठा कर तत्काल चिकित्सक को बुलाकर उनके इलाज के लिए दवा और इलाज के लिए निर्देश दिए।ऐसे ही पूरे मेला क्षेत्र में सेवा भाव का कार्य किया जा रहा है। जिससे दूर से आए श्रद्धालुओं द्वारा एक अच्छा संदेश जा रहा है।

अदलपुरा शीतला धाम पर लगातार उमड़ रही है श्रद्धालुओं की भीड़

● चुस्त प्रशासनिक व्यवस्था से बिना परेशानी श्रद्धालुओं के लिए सुगम हो रहा है दर्शन पूजन।

स्वतंत्र प्रभात

सीखड़ ,मीरजापुर। विकासखंड सीखड़ के अदलपुरा स्थित बड़ी शीतला माता धाम में नवरात्र के इन दिनों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगातार बनी हुई है। जिला प्रशासन के द्वारा लोगो को सुगमता से दर्शन पूजन कराने के लिए क्षेत्रीय अधिकारियों सहित पुलिस प्रशासन की टीम लगातार मंदिर परिसर पर तैनात की गई है। मीरजापुर सहित वाराणसी, चन्दौली, भदोही आदि जनपदों के साथ हीं बिहार से भी काफी संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए लगातार यहां पहुंच रहे हैं जिससे श्रद्धालुओं की भारी संख्या का दबाव मंदिर परिसर के आसपास लगातार बना हुआ है। बुधवार को भी करीब एक? लाख की अनुमानित भीड़ मंदिर पर दर्शन पूजन के लिए पहुंची। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए यहां कंट्रोल में बैठकर अधिकारी सीसीटीवी कैमरे व अलाउंस के माध्यम से लगातार निगरानी कर रहे हैं। कंट्रोल रूम के पास ही खोया पाया केंद्र भी बनाया गया है। गंगा स्नान के लिए प्रशासन के द्वारा गंगा में बांस बल्ली के सहारे बैरिकेडिंग बनवाई गई है जिससे कोई श्रद्धालु गहरे पानी में न जाने पाए साथ ही वहां महिला पुलिस बल भी तैनात की गई है। इसके अलावा वहां छांव के लिए टेंट , और कुर्सियां भी लगवाई गई है।

भारी संख्या में पुलिस बल है तैनात।

नवरात्र मेला के अवसर पर क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव व चुनार थाना प्रभारी रविन्द्र भूषण मौर्य मेला परिसर पर लगातार पहुंच कर प्रशासनिक व्यवस्था को देख रहे हैं। इसके साथ ही मंदिर पर तीन शिफ्ट में तीन थाना प्रभारी के साथ हीं कुल 120 पुलिस कर्मियों की टीम जिसमें होमगार्ड वह पीएसी भी शामिल हैं, मेला व्यवस्था की देखरेख में वहां लगातार तैनात की गई है। अलग अलग प्वाइंट पर इन पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। तहसील स्तर पर नायब तहसीलदार कल्पना को नोडल अधिकारी बनाया गया है और तीन शिफ्ट में दो राजस्व निरीक्षक व दो लेखपाल की टीम मंदिर परिसर पर तैनात की गई है

स्वास्थ्य विभाग की टीम भी है तैनात।

श्रद्धालुओं को तुरंत उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग की तरफ से एक डाक्टर के साथ तीन लोगों की टीम मंदिर परिसर पर अस्थाई रूप से बनाए गए अस्पताल रूम में तैनात की गई है जहां श्रद्धालुओं को प्रारंभिक उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है । ब्लाक मुख्यालय सीखड़ की तरफ से चार सचिवों के साथ हीं 75 सफाईकर्मी दो शिफ्ट में लगातार काम कर रहे हैं। इसके अलावा श्रद्धालुओं के लिए चार पानी की टंकियां अलग अलग जगह रखवाई गई है जहां जल निगम से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। पानी की चार टंकियां है।

विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल के तत्वाधान में निकली भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा

स्वतंत्र प्रभात

चुनार, मिर्जापुर। विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के तत्वाधान में श्रीराम जन्मोत्सव की भव्य शोभायात्रा सोमवार को रेलवे स्टेशन स्थित अति प्राचीन हनुमान मंन्दिर से निकाली गई।शोभायात्रा नगर के दरगाह शरीफ, सरायटेकौर, नकास , लालदरवाजा, सद्दूपुर मुहाना पहुँचा जहां ब्यापार मण्डल अध्यक्ष यासीन राईन ने फूलों की वर्षो कर शोभायात्रा का स्वागत किया उसके बाद यात्रा लोवर लाइन से मुख्य बाजार होते हुए गंगा घाट पहुँचा जहाँ गंगा आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। जै श्रीराम के उद्घोष से समुचा नगर गुंजायमान हो उठा। यात्रा में भारत माता की झांकी शामिल रही। इस दौरान संयोजक जगदीश गुप्ता, विधायक सहयोगी आलोक सिंह,विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष दिनेश सिंह,विवेक सिंह,हर्षित जी,पावन ,मण्डल अध्यक्ष मंगरु साहनी, अभिलाष राय, चन्द्रहास गुप्ता, अखिलेश मिश्र, जिला कार्यवाह राम बालक, बचाऊ लाल सेठ, ज्योति प्रकाश सिंह,अजय शेखर पांडेय,विजय बहादुर सिंह,अभिलाष राय,आशीष बिंद,विक्की गुप्ता,राजेन्द्र प्रजापति, मनीष राय, किशन मोदनवाल, अंशु राय,राजू चौबे, विकास कश्यप, गौतम मौर्य,मदन लाल,पवन गुप्ता, आलोक श्रीवास्तव, नारायण राठी, सतीश दूबे, आशीष पाण्डेय, सुनील कुमार, बंशीधर चतुर्वेदी, योगेंद्र बहादुर सिंह,रेनू श्रीवास्तव, रानी सेठ सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व बजरंगी मौजूद रहे।

विन्ध्य महोत्सव सांस्कृतिक मंच पर कालबेलिया नृत्य रहा आकर्षण का केन्द्र

● नम्रता माली के कथक के अलावा गोरखपुर बस्ती व मीरजापुर के कलाकारो ने भी दी अपनी प्रस्तुति

अध्यक्ष नगर पालिका मीरजापुर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। मां विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल में नवरात्र मेला में चल रहे विन्ध्य महोत्सव के सांस्कृतिक मंच के तीसरे दिन का शुभारम्भ अध्यक्ष नगर पालिका मीराजापुर ने दीप प्रज्जवलित व देवी चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मा0 अध्यक्ष ने मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारो को अंगवस्त्रम व स्मृमि चिन्ह प्रदान कर सम्मानित भी किया। मा0 अध्यक्ष नगर पालिका मीरजापुर श्याम सुन्दर केसरी ने सभी कलाकारो का स्वागत व अभिन्दन करते हुए कहा कि महोत्सव से स्थानीय कलाकारो के द्वारा जहां अपनी माटी की संस्कृति को लोगो के बीच बिखेरने का मौका मिलता है तो वही बाहर से आने वाले कलाकारो से उनकी लोकविधा को पहचानने का अवसर प्राप्त होता हैं। सांस्कृतिक मंच पर ध्रुव फाउंडेशन ग्रुप के द्वारा राजस्थानी लोकनृत्य ''कालबेलिया नृत्य'' आकर्षण का केन्द्र रहा जिसको दर्शको द्वारा काफी सराहना की गई। विन्ध्याचल निवासी वर्तमान में दिल्ली में कार्यरत नम्रता सिंह माली ने अपने कथक नृत्य के माध्यम से शिव तांडव, गंगा नृत्य व कई नृत्य के माध्यम से लोगो को अपनी तरफ आकर्षित करने में कामयाब रही। तत्पश्चात गोरखपुर से आए अजीत उपाध्याय व इन्दू गुप्ता की टीम के द्वारा प्रस्तुत किए भजन व गीत को लोगो के द्वारा सराहा गया। वही कुन्दन सिंह चैहान संस्कृति विभाग के कलाकारो के द्वारा उत्तराखण्ड के लोकनृत्य की सुन्दर प्रस्तुति की गई। जनपद मीरजापुर के जाने माने कलाकारो में पतालू यादव द्वारा बिरहा, भजन, कल्पना गुप्ता व गणेश प्रसाद गुप्ता के द्वारा लोकगीत व भजन, सूरज कुमार, संतोष कुमार के द्वारा देवी गीत तथा शान्ति निषाद जागरण ग्रुप के द्वारा अनेक देवीगीत व भजन सुनाकर लोगो को मिर्जापुर के संस्कृति से चिर परिचत कराया गया। संस्कृति विभाग के ही कलाकार आनन्द कुमार के द्वारा कई देवीगीत भजन प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर शक्ति प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका मीरजापुर को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्रम प्रदान कर स्वागत व अभिनन्दन किया।

कार्यालय ग्राम पंचायत दिघुली विकासखंड हलिया मिर्जापुर

पत्रांक- मनरेगा/पंचम वित्त पंद्रहवां वित्त, निविदा प्रकाशन **दिनांक 03/04/2025**

विकास खंड-हलिया मिर्जापुर के ग्राम पंचायत में पंचम राज्य वित्त/ पंद्रहवां वित्त/मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 मे परियोजनाओं पर सामग्री आपूर्ति किया जाना है। उक्त निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्ति करता फर्मे सामग्री हेतु निविदा फार्म प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम व शर्तें फॉर्म के साथ दिया जायेगा।

विकासखंड हलिया मिर्जापुर में पंचम राज वित्त/केन्द्रीय वित्त मनरेगा एव फेस 2 योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 मे ग्राम पंचायत के द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यो के लिए ईट, रोडी, भस्सी, सीमेंट, मोटी बालू, लोकल महीन बालू, गिट्टी, पटिया, मोरंग, इंटरलॉकिंग, ईट, सोलर, लाइट, स्ट्रीट लाइट, सरिया, स्टोन, डस्ट,एम्बेस्टस सीट, टीन शेट, सीमेंट ईट, कट स्टोन, पेंट, गेट, दरवाजा, टाइल्स, हैंडपंप सामग्री,डालाग्रिस्ट, विद्युत सामग्री, स्रोसेम,डस्टम्पर, प्राइमर, प्लाईवुड, कोटा स्टोन, जीएसबी, सीआई बोर्ड, पीवीसी पाइप, ह्युम पाइप, कंप्यूटर, कुर्सी, मेज, अलमारी, डब्ल्यूसी, पेन, बोल्डर, व शौचालय शेट, हैडपंप रिबोर, शवदाह गृह, सामुदायिक शौचालय, डस्टबिन, ठेला, ई रिक्शा, कचडा दान, व अन्य सामग्री के क्रय हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक पंजीकृत करने दिनांक 4-4-2025 से 8-4-2025 तक दिन मे 11 बजे से 2 बजे तक अपनी सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा दिनांक दिन 10-4-2025 दोपहर 2 बजे क्रय निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जाएगी।

निविदा के शर्तें एवं आवेदन पत्र संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव अथवा रोजगार सेवक पंचायत सहायक से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से 3:00 बजे तक लिया जा सकता है।

सुरेन्द्र
ग्राम प्रधान

गौरव कुमार
सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत लोहरौह विकासखंड हलिया मिर्जापुर

पत्रांक- मनरेगा/पंचम वित्त पंद्रहवां वित्त, निविदा प्रकाशन **दिनांक 03/04/2025**

विकास खंड-हलिया मिर्जापुर के ग्राम पंचायत में पंचम राज्य वित्त/ पंद्रहवां वित्त/मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 मे परियोजनाओं पर सामग्री आपूर्ति किया जाना है। उक्त निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्ति करता फर्मे सामग्री हेतु निविदा फार्म प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम व शर्तें फॉर्म के साथ दिया जायेगा।

विकासखंड हलिया मिर्जापुर में पंचम राज वित्त/केन्द्रीय वित्त मनरेगा एव फेस 2 योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 मे ग्राम पंचायत के द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यो के लिए ईट, रोडी, भस्सी, सीमेंट, मोटी बालू, लोकल महीन बालू, गिट्टी, पटिया, मोरंग, इंटरलॉकिंग, ईट, सोलर, लाइट, स्ट्रीट लाइट, सरिया, स्टोन, डस्ट,एम्बेस्टस सीट, टीन शेट, सीमेंट ईट, कट स्टोन, पेंट, गेट, दरवाजा, टाइल्स, हैंडपंप सामग्री,डालाग्रिस्ट, विद्युत सामग्री, स्रोसेम,डस्टम्पर, प्राइमर, प्लाईवुड, कोटा स्टोन, जीएसबी, सीआई बोर्ड, पीवीसी पाइप, ह्युम पाइप, कंप्यूटर, कुर्सी, मेज, अलमारी, डब्ल्यूसी, पेन, बोल्डर, व शौचालय शेट, हैडपंप रिबोर, शवदाह गृह, सामुदायिक शौचालय, डस्टबिन, ठेला, ई रिक्शा, कचडा दान, व अन्य सामग्री के क्रय हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक पंजीकृत करने दिनांक 4-4-2025 से 8-4-2025 तक दिन मे 11 बजे से 2 बजे तक अपनी सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा दिनांक दिन 10-4-2025 दोपहर 2 बजे क्रय निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जाएगी।

निविदा के शर्तें एवं आवेदन पत्र संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव अथवा रोजगार सेवक पंचायत सहायक से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से 3:00 बजे तक लिया जा सकता है।

सजय सिह
ग्राम प्रधान

गौरव कुमार
सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत महुगढ़ी विकासखंड हलिया मिर्जापुर

पत्रांक- मनरेगा/पंचम वित्त पंद्रहवां वित्त, निविदा प्रकाशन **दिनांक 03/04/2025**

विकास खंड-हलिया मिर्जापुर के ग्राम पंचायत में पंचम राज्य वित्त/ पंद्रहवां वित्त/मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 मे परियोजनाओं पर सामग्री आपूर्ति किया जाना है। उक्त निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्ति करता फर्मे सामग्री हेतु निविदा फार्म प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम व शर्तें फॉर्म के साथ दिया जायेगा।

विकासखंड हलिया मिर्जापुर में पंचम राज वित्त/केन्द्रीय वित्त मनरेगा एव फेस 2 योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 मे ग्राम पंचायत के द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यो के लिए ईट, रोडी, भस्सी, सीमेंट, मोटी बालू, लोकल महीन बालू, गिट्टी, पटिया, मोरंग, इंटरलॉकिंग, ईट, सोलर, लाइट, स्ट्रीट लाइट, सरिया, स्टोन, डस्ट,एम्बेस्टस सीट, टीन शेट, सीमेंट ईट, कट स्टोन, पेंट, गेट, दरवाजा, टाइल्स, हैंडपंप सामग्री,डालाग्रिस्ट, विद्युत सामग्री, स्रोसेम,डस्टम्पर, प्राइमर, प्लाईवुड, कोटा स्टोन, जीएसबी, सीआई बोर्ड, पीवीसी पाइप, ह्युम पाइप, कंप्यूटर, कुर्सी, मेज, अलमारी, डब्ल्यूसी, पेन, बोल्डर, व शौचालय शेट, हैडपंप रिबोर, शवदाह गृह, सामुदायिक शौचालय, डस्टबिन, ठेला, ई रिक्शा, कचडा दान, व अन्य सामग्री के क्रय हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक पंजीकृत करने दिनांक 4-4-2025 से 8-4-2025 तक दिन मे 11 बजे से 2 बजे तक अपनी सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा दिनांक दिन 10-4-2025 दोपहर 2 बजे क्रय निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जाएगी।

निविदा के शर्तें एवं आवेदन पत्र संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव अथवा रोजगार सेवक पंचायत सहायक से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से 3:00 बजे तक लिया जा सकता है।

सुरेश केशरी
ग्राम प्रधान

आलोक राव
सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत महुगढ़ विकासखंड हलिया मिर्जापुर

पत्रांक- मनरेगा/पंचम वित्त पंद्रहवां वित्त, निविदा प्रकाशन **दिनांक 03/04/2025**

विकास खंड-हलिया मिर्जापुर के ग्राम पंचायत में पंचम राज्य वित्त/ पंद्रहवां वित्त/मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 मे परियोजनाओं पर सामग्री आपूर्ति किया जाना है। उक्त निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्ति करता फर्मे सामग्री हेतु निविदा फार्म प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम व शर्तें फॉर्म के साथ दिया जायेगा।

विकासखंड हलिया मिर्जापुर में पंचम राज वित्त/केन्द्रीय वित्त मनरेगा एव फेस 2 योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 मे ग्राम पंचायत के द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यो के लिए ईट, रोडी, भस्सी, सीमेंट, मोटी बालू, लोकल महीन बालू, गिट्टी, पटिया, मोरंग, इंटरलॉकिंग, ईट, सोलर, लाइट, स्ट्रीट लाइट, सरिया, स्टोन, डस्ट,एम्बेस्टस सीट, टीन शेट, सीमेंट ईट, कट स्टोन, पेंट, गेट, दरवाजा, टाइल्स, हैंडपंप सामग्री,डालाग्रिस्ट, विद्युत सामग्री, स्रोसेम,डस्टम्पर, प्राइमर, प्लाईवुड, कोटा स्टोन, जीएसबी, सीआई बोर्ड, पीवीसी पाइप, ह्युम पाइप, कंप्यूटर, कुर्सी, मेज, अलमारी, डब्ल्यूसी, पेन, बोल्डर, व शौचालय शेट, हैडपंप रिबोर, शवदाह गृह, सामुदायिक शौचालय, डस्टबिन, ठेला, ई रिक्शा, कचडा दान, व अन्य सामग्री के क्रय हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक पंजीकृत करने दिनांक 4-4-2025 से 8-4-2025 तक दिन मे 11 बजे से 2 बजे तक अपनी सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा दिनांक दिन 10-4-2025 दोपहर 2 बजे क्रय निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जाएगी।

निविदा के शर्तें एवं आवेदन पत्र संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव अथवा रोजगार सेवक पंचायत सहायक से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से 3:00 बजे तक लिया जा सकता है।

विविध भारतीय पाण्डेय
ग्राम प्रधान

सदीप कुमार
सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत मझिगवा विकासखंड हलिया मिर्जापुर

पत्रांक- मनरेगा/पंचम वित्त पंद्रहवां वित्त, निविदा प्रकाशन **दिनांक 03/04/2025**

विकास खंड-हलिया मिर्जापुर के ग्राम पंचायत में पंचम राज्य वित्त/ पंद्रहवां वित्त/मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 मे परियोजनाओं पर सामग्री आपूर्ति किया जाना है। उक्त निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्ति करता फर्मे सामग्री हेतु निविदा फार्म प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम व शर्तें फॉर्म के साथ दिया जायेगा।

विकासखंड हलिया मिर्जापुर में पंचम राज वित्त/केन्द्रीय वित्त मनरेगा एव फेस 2 योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 मे ग्राम पंचायत के द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यो के लिए ईट, रोडी, भस्सी, सीमेंट, मोटी बालू, लोकल महीन बालू, गिट्टी, पटिया, मोरंग, इंटरलॉकिंग, ईट, सोलर, लाइट, स्ट्रीट लाइट, सरिया, स्टोन, डस्ट,एम्बेस्टस सीट, टीन शेट, सीमेंट ईट, कट स्टोन, पेंट, गेट, दरवाजा, टाइल्स, हैंडपंप सामग्री,डालाग्रिस्ट, विद्युत सामग्री, स्रोसेम,डस्टम्पर, प्राइमर, प्लाईवुड, कोटा स्टोन, जीएसबी, सीआई बोर्ड, पीवीसी पाइप, ह्युम पाइप, कंप्यूटर, कुर्सी, मेज, अलमारी, डब्ल्यूसी, पेन, बोल्डर, व शौचालय शेट, हैडपंप रिबोर, शवदाह गृह, सामुदायिक शौचालय, डस्टबिन, ठेला, ई रिक्शा, कचडा दान, व अन्य सामग्री के क्रय हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक पंजीकृत करने दिनांक 4-4-2025 से 8-4-2025 तक दिन मे 11 बजे से 2 बजे तक अपनी सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा दिनांक दिन 10-4-2025 दोपहर 2 बजे क्रय निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जाएगी।

निविदा के शर्तें एवं आवेदन पत्र संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव अथवा रोजगार सेवक पंचायत सहायक से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से 3:00 बजे तक लिया जा सकता है।

भूपेन्द्र सिह
ग्राम प्रधान

राजेन्द्र प्रसाद
सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत महेशपुर विकासखंड हलिया मिर्जापुर

पत्रांक- मनरेगा/पंचम वित्त पंद्रहवां वित्त, निविदा प्रकाशन **दिनांक 03/04/2025**

विकास खंड-हलिया मिर्जापुर के ग्राम पंचायत में पंचम राज्य वित्त/ पंद्रहवां वित्त/मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 मे परियोजनाओं पर सामग्री आपूर्ति किया जाना है। उक्त निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्ति करता फर्मे सामग्री हेतु निविदा फार्म प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम व शर्तें फॉर्म के साथ दिया जायेगा।

विकासखंड हलिया मिर्जापुर में पंचम राज वित्त/केन्द्रीय वित्त मनरेगा एव फेस 2 योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 मे ग्राम पंचायत के द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यो के लिए ईट, रोडी, भस्सी, सीमेंट, मोटी बालू, लोकल महीन बालू, गिट्टी, पटिया, मोरंग, इंटरलॉकिंग, ईट, सोलर, लाइट, स्ट्रीट लाइट, सरिया, स्टोन, डस्ट,एम्बेस्टस सीट, टीन शेट, सीमेंट ईट, कट स्टोन, पेंट, गेट, दरवाजा, टाइल्स, हैंडपंप सामग्री,डालाग्रिस्ट, विद्युत सामग्री, स्रोसेम,डस्टम्पर, प्राइमर, प्लाईवुड, कोटा स्टोन, जीएसबी, सीआई बोर्ड, पीवीसी पाइप, ह्युम पाइप, कंप्यूटर, कुर्सी, मेज, अलमारी, डब्ल्यूसी, पेन, बोल्डर, व शौचालय शेट, हैडपंप रिबोर, शवदाह गृह, सामुदायिक शौचालय, डस्टबिन, ठेला, ई रिक्शा, कचडा दान, व अन्य सामग्री के क्रय हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक पंजीकृत करने दिनांक 4-4-2025 से 8-4-2025 तक दिन मे 11 बजे से 2 बजे तक अपनी सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा दिनांक दिन 10-4-2025 दोपहर 2 बजे क्रय निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जाएगी।

निविदा के शर्तें एवं आवेदन पत्र संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव अथवा रोजगार सेवक पंचायत सहायक से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से 3:00 बजे तक लिया जा सकता है।

सुनीता देवी
ग्राम प्रधान

सौरभ यादव
सचिव

कैंब्रिज विद्यालय के वार्षिक पत्रिका ऋयसा का हुआ विमोचन

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज । कैंब्रिज हाईस्कूल एण्ड कॉलेज शंकरगढ़ में बुधवार को वार्षिक पत्रिका ऋयसा का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व अपर महाधिवक्ता हाइकोर्ट प्रयागराज व भाजपा लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा ही वह ज्ञान रूपी उजाला है। जिसके प्रकाश से जीवन में अंधकार रूपी अवगुण को समाप्त किया जा सकता है। इस कार्य में कैंब्रिज हाईस्कूल एण्ड कॉलेज अपनी भूमिका पूर्ण कर्तव्य और निष्ठा के साथ निभा रहा है। विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने कहा कि सच्ची मेहनत और लगन से शिक्षा प्राप्त कर आज अलग-अलग क्षेत्र में बच्चे अपना नाम रोशन कर रहे हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने कहा कि शिक्षा जीवन का वो महत्तवपूर्ण अंग है जिससे छात्र किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर सकताहै। व्यापार मंडल के युवा अध्यक्ष अरविंद कुमार ने विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह विद्यालय क्षेत्र में अच्छी शिक्षा का नया आयाम दे रहा है। कार्यक्रम के समापन पर मंडल अध्यक्ष अखिलेश पटेल ने कहा कि कैंब्रिज विद्यालय के छात्र आज अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रदेश में अपना परचम लहरा रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ,मंडल मीडिया प्रभारी इंजीनियर राम जतन बंसल, मंडल अध्यक्ष अखिलेश पटेल, अश्विनी पटेल,महिला मोर्चा की अध्यक्ष उमा वर्मा, मसुरियादीन वर्मा , शम्भूनाथ खरे , व्यापार मंडल अध्यक्ष अरविन्द केसरवानी , पंकज गुप्ता, दीपक केसरवानी,सुजीत कुमार, उग्रसेन द्विवेदी, कुलदीप सिंह, सोमनाथ वर्मा, अमित पासी, बृज मोहन मौर्या, राजेश गुप्ता, एनएसके इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रताप बहादुर सिंह, अशोक त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र मिश्रा, उत्तम सिंह ,संदीप सिंह, कामिनी सिंह, विजय शंकर,विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बालेंद्र पांडेय, मनी शंकर दुबे,सौरभ प्रकाश, धर्मराज कुशवाहा,पंकज मिश्रा,मनोज तिवारी,पंकज श्रीवास्तव,इमरान अहमद, राजेश गोस्वामी ,अखिलेश पांडे,दीपक केशरवानी,रितु सुसारी, सिम्मी गुप्ता,रेखा सिंह,मीरा श्रीवास्तव,मधु, सोमवती, उषा सिंह प्रीती सेन,अंजु गुप्ता,अनुभव पांडे आदि उपस्थित रहे।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार बसपा के वरिष्ठ नेता की मौत

स्वतंत्र प्रभात

ब्यूरो प्रयागराज। सड़क दुर्घटना में बाइक सवार बसपा के वरिष्ठ नेता की मौत हो गई। द्धघटना सुनकर घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।? खुदायपुर गांव निवासी बसपा के वरिष्ठ नेता बाबा राम जतन पाल पुत्र बऊ 75 वर्ष अपने साथ गुलाब गौतम पुत्र स्वर्गीय राम नारायण के साथ बुधवार को सुबह 10ः30 बजे बाइक पर शहर किसी काम के लिए जा रहे थे। हड़िया- कोखराज राष्ट्रीय राजमार्ग के सर्विस रोड पर बगई कला गांव के सामने पीछे से बोलेरो गाड़ी ने टक्कर मार दिया। मौके पर दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को एंबुलेंस से स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में भर्ती करया गया। जहां पर इलाज के दौरान राम जतन पाल की मौत हो गई। रामजतन पाल बसपा पार्टी के कई वरिष्ठ पदों पर काम कर चुके हैं। गुलाब गौतम का इलाज अभी चल रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बसपा के मंडल कोऑर्डिनेटर जगन्नाथ पाल, अशोक पाल, शिवधारी पाल, सुरेश पाल आदि लोगों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

विधायक डॉ वाचस्पति के प्रयास से बारा क्षेत्र की 80 सड़के और 4 पुलिया स्वीकृत

विधायक ने बीते महीने सदन में उठाया था मुद्दा

स्वतंत्र प्रभात

बारा प्रयागराज। विधायक डॉ वाचस्पति के अथक प्रयास से लोक निर्माण विभाग द्वारा 80 रोड तीन पुलिया और एक ह्यूम पाइप पुलिया स्वीकृत हुई। फोन से जानकारी लेने पर डॉ वाचस्पति ने बताया कि क्षेत्र में जनता दरबार का आयोजन लगातार किया जा रहा है उसी में जो भी पत्र आते है, उन्हें शासन को दिया गया, और बीते महीने हमने इन मुद्दों को विधान सभा में उठाया था। जिसे मुख्यमंत्री ने संज्ञान में लिया और काम की मंजूरी दी। बता दे कि विधायक डॉ वाचस्पति ने पूर्व में लोक निर्माण विभाग के मंत्री रहे जितिन प्रसाद को और अभी हाल ही में उन्होंने विधान सभा में सदन के माध्यम से मुख्यमंत्री को अवगत कराया था, जिसके फल स्वरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान में लिया और चार पुलिया सहित 84 सड़कों की स्वीकृति प्रदान की। विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार उर्फ श्यामू निषाद और मीडिया प्रभारी नीरज केसरवानी ने संयुक्त रूप से बताया कि लालापुर क्षेत्र के इमलिया कंजासा भीटा मार्ग की पुलिया, गौहानी बारा मार्ग, कुल्हाड़ियां बरेठिया मार्ग, जिगना राम का पूरा मार्ग, बारी बजाहिया गौहनिया, खान सेमरा बंधवा मार्ग जैसे कई प्रमुख सड़कों की स्वीकृति मिली।

संसद में दिए गए अधिकांश आश्वासनों को गृह मंत्रालय ने अस्वीकार कर दिया

स्वतंत्र प्रभात

वर्ष 2014 से गृह मंत्रालय ने लोक सभा में 421 तथा राज्य सभा में 338 आश्वासन दिए, लेकिन उनमें से क्रमशः 15% तथा 12% को छोड़ दिया - जो सदन के दोनों सदनों में सभी मंत्रालयों के बीच सबसे अधिक है।लोकसभा या राज्यसभा में किसी उत्तर या चर्चा के दौरान यदि कोई मंत्रालय कोई वचन देता है जिसमें सदन को रिपोर्ट करने में सरकार की ओर से आगे की कार्रवाई शामिल है, तो इसे आश्वासन माना जाता है। संसदीय प्रक्रिया का उद्देश्य लोगों के अधिकारों के लिए एक प्रहरी के रूप में कार्य करना है, और इसलिए, संसद में कार्यपालिका द्वारा किए गए वादों को लागू करना सुनिश्चित करने के लिए 1953 में सरकारी आश्वासन समिति का गठन किया गया था। यदि आश्वासन दिए जाने की तिथि से तीन महीने के भीतर उसे पूरा नहीं किया जाता है तो उसे लंबित माना जाता है। इसके बाद, संबंधित मंत्रालय को या तो इस अवधि के विस्तार के लिए आवेदन करना चाहिए या आश्वासन को छोड़ने का अनुरोध करना चाहिए। संसदीय कार्य मंत्रालय इन आश्वासनों पर नज़र रखता है और ऑनलाइन आश्वासन निगरानी प्रणाली (ओएएमएस) पोर्टल पर उनकी स्थिति प्रकाशित करता है। वेबसाइट के अनुसार, 2024 में लोकसभा में दिए गए लगभग 65त्न आश्वासन 24 मार्च तक लंबित थे। लोकसभा में, 2023 में दिए गए लगभग 44त्न और 2022 में दिए गए 18त्न आश्वासन अभी भी लंबित हैं। उदाहरण के लिए, 24 मार्च, 2023 को कांग्रेस सांसद बी. मनिकम टैगोर द्वारा अडानी समूह से संबंधित एक प्रश्न में सरकार द्वारा निर्मित बंदरगाहों के पूरा होने की स्थिति पर सवाल उठाया गया था। इसमें राज्य के स्वामित्व वाले उपक्रमों की तुलना में अडानी के स्वामित्व वाले बंदरगाहों में होने वाले व्यापार की मात्रा के बारे में पूछा गया था। इस प्रश्न के उत्तर में दिया गया आश्वासन तब से लंबित है। इसके अलावा, 2014 से 2022 के बीच आश्वासनों की हिस्सेदारी में 5 से 11त्न तक की गिरावट आई है। उदाहरण के लिए, 2021 में तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने अडानी समूह और उनकी कंपनियों में हिस्सेदारी रखने वाले विभिन्न विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की जांच का मामला उठाया। वित्त मंत्रालय ने कुछ विवरण प्रदान किए और कहा कि सेबी इस मामले की जांच कर रहा है। बाद में इस आश्वासन को हटा दिया गया। इसी तरह, 2024 में राज्यसभा में दिए गए लगभग 66% आश्वासन 24 मार्च तक लंबित थे। राज्यसभा में, 2023 में दिए गए लगभग 36% और 2022 में दिए गए 24त्न आश्वासन अभी भी लंबित हैं। साथ ही, 2014 और 2022 के बीच, आश्वासनों का हिस्सा 2त्न से 15त्न के बीच गिरा (चार्ट 2)।

जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, गृह मंत्रालय ने दोनों सदनों में सबसे ज़्यादा आश्वासन वापस ले लिए। उदाहरण के लिए, 2014 में पूर्व लोकसभा सांसद सिराजुद्दीन अजमल द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब नहीं दिया गया और गृह मंत्रालय ने आश्वासन वापस ले लिया। 2014 में लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी द्वारा गृह मंत्रालय से पूछे गए सवाल का जवाब भी वापस ले लिया गया, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर फ़र्ज़ी मुठभेड़ों में शामिल पुलिसकर्मियों को आउट ऑफ़ टर्न प्रमोशन और वीरता पुरस्कार दिए जाने के बारे में पूछा था। गृह मंत्रालय ने कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी द्वारा 2019 और 2020 में पुलवामा आतंकी हमले पर पूछे गए दोनों सवालों को भी वापस ले लिया। वित्त, विधि एवं न्याय, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, तथा रेलवे उन शीर्ष पांच मंत्रालयों में शामिल रहे, जिन्होंने दोनों सदनों में सबसे अधिक आश्वासन वापस लिये।

पंडित देवीदत्त व पंडित रमादत्त शुक्ल शोध संस्थान द्वारा सम्मानित हुए योगाचार्य धर्मचंद्र

स्वतंत्र प्रभात

ब्यूरो प्रयागराज। योगाचार्य धर्मचंद्र योग शिक्षा के साथ-साथ प्राचीन वैदिक परंपरा पर सतत लेखन करते आ रहे हैं। उनके द्वारा किए गए प्राच्यविद्या के प्रति समर्पण को देखते हुए नवरात्रि पर्व पर उन्हें पंडित देवी दत्त शुक्ल पंडित रमादत्त शुक्ल शोध संस्थान अलोपीबाग प्रयागराज द्वारा सम्मानित किया गया। योगाचार्य धर्मचंद जी का पंडित रमादत्त शुक्ल जी से बहुत लगाव था। शुक्ल जी प्रकांड शक्ति उपासक थे । तंत्र शास्त्र के सैद्धांतिक पक्ष पर शुक्ल जी की मजबूत पकड़ थी । शुक्ल जी अपने ज्ञान और अनुभव से तंत्र शास्त्र के गूढ़ सूत्रों को सरल सहज रूप में प्रस्तुत कर सामान्य जन को उनका स्वतः बोध करा देते थे। योगाचार्य धर्मचंद जी ने कहा कि आज जो कुछ भी वैदिक संस्कृति के प्रति लगाव है इसका श्रेय शुक्ल जी को जाता है। हम सौभाग्यशाली है कि हम शुक्ल जी जैसे तंत्र शास्त्रों के महान व्यक्तित्व के साथ रहने का हमें सौभाग्य प्राप्त हुआ। चंडी पत्रिका के संपादक एवं शुक्ल जी के सुपुत्र प्रेम जी ने कहा कि बाबूजी के प्रति योगाचार्य धर्मचंद्र का समर्पण अतुलनीय है। संस्थान की तरफ से हम उन्हें बधाई देते हैं कि आगे भी वे अध्यात्म विद्या के प्रचार प्रसार में बहुत उन्नति करें।

अपर जिलाधिकारी ने की खाद्य एवं रसद विभाग की आपूर्ति व विपणन शाखा की समीक्षा बैठक

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। अपर जिलाधिकारी(वि0रा0) अरूण कुमार गोंड द्वारा उदयन सभागार में खाद्य एवं रसद विभाग की आपूर्ति व विपणन शाखा की समीक्षा की गयी। न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत दिनांक 17 मार्च 2025 से प्रारम्भ गेहूँ खरीद की समीक्षा में पाया गया कि 41 केन्द्रों के सापेक्ष 12 केन्द्रों पर अभी तक 648.00 कुन्तल गेहूँ की खरीद 17 किसानों से की गयी है। अपर जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी क्रय एजेन्सी प्रभारियों को सभी केन्द्रों पर खरीद प्रारम्भ करने के कड़े निर्देश दिये गये। उन्होने सभी क्षेत्रीय विपणन अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपनी तहसील के केन्द्र प्रभारियों से सम्पर्क में रहे और यदि पंजीकरण सत्यापन के अभाव में खरीद मे समस्या आ रही है, तो तत्काल सत्यापन करायें। उन्होंने मण्डी सचिव को निर्देशित किया कि जनपद की सभी सीमाओं पर सतर्क दृष्टि रखी जाय और कही भी गेहूँ के अवैध संचरण की शिकायत मिले, तो वहाँ दोषी के विरूद्ध मण्डी अधिनियम के अर्न्तगत कार्यवाही की जाय। अपर जिलाधिकारी ने जिलापूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बिचौलियों की सक्रियता पाये जाने तथा कृषकों से न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम खरीद में लिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। निलम्बित व रिक्त उचित दर दुकानों की समीक्षा के दौरान जिलापूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में 06 उचित दर दुकानें निरस्त हैं। जिस पर अपर जिलाधिकारी ने पूर्ति निरीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रस्ताव प्राप्त हो चुकी उचित दर दुकानों की नियुक्ति अगली बैठक के पूर्व करा ली जाये तथा सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों/खण्ड विकास अधिकारियों से सम्पर्क स्थापित कर अवशेष रिक्त उचित दर दुकानों की नियुक्ति इस माह के अन्त तक पूर्ण करायें ताकि कार्ड धारकों को समस्याओं का सामना न करना पड़े । मॉडल शाप की समीक्षा के दौरान जिलापूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में 75 मॉडल शाप उचित दर दुकानों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसके सापेक्ष अभी तक 72 मॉडल शाप उचित दर दुकानों का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा अवशेष 03 मॉडल शाप उचित दर दुकानों का निर्माण कार्य प्रारम्भ है। 65 मॉडल शाप पर उचित दर दुकानों का संचालन हो रहा है। जिन दुकानों के निर्माण में समस्या आ रही हो सम्बन्धित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी से समन्वय बनाते हुए समस्याओं का निराकरण करायें एवं अवषेष मॉडल शापों का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर उनमें उचित दर दुकानें स्थापित करायें। अपर जिलाधिकारी द्वारा एस0एस0डी0जी0 के आवेदनों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी, जिस पर जिलापूर्ति अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 4183 आवेदन नये राशन कार्ड के लिए एवं 10189 आवेदन राशन कार्ड संशोधन के लिए 30 दिवस के उपरान्त लम्बित पाये गये है। उन्होंने जिलापूर्ति अधिकारी, पूर्ति निरीक्षकों व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह समय सीमा के बाहर लम्बित आवेदनों पर निर्णय लेते हुए अग्रेतर कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें तथा भविष्य में इस तरह की स्थिति से बचें।

केपीएस भरवारी में नए म्यूजिक लैब का भव्य उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। प्रेसीडेन्सी स्कूल एण्ड कॉलेज, भरवारी में नए सत्र के प्रथम दिन एक अत्याधुनिक म्यूजिक लैब का उद्घाटन किया गया। इस म्यूजिक लैब का उद्घाटन चेयरमैन संजय कुमार गुप्ता द्वारा विधिवत रूप से किया गया। यह नया म्यूजिक लैब आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित है, जहाँ बच्चों को न केवल पारम्परिक भारतीय संगीत, बल्कि मॉडर्न म्यूजिक की भी शिक्षा दी जाएगी। यहाँ सिंथेसाइज़र, ड्रम सेट, गिटार, तबला, हारमोनियम, , बांसुरी तथा अन्य वाद्य यन्त्रों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। छात्रों को इस लैब में क्लासिकल, सेमी-क्लासिकल, वेस्टर्न म्यूजिक के साथ-साथ वोकल ट्रेनिंग भी दी जायेगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की संगीत प्रतिभा को निखारना और उन्हें मंच प्रदान करना है। संगीत केवल एक कला नहीं, बल्कि यह मानसिक एवं बौद्धिक विकास का महत्वपूर्ण साधन भी है। यह बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास, ध्यान केन्द्रित करने की क्षमता को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। विद्यालय प्रशासन का मानना है कि संगीत की शिक्षा से बच्चों की भावनात्मक अभिव्यक्ति में भी सुधार होगा, जिससे वे मानसिक रूप से और अधिक मजबूत बनेंगे।इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन निवर्तमान विधायक संजय कुमार गुप्ता ने कहा, हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उनकी रुचियों और प्रतिभाओं को निखारने के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना है। संगीत शिक्षा उनके व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाएगी और उन्हें एक नई दिशा प्रदान करेगी। विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने अपने संदेश में कहा, ÷संगीत एक ऐसी विधा है जो न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि यह आत्मा की शुद्धि और मानसिक शांति का भी जरिया है। इस म्यूजिक लैब के माध्यम से हम विद्यार्थियों को न केवल संगीत सिखाएँगे, बल्कि उनके भीतर आत्म-अनुशासन, धैर्य और एकाग्रता जैसे गुणों का विकास भी करेंगे। विद्यालय प्रशासन ने यह आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस प्रकार की अत्याधुनिक सुविधाएँ विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जाएँगी, जिससे वे हर क्षेत्र में निपुण बन सकें। यह म्यूजिक लैब न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगी।इस नए म्यूजिक लैब की स्थापना से विद्यार्थियों में अत्यधिक उत्साह देखा गया, और सभी ने इस अनूठी पहल की सराहना की। इस दौरान म्यूजिक टीचर दिव्यान्शु सोनी, दीपक खरवार, शशांक श्रीवास्तव, वीर प्रताप सिंह , विकास पाण्डेय, संस्कृति त्रिपाठी आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

पेन्शनर/पारिवारिक पेन्शनरों की मृत्यु हो जाने की दशा में उनके वारिसों द्वारा कोषागार में ससमय दी जाय सूचना

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। मुख्य कोषाधिकारी रवीन्द्र प्रताप सिंह द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया गया कि पेन्शनर/पारिवारिक पेन्शनरों की मृत्यु हो जाने की दशा में उनके वारिसों द्वारा ससमय कोषागार में सूचना न दिये जाने के कारण जीवित प्रमाण पत्र वैध रहने की दशा में पेन्शन का अधिक भुगतान हो जाता है। मृत्यु की सूचना अथवा तहसीलदार की जांच आख्या प्राप्त होने पर सम्बन्धित बैंक को अधिक भुगतान की धनराशि प्रेषित किये जाने के लिए पंजीकृत पात्र एवं ई-मेल प्रेषित किया जाता है। कोषागार के पत्र के क्रम में कतिपय बैंकों द्वारा सम्बन्धित पेन्शनर के खाते में धनराशि उपलब्ध रहने के बावजूद भी अधिक भुगतान की धनराशि प्रेषित नही किया जाता है, जिसके कारण कोषागार को बार-बार अनुस्मारक पत्र प्रेषित करना पड़ता है। कतिपय बैंकों द्वारा चेक बनाकर रख लिया जाता है और समय अवधि व्यतीत होने जाने के बाद चेक प्रेषित किया जाता है, ये अत्यन्त खेद का विषय है। पेन्शनर/पारिवारिक पेन्शनरों से अधिक भुगतान की वसूली की समीक्षा उ0प्र0 शासन द्वारा लगातार कडाई से किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में उ0प्र0 शासन द्वारा शासनादेश दिनांक 02-07-2024 के माध्यम से अधिक भुगतान की वसूली किये जाने के लिए सम्बन्धित के समस्त बैंको को सूचित करें। को राजस्व बकाये की भांति वसूली किये जाने के अधिकार दिये गये हैं। उन्होने बैंकों से अनुरोध किया है कि पेन्शनर/पारिवारिक पेन्शनर की मृत्यु की सूचना यदि बैंक में प्राप्त होती है तो कोषागार को अवगत कराने तथा मृत पेन्शनर /पारिवारिक पेन्शनरों के खाते से अधिक भुगतान की धनराशि ब्याज सहित कोषागार से पत्र प्राप्त होते ही अविलम्ब प्रेषित किये जाने के लिए जनपद

भाजपा स्थापना दिवस को दिव्य और भव्य तरीके से मनायेगी भाजपा : जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने आगामी भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम के निमित्त आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित कर विस्तृत जानकारी को साझा किया। आयोजित कार्यशाला को जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने सम्बोधित किया कि आगामी 06 अप्रैल को भाजपा स्थापना दिवस बड़े ही धूम धाम से मनाया जाएगा साथ ही अपने कार्यालय की सजावट करना है व मिठाई बांटेंगे कार्यालय एवं अपने अपने घरों पर भाजपा के ध्वज को ध्वजारोहण करना है ध्वज के साथ सेल्फी लेना है एवं शोशल मीडिया में पोस्ट करना है एवं 07 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पण्डित दीन दयाल उपाध्याय एवं भारत माता का चित्र लगाकर पुष्पान्जलि करना है घरों पर ध्वज फहराकर स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाना है व शोशल मीडिया पर पोस्ट करना है मण्डल अध्यक्ष स्तर से ऊपर के सभी कार्यकर्ता गांव शहर वार्ड में प्रवास करेंगे जिसमें जिला पंचायत सदस्य, सभासद,सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि प्रवास करेंगे साथ ही विभिन्न योजनाओं के 10 लाभार्थियों से मिलना और चर्चा करना है व ये भी बताया कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 06 अप्रैल 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया जिसके प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए इस अप्रतिम कार्यकाल के मध्य ही आगामी महीने में भाजपा का 45 वाँ स्थापना दिवस बड़े स्तर पर आयोजित किया जाना है ऐसे तमाम बातों को विस्तार से बताया इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक व जिला महामंत्री दीप चन्द्र दिवाकर, सह संयोजक व जिला मंत्री शीलू पाण्डेय, दिनेश पाण्डेय, उमेश केसरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर,पूर्व जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी, क्षेत्रीय महामंत्री संतोष पटेल,जिला महामंत्री संजय जायसवाल, जय प्रकाश विश्वकर्मा,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश मौर्य, हुबलाल दिवाकर, सहित मण्डल अध्यक्षगण, मण्डल महामंत्रीगण, कार्यकर्तागण, उपस्थित रहे।

शिक्षा का संदेश लेकर निकली स्कूल चलो अभियान रैली

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। जनपद के सिराथू ब्लॉक क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक विशेष पहल की गई। प्राथमिक विद्यालय मवई केवट में स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली गई। रैली की शुरुआत विद्यालय परिसर में डायट मेन्टर डॉ0 संदीप तिवारी ने बच्चो को रोली टीका लगाकर किया। इसमें नए और पुराने छात्र, उनके अभिभावक और स्कूल स्टाफ शामिल हुए। बच्चों ने शिक्षाप्रद नारों वाली तख्तियां हाथों में थामी हुई थीं। शिक्षा का दीप जलाना है, हर बच्चे को स्कूल पहुंचाना है जैसे नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। शिक्षकों और विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। रैली गांव की गलियों और मोहल्लों से होकर गुजरी। इस दौरान अभिभावकों को बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया गया। डायट प्रवक्ता व सिराथू मेन्टर संदीप तिवारी ने बच्चों को पुस्तक वितरण किया । विद्यालय के प्रधानाध्यापक ईश्वरी प्रसाद शुक्ल ने कहा कि बच्चों की शिक्षा उनके उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करना सबकी जिम्मेदारी है। रैली का प्रभाव सकारात्मक रहा। अभिभावकों ने अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने का संकल्प लिया। शिक्षा का उजियारा हर घर तक पहुंचाएंगे, कोई बच्चा स्कूल जाने से न छूटे के नारे के साथ रैली का समापन हुआ।इस मौके पर डायट मेन्टर संदीप तिवारी,शोभा देवी,वहीदा नीलम,नसीमा बेगम और अशोक कुमार मौजूद रहे।

बीईओ ने नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत कर रिपोर्ट कार्ड का किया वितरण

कौशाम्बी। कड़ा ब्लॉक प्राथमिक विद्यालय पचासा में बुधवार को बीईओ नीरज कुमार उमराव ने नए नामांकन को आए छात्रों व उनके अभिभावकों का स्वागत किया साथ कक्षा पांच के उत्तीर्ण छात्रों को रिपोर्ट कार्ड वितरित कर आगे पढ़ाई पूरे मनोयोग करने की शुभकामनाएं दी। बीईओ ने बताया कि शिक्षा हमें योग्य नागरिक बनाती है। इसलिए हम सभी का कर्तव्य है कि अपने बच्चों खासकर बालिकाओं को स्कूल जरूर पढ़ने भेजें। कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार की मंशा है कि हर बालक बालिका स्कूल पढ़ने जरूर जाय। इसी लिए सरकार कक्षा आठ तक की बालिकाओं व बालकों को मुफ्त शिक्षा के साथ उनको मिड डे मील, निःशुल्क पुस्तकें, बैग, ड्रेस, जूता मौजा आदि सुविधाएं मुहैया करा रही हैं।इसके पूर्व विद्यालय के शिक्षक कृष्ण कुमार जायसवाल की अगुआई में छात्रों ने पूरे गांव स्कूल चलो अभियान रैली निकालकर शिक्षा के महत्व पर सन्देश देने के साथ साथ अभिभावकों को परिषदीय विद्यालय में अपने बच्चों के दाखिला कराने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापकध्यक्ष रेनू सिंह,शिक्षक हंसराज,प्रदीप सिंह,आकांक्षा सिंह, रवींद्र नाथ चेतक,एआरपी किशोर गुप्ता, निवर्तमान एआरपी रामकृष्ण साहू व अभिभावकगण मौजूद रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोहा

प्राथमिक विद्यालय पचासा में रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह के दौरान बच्चों की प्रस्तुति सभी लोगों का मन मोह लिया।

इस दौरान मेरे घर राम आए हैं, जिस देश में गंगा रहता है...जैसी प्रभावपूर्ण प्रस्तुतियां दी गई। स्काउट एवं गाइड के बच्चों ने शिक्षक रवीन्द्रनाथ चेतक के दिशा निर्देशन में अतिथियों का स्वागत किया।

संक्षिप्त ख़बरें

14 अप्रैल को प्रखंड स्तरीय अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर महाबैठक संपन्न

कार्यक्रम हेतु कमिटी की हुई गठन, अध्यक्ष सुभाष दास एवं सचिव बने रामदेव पासवान

टंडवा, चतरा, झारखंड- अखिल भारतीय अनुसूचित जाति की बैनर तले गुरुवार को स्थानीय नगर भवन में प्रखंड स्तरीय महाबैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी रामदेव पासवान एवं संचालन प्रयाग दास ने किया। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रखंड स्तरीय जयंती समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। जिसे सफल संचालन के लिए कमिटी की पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष सुभाष दास,सचिव रामदेव पासवान,कोषाध्यक्ष रविंद्र दास एवं उपाध्यक्ष सुबेष राम,रामवतार राम, प्रयाग दास,विजय पासवान, अर्जुन दास,अमेरिका राम, उपसचिव पिंटू राम,मिथलेश रजक व अन्य मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान,सचिन्द्र राम को चयन किया गया। नवयुक्त सभी पदाधिकारी ने आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहब की जयंती समारोह धूमधाम के साथ मनाने की संकल्प लिया। बैठक में सुबेष राम, रामोतार राम, गोविंद पासवान,राजेंद्र राम, राजकुमार राम,संतोष राम, रंजीत राम,अशोक राम, संजय राम,विजय पासवान समेत अन्य मौजूद थे।

कलश यात्रा के दौरान महिलाओं पर पथराव की घटना घोर निंदनीय है - बाबूलाल मरांडी

राज्य सरकार और प्रशासन की पूरी तरह से विफलता का स्पष्ट प्रमाण भी है

गिरिडीह, झारखंड- मंगलवार को गिरिडीह में दो पक्षों के बीच झड़प के बाद क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। इस घटना को लेकर झारखंड के नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि कोडरमा में कलश यात्रा और गिरिडीह में रामनवमी भजन के दौरान हुए पथराव राज्य सरकार की विफलता का प्रमाण हैं। मरांडी ने महिलाओं पर पथराव की घटना को घोर निंदनीय बताते हुए कहा कि झारखंड में हालात अब बंगाल से भी बदतर हो चुके हैं। उन्होंने सरकार से पत्थरबाजों पर सख्त से सख्त कार्रवाई और अविलम्ब गिरफ्तारी की मांग की है ताकि पर्व-त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जा सके। इस बीच, पुलिस प्रशासन ने घटनास्थल का दौरा कर उपद्रवियों की तलाश शुरू कर दी है और हालात पर काबू पाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनात किया गया है।

वन विभाग की बड़ी कार्रवाई- 10 पीस सखुआ बोटा समेत ट्रैक्टर जब्त

साहिबगंज, झारखंड- वन विभाग ने अवैध लकड़ी कटाई के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए आमजोड़ी सागवान बागान के पास एक बड़ा अभियान चलाया। इस दौरान वन विभाग की टीम ने 10 पीस सखुआ बोटा और एक स्वराज ट्रैक्टर जब्त किया। गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग को जानकारी मिली थी कि आमजोड़ी सागवान बागान क्षेत्र में अवैध रूप से लकड़ी काटी जा रही है द्य इस सूचना के मद्देनजर विभाग ने तत्काल रात्रि गश्ती बढ़ा दी। गश्ती के दौरान संदिग्ध गतिविधियां नजर आने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर दबिश दी और 10 पीस सखुआ बोटा के साथ एक स्वराज ट्रैक्टर बरामद किया। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस मामले की विस्तृत जांच जारी है और अवैध कटाई में शामिल दोषियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। विभाग ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी इस गैरकानूनी गतिविधि में शामिल पाया जाएगा, उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में वनपाल राणा रणजीत के नेतृत्व में वनरक्षी सनी रजक, अंकित झा समेत अन्य वनकर्मी मौजूद थे।

चौपारण के जंगलों में आग का तांडव, वन्यजीव और पर्यावरण को भारी नुकसान

स्वतंत्र प्रभात

चौपारण, झारखंड- प्रखंड क्षेत्र के जंगलों में लगातार आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे पर्यावरण और जैव विविधता को भारी नुकसान हो रहा है। ताजा मामला केसठ जंगल का है, जहां बीती रात भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम सक्रिय हुई और वनपाल पंकज कुमार के नेतृत्व में कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।वनपाल पंकज कुमार ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह संदेह जताया जा रहा है कि महुआ चुनने वाले कुछ लोग और असामाजिक तत्व जानबूझकर जंगलों में आग लगा रहे हैं। इस तरह की घटनाएं न केवल वन्यजीवों और वृक्षों को प्रभावित कर रही हैं, बल्कि भीषण गर्मी और जल संकट को भी गहराने का खतरा बढ़ गया है।

वन विभाग की कड़ी चेतावनी

वन विभाग ने संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और आग लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। साथ ही, स्थानीय लोगों से भी जंगलों की सुरक्षा में सहयोग करने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि अगर जंगलों में आग की घटनाएं नहीं रोकी गईं, तो आने वाले दिनों में पर्यावरण असंतुलन और विकराल गर्मी की समस्या गंभीर हो सकती है। वन प्रशासन अब ऐसे मामलों पर सख्त कदम उठाने की तैयारी में है ताकि जंगलों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

नेत्र चिकित्सकों के साथ मिलकर नेत्र स्वास्थ्य शोध पर की चर्चा

चित्रकूट - सदगुरू नेत्र चिकित्सालय का नेत्र स्वास्थ्य और निवारक नेत्र चिकित्सा के प्रोफेसर नाथन कॉन्गडन ने दौरा किया। उन्होंने चिकित्सालय प्रबंधन और नेत्र चिकित्सकों के साथ मिलकर नेत्र स्वास्थ्य शोध पर चर्चा की।

प्रोफेसर कॉन्गडन नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में अपने अभूतपूर्व योगदान के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। वर्तमान में प्रो. कॉन्गडन क्वीन' स यूनिवर्सिटी बेलफास्ट में ग्लोबल आई हेल्थ के लिए उल्वरस्क्रॉफ्ट चेयर, ऑर्बिस इंटरनेशनल में रिसर्च डायरेक्टर सहित कई प्रतिष्ठित पदों पर कार्यरत हैं।

सदुरु नेत्र चिकित्सालय में अपने दौरे के दौरान प्रोफेसर कॉन्गडन ने नेत्र स्वास्थ्य शोध के क्षेत्र में वैश्विक संस्थानों और स्थानीय स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के बीच सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। चिकित्सालय ट्रस्टी डॉ बीके जैन ने सीईओ डॉ इलेश जैन ने प्रो. कॉन्गडन को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह् भेंटकर सम्मानित किया।

नमनदीप पब्लिक स्कूल दनुआ में वार्षिक परीक्षाफल का हुआ प्रकाशन, बच्चों ने लहराया परचम

स्वतंत्र प्रभात

चौपारण हजारीबाग झारखंड- चौपारण प्रखण्ड के अन्तर्गत ग्राम दनुआ में संचालित नमनदीप पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल घोषित हुआ। इसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा छठी तक का परिणाम जारी किया गया। कक्षा नर्सरी से - रंजना कुमारी, अहद आलम, कक्षा एल. के.जी से - प्राची कुमारी, कक्षा - यू. के. जी. आरव केशरी, कक्षा एक से निशा कुमारी, कक्षा दो से रितिक केशरी , कक्षा तीन से अमित कुमार, कक्षा चार से फुजैल आलम, कक्षा पाच से प्रिंस केशरी तथा कक्षा छ- से मंजित कुमारनन ने अव्वल स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के निर्देशक सह प्रधानाध्यापक शिक्षक सतिश केशरी ने इन सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मोके पर विद्यालय परिवार की ओर से बेहतर करने वाले बच्चों को- सिल्ड, मेडल, डायरी और लंचबाक्स देकर सम्मानित किया गया । इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक अमित केशरी, रंजन रजक, मोनिका कुमारी, अंजलि कुमारी , उमेश दास,राखी कुमारी सहित कई अभिभावकगण मौजूद थे।

भक्ति-भाव से श्रद्धालुओं ने की माता कुष्मांडा की पूजा

चैत्र नवरात्र में प्रखण्ड के कण-कण में बिखर रही है पवित्रता की सुगंध

स्वतंत्र प्रभात

पाकुड़िया/पाकुड़/झारखंड- मंगलमयी चैत्र नवरात्र में पाकुड़िया प्रखंड के चहुँओर माता की भक्ति पूर्ण अर्चना और हवन से वातावरण में अपूर्व पवित्रता की सुगंध व्याप्त हो रही है। शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को भक्तों ने मां दुर्गा के कांतिमय चतुर्थ स्वरूप माता कुष्मांडा की श्रद्धा-भक्ति से आराधना की और मंगलकामना की। इस बार्सतिक नवरात्र की पूनीत बेला में प्रखंड के फुलझिंझरी ग्राम स्थित दुर्गा मंदिर में मां की दिव्य-भव्य प्रतिमा गढ़ी गई है। चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि से मां शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा एवं चतुर्थी के दिन माता कुष्मांडा की उपासना पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ की गई। इस मांगलिक अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर मां से सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

वहीं, प्रखंड के विभिन्न गांवों में भी भक्तों द्वारा कलश स्थापना कर माता की पूजा की जा रही है। आध्यात्मिक उल्लास से भाव-विभोर श्रद्धालु भजन-कीर्तन और पूजन-अर्चन में संलग्न हैं। ऋतुराज बसंत के आगमन से प्रकृति भी श्रृंगार कर रही है, और माता के शुभागमन की आहट से संपूर्ण वातावरण में उल्लास का संचार हो रहा है। प्राकृतिक सुषमा के इस अनुपम सौंदर्य के बीच भक्तों का आस्था भाव और गहराता जा रहा है।

बच्चों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

षिवरामपुर, चित्रकूट- प्राथमिक विधालय मऊ (ब) क्षेत्र व जनपद चित्रकूट में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान अत्रिमुनि यादव तथा अध्यक्ष सुशील कुमार चौबे रहे। ग्राम मऊ (ब) के गणमान्य नागरिक व अभिभावक गण उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकरण पटेल ने सभी का स्वागत किया। बच्चों के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। उपस्थित लोगों ने कार्यकम की भूरि - भूरि प्रशंसा की। प्रधानाध्यापक ने बताया कि हमारा विद्यालय निपुण विद्यालय है। विद्यालय को निपुण बनाने मे विद्यालय की सहायक अध्यापिका नेहा पटेल व सविता पटेल की भूमिका सराहनीय रही। प्रधानाध्यापक ने सभी अभिभावकों से प्रतिदिन बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए कहा। सभी कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरुस्कार वितरित किया गया। प्रधानाध्यापक राजकरण पटेल द्वारा सभी अध्यापकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

पाकुड़िया में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

अफवाहों से बचें, संदिग्ध व्यक्ति दिखने पर प्रशासन को सूचित करें- बीडीओ



स्वतंत्र प्रभात

पाकुड़िया/पाकुड़/झारखंड- बीते बुधवार को पाकुड़िया थाना परिसर में शांति समिति की आवश्यक बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सोमनाथ बनर्जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर बाबूराम भगत, विधायक प्रतिनिधि सह प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा, झामुमो जिला प्रभारी हरिवंश चौबे, सांसद प्रतिनिधि खुर्शीद आलम, पाकुड़िया पंचायत मुखिया अनिता सोरेन, बनो ग्राम पंचायत मुखिया बनियापसार, कांग्रेस अध्यक्ष मो. इस्लाम सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बीडीओ सोमनाथ बनर्जी ने कहा कि क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के दिखने पर तुरंत प्रशासन को सूचित करें और किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि संदेहास्पद लोगों के साथ किसी प्रकार की मारपीट न करें, बल्कि कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए सूचना प्रशासन तक पहुंचाएं।

थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह और पुलिस इंस्पेक्टर बाबूराम भगत ने भी लोगों को आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन हर स्थिति में सहयोग के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अफवाहों पर विश्वास न करें और यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। बैठक में ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने भी अपनी समस्याएं रखीं। विशेष रूप से, पेयजल की समस्या को गंभीर मुद्दा बताते हुए प्रशासन से समाधान की मांग की गई। अंत में, प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी को धन्यवाद देते हुए बैठक का समापन किया।

किसान समस्याओं का निराकरण न होने पर लखनऊ में आंदोलन

स्वतंत्र प्रभात

चित्रकूट- भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के प्रदेष अध्यक्ष हरिनाथ सिंह वर्मा व युवा प्रदेष अध्यक्ष दिगंबर सिंह ने बुधवार को संगठन पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने बुंदेलखंड में संगठन कार्यो की समीक्षा की। धर्मनगरी में हुई समीक्षा बैठक में चित्रकूट जिलाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रताप सिंह ने जिले में किसानों की समस्याओं की जानकारी प्रदेष अध्यक्ष को देते हुए बताया कि यहां अन्ना जानवर, समय पर सिंचाई के लिए पानी न मिलने और जंगली जानवरों द्वारा किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाने की समस्याएं प्रमुख हैं। पदाधिकारियों के जरिए स्थानीय जन समस्याओं की जानकारी लेने के बाद प्रदेष अध्यक्ष हरिनाथ सिंह वर्मा ने कहा कि किसान समस्याओं का निराकरण न होने पर प्रदेष की राजधानी लखनऊ में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंनें संगठन को मजबूत करने के लिए जोर देते हुए कहा कि किसान समस्याओं को लेकर संघर्ष करने के लिए सभी लोग तैयार रहें। बैठक के बाद प्रदेष अध्यक्ष व युवा प्रदेष अध्यक्ष के साथ कृषि उत्पादन मंडी समिति में खुले गेहूं खरीद केंद्रों का निरीक्षण किया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बलराम तिवारी ने की। इस मौके पर बांदा जिलाध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी, जालौन जिलाध्यक्ष दिनेष यादव, सीता मिश्र, तुलसा, रचना सेन, वीरेंद्र सिंह, अष्वनी द्विवेदी, राजेंद्र यादव, आषीष पांडेय, छेदी, श्यामू, जनमेजय सिंह, सुमित व छवि आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय गुरू को किया सम्मानित

चित्रकूट- सदर तहसील के पुरवा तरौंहा स्थित आयुष ग्राम ट्रस्ट पहुंचकर भाजपा के प्रदेष परिषद सदस्य षिवषंकर सिंह ने हाल ही में भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुरू बनाए गए डॉ मदन गोपाल वाजपेयी को सम्मानित किया। उन्होंने डॉ वाजपेयी को अंग वस्त्र भेंट करते हुए षुभकामनाएं दी। इस मौके पर भाजपा के सेक्टर संयोजक रामकिषोर पांडेय, मंडल उपाध्यक्ष भारतेंदु गौतम आदि मौजूद रहे।

षिविर लगाकर विभागीय योजनाओं को किया जाएगा प्रचारित

स्वतंत्र प्रभात

चित्रकूट- निर्माण श्रमिकों के पंजीयन, नवीनीकरण वं योजनाओं के हितलाभ प्राप्त करने के प्रचार-प्रसार करने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाकर जनपद के सभी लेबर अड्डो ब्लाक, तहसील, नगर पालिका, नगर पंचायत व जिला मुख्यालय स्तर पर एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक कैम्प का आयोजन होंगे। सहायक श्रम आयुक्त आरके गुप्ता ने बताया कि जिसके क्रम में विकास खंड कर्वी में 2 अप्रैल व 15 अप्रैल को, विकास खंड पहाड़ी में 3 व 4 अप्रैल को, विकास खंड रामनगर में 5, 13 ,व 21 अप्रैल को, विकास खंड मानिकपुर में 7, 15 व 23 अप्रैल को व विकास खंड मऊ में 9, 17 व 25 अप्रैल को निर्माण श्रमिकों के पंजीयन, नवीनीकरण कराने सहित श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लिये जाने हेतु जनजागरूकता कैम्प का आयोजन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त लेवर अड्डा ट्रैफिक चौराहा में 4 अप्रैल को, लेवर अड्डा सीतापुर 14 अप्रैल को, लेवर अड्डा मानिकपुर बस स्टैंड में 4, 19 व 26 अप्रैल सहित कार्यालय सहायक श्रमायुक्त कर्वी में 11 व 30 अप्रैल को भी कैम्प का आयोजन किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि सभी निर्माण श्रमिकों से अपील की जाती है कि उपरोक्त कैम्पों मे भारी संख्या में उपस्थित होकर अपने-अपने पंजीयन/नवीनीकरण कराकर पात्रता के अनुसार हितलाभ योजनाओं में आवेदन ऑनलाइन कराना सुनिष्चित करें। जिससे उन्हें लाभान्वित किया जा सके। इसी के साथ असंगठित कर्मकारों व लघु व्यापारियों से भी अपील की जाती है कि वह प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंषन योजना के अन्तर्गत ऑनलाइन पंजीयन कराकर हितलाभ के लिए पात्रता की श्रेणी से आच्छादित हो जायें।

मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन गुरूवार को

चित्रकूट- सचिव चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद ने बताया कि प्राधिकरण क्षेत्रांतर्गत स्वीकृत हेतु प्राप्त के त्वरित निस्तारण के लिए प्राधिकरण द्वारा माह के प्रथम गुरूवार को मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन अपरान्ह 01 बजे से 05 बजे तक प्राधिकरण कार्यालय में किया जायेगा। अप्रैल 2025 में दिनांक 03, 17 एवं 24 को आयोजित समाधान दिवस में सभी संबंधित भवन मानचित्र प्रस्तुतकर्ता, सम्बंधित विभाग व सभी अनुज्ञा प्राप्त मानचित्रकार आर्किटेक्ट उपस्थित रहेंगे। जिससे सम्बंधित मानचित्र की आपत्तियों का तत्काल निराकरण करते हुए भवन मानचित्र स्वीकृति की कार्यवाही संपन्न की जा सके। सभी सम्बंधित उक्त तिथि, स्थान व समय पर उपस्थित होकर इस सुविधा का लाभ उठायें।

पार्टी के कार्यकर्ताओं को लगकर सम्पन्न कराने होंगे कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात

चित्रकूट- भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व के तहत भाजपा चित्रकूट की महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत में प्रदेष सरकार के आठ साल पूरे होने पर आयोजित हुये कार्यक्रमों के बारे कार्यक्रम संयोजक आनंद पटेल ने जानकारी दी। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी अनिल यादव ने कहा कि पार्टी द्वारा सतत कोई न कोई कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं। आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में बताया कि 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित होंगे और सभी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने घरों में झंडा लगाना हैं। 7 अप्रैल को सभी 852 बूथों पर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जाएगा 8-9 अप्रैल को विधानसभा वार सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक गांव चलो अभियान कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों से सम्पर्क किया जायेगा, प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन युवा मोर्चा द्वारा बाइक रैली व महिला मोर्चा द्वारा महिला सम्पर्क अभियान चलाया जाएगा। इन सभी कार्यक्रमों में पार्टी के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को लगकर सम्पन्न कराने हैं।

जिला अध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने कहा कि पार्टी द्वारा जो भी कार्यक्रम आयोजित होने है उनके संयोजक और सह संयोजक बना दिये गये है मंडल स्तर पर कार्यो का विभाजन कर दिया गया है सभी को मिलकर कार्यक्रमों को सम्पन्न कराने का काम करना है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, चन्द्रप्रकाश खरे राजेश जायसवाल, राजीव त्रिपाठी, आलोक पांडेय, अश्विनी अवस्थी, हरिओम करवरिया, ब्रजेश पांडेय, अंजू वर्मा, विपुल प्रताप सिंह, मनोज तिवारी, संजय पांडेय, प्रेमलाल बाल्मीकि, विकास मिश्र, राजेश्वरी द्विवेदी, दिव्या त्रिपाठी, हीरो मिश्रा, रवि गुप्ता, सुशील द्विवेदी, दशरथ प्रजापति, मुन्नालाल प्रजापति ,राजा मिश्रा,लवलेश निषाद, राकेश कोल,दिनेश पटेल, श्रवण पटेल, मनीष सिंह, आशीष पांडेय आदि मौजूद रहे।

चकबंदी के कार्यो तेजी से करने के लिए डीएम ने किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात

चित्रकूट- जिला उप संचालक चकबंदी जिला अधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा चकबंदी कार्यो की समीक्षा बैठक जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा वर्ष 2024- 25 के लिए चकबंदी निदेशालय से प्राप्त लक्ष्य की पूर्ति होने एवं चकबंदी के कार्यो को सकुशल व तेजी से करने के लिए सहायक चकबंदी अधिकारी सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, राजीव कुमार, चकबंदी कर्ता छत्रपाल ओम प्रकाश शर्मा, सुनील कुमार, चकबंदी लेखपाल निलेश कुमारी, अमित राणा, देवेंद्र कुमार साहू, नीरज कुमार व नागेंद्र कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि चकबंदी आयुक्त के द्वारा दिए गए निर्देशन एवं आदेशों का सन 2025 व 2026 में पूर्ण रूप से पालन करते हुए चकबंदी के कार्यो को सुचिता पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि चकबंदी प्राधिकारियों द्वारा गांव में जाकर चकबंदी वादों का निस्तारण तेजी से करें। जिससे की चकबंदी कार्यो का फायदा किसानों को अधिक से अधिक मिल सके। उन्होंने कहा कि सभी लेखपाल सर्वे तरमीम एवं पड़ताल के कार्यो में तेजी लाएं तथा वर्ष 2025 -26 हेतु बनाए गए लक्ष्यों को मानक कारगुजारी के अनुसार पूर्ण करें।

उन्होंने कहा कि कार्य योजना जनपद चित्रकूट का निदेशालय को भेजा गया है इस कार्य योजना के अनुसार चकबंदी अधिकारी और चकबंदी कर्मचारी चकबंदी कार्यो को पूर्ण करें। तथा उप संचालक चकबंदी अपर जिलाधिकारी न्यायिक चित्रकूट राजेश प्रसाद को निर्देशित किया कि प्रत्येक सप्ताह चकबंदी अधिकारी एवं सहायक चकबंदी अधिकारी के कार्यो की समीक्षा करके कार्यवृत्ति भेजें। समीक्षा के दौरान उन्होंने चकबंदी अधिकारी शरद चंद्र यादव एवं शैलेन्द्र द्विवेदी के अनुपस्थित रहने के कारण बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल वर्धन को निर्देशित किया कि कारण बताओ नोटिस जारी करें। इस मौके पर चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी सहित लेखपाल चकबंदी कर्ता सहायक चकबंदी अधिकारी मौजूद रहे।

एनटीपीसी द्वारा संचालित डीएवी पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

डीएवी स्कूल में माता-पिता उन्मुखीकरण व शिशु अभिसंस्करण समारोह मना

स्वतंत्र प्रभात

टंडवा, चतरा, झारखंड- बुधवार को एनटीपीसी द्वारा संचालित डीएवी पब्लिक स्कूल में नव नामांकित छात्रों व उनके अभिभावकों की मौजूदगी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मूल उद्देश्य बच्चों में सुदृढ़ भाषा,संस्कार और सद्चरित्र निर्माण की संकल्पना थी। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विद्यालय के शिक्षकों द्वारा वैदिक परंपरानुसार दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। वहीं अभिभावक विद्यालय के परंपरा और शिक्षण गुणवत्ता से रूबरू हुए। संबोधित करते हुए प्राचार्य पुष्प कुमार झा ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को अंकों के आधार पर नहीं बल्कि उनमें निहित भाषा व चारित्रिक गुणवत्ताओं से करें। आगे कहा कि विद्यालय प्रबंधन का सतत लक्ष्य अबोध बालकों को संस्कृति व संस्कारों के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करते हुवे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से उन्हें संवारना है। देश को ज्ञान-विज्ञान के साथ-साथ आदर्श भारतीय संस्कारों से युक्त शैक्षणिक पद्धति की आवश्यकता है जहां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये पूरक शिक्षा और सद्चरित्र निहित हैं।कार्यक्रम की समाप्ति वैदिक स्वस्तिवाचन शांति पाठ से हुई। इस मौके पर अध्यापक संतोष कुमार मंडल,अदिति सिंह,दीपाली आचार्या, पीटीए शिक्षक सुनील कुमार चौरसिया समेत नामांकित स्कूली बच्चे व उनके अभिभावक मौजूद थे।

पुलिस ने बैंक व वित्तीय संस्थानों में की चेकिंग

चित्रकूट- पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी गण के नेतृत्व में थाना क्षेत्रान्तर्गत आने वाले बैंक वित्तीय संस्थानों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान बैंक सुरक्षा रजिस्टर को चेक किया गया एवं डियूटी में लगे पुलिसकर्मियों को सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक निर्देश दिये एवं सतर्कतापूर्वक डियूटी करने हेतु बताया गया। बैंक में लगे अलार्म सायरन, सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण कर चेक किया गया कि सही प्रकार से कार्य कर रहे है या नहीं तथा शाखा प्रबंधकों से सुरक्षा सम्बन्धी वार्ता की गयी । परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी और अनावश्यक रूप से बैठे व्यक्तियों को परिसर से बाहर कर निर्देश दिये गये।

खेल स्टेडियम के सभी छोरों में लगवाई जाए हाई मास्ट लाइट - मोदी

स्वतंत्र प्रभात

चंदवा, झारखंड- चंदवा के एकमात्र खेल स्टेडियम में डीएमएफटी फंड से एक हाई मास्ट लाइट लगवाई गई है, जिससे स्टेडियम के एक छोर में रोशनी हो रही है। सामाजिक कार्यकर्ता जयप्रकाश मोदी ने स्थानीय विधायक प्रकाश राम और लातेहार उपायुक्त से खेल स्टेडियम के चारों ओर हाई मास्ट लाइट लगवाने की मांग की है। जयप्रकाश मोदी ने कहा कि उच्च कोटि की हाई मास्ट लाइट लगाने से रात में भी खेलों का आयोजन संभव हो जाएगा, जिससे खिलाड़ियों को अधिक अभ्यास का समय मिलेगा और दर्शकों को भी खेल का आनंद लेने का मौका मिलेगा। अच्छी रोशनी से स्टेडियम में सुरक्षा भी बढ़ेगी, क्योंकि अंधेरे में होने वाले अपराधों की संभावना कम हो जाएगी। श्री मोदी ने कहा कि चंदवा के बीचों-बीच स्थित यह एकमात्र खेल स्टेडियम है, जहां खेलने के अलावा बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मॉर्निंग और इवनिंग वॉक के लिए आते हैं। उन्होंने हाई मास्ट लाइट के अलावा फील्ड के सुंदरीकरण की भी मांग की है। इस मांग का समर्थन करने वालों में अंकित कुमार, जयशंकर, सुमन कुमार, दारा सिंह, राजा तिवारी, मो. अफजल समेत कई खेल प्रेमी शामिल हैं।

सीने में खंजर उतारकर ड्राम में पैक करने वाली माशूकाएं

पति पत्नी के बीच वैचारिक मतभेद तो आदिकाल से रहा है हमारी पौराणिक कथाओं में माता पार्वती द्वारा शिव की सलाह नहीं मानने पर ससुर दक्ष के यज्ञ में उपस्थिति और अपमान होने पर यज्ञ में कूद कर सती होने की कथा दर्ज है लेकिन आज के कलियुग दौर में सभ्यता संस्कृति और संस्कार का पतन इस कदर हुआ है कि शक्ति स्वरूपा तमाम सामाजिक वर्जनाओं को तोड़कर पति के खून से रंगे हाथों में आशिक के नाम की मेहंदी सजाने की कोशिश में जेल के सीखचों के पीछे पहुंच रही हैं। पहले कभी वर्ष दो वर्ष में इस तरह की वारदात सामने आती थी लेकिन अब तो इस तरह की दिल दहलाने वाली वारदातों की झड़ी लगी है। पिछले कुछ वक्त से देश के अलग-अलग हिस्सों से ऐसी खबरें आ रही हैं, जिनमें पति पत्नी का और पत्नी पति का कत्ल कर देती है। यूनाइटेड नेशन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पूरी दुनिया में हर साल करीब 50 हजार महिलाओं या लड़कियों का कत्ल हो जाता है। ऐसे 60 फीसदी मामलों में कातिल कोई अपना पार्टनर, पति या फिर कोई फैमली मेंबर होता है। एक रिपोर्ट कहती है कि देशभर में हर साल औसतन सवा दो सौ लोगों को उनकी पत्नियां कत्ल कर देती है। और लगभग पौने तीन सौ पत्नियां अपने पति के हाथों मारी जाती हैं। एनसीआरबी के 2022 के आंकड़ों के मुताबिक पूरे देश में कुल 28 हजार 522 कत्ल के मामले सामने आए. ये तमाम कत्ल 19 अलग अलग वजहों से हुए. मसलन, निजि दुश्मनी, सांप्रदायिक और धार्मिक वजह, राजनीतिक वजह, डायन प्रथा, जातिवाद, विवाद, या लूट-डकैती. पर परेशान करने वाली बात ये है कि इन 19 वजहों में से तीसरी और चौथी नंबर पर कत्ल की जो वजह बनी वो इश्क, धोखा, फरेब और शादी के बाद के संबंध थे. 28 हजार 522 कत्ल के कुल मामलों में से कुल 2 हजार 821 कत्ल इसी वजह से हुए।

आपको बता दें कि ऐसा नहीं है कि अवैध संबंध और प्यार आशिकी में पहले कत्ल नहीं हुआ करते थे. पहले भी आशिकों ने हाथों में खंजर या तमंचे उठाए हैं. लेकिन 2010 के बाद से पति-पत्नी, इश्क, बेवफाई और अवैध संबंध की वजह से होने वाले कत्ल की तादाद तेजी से बढ़ी. पिछले 15 सालों के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो साफ पता चलता है कि जैसे जैसे सोशल मीडिया का चलन बढ़ा पति पत्नी के रिश्ते, शादी के बाद के संबंध और इश्क और खूनी होता चला गया।

भारत में क्राइम का डाटा रखने वाली नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो भी अलग से ये जानकारी नहीं देती है कि देश में हर साल कितने पति अपनी पत्नी का या पत्नी अपने पति का कत्ल करती हैं. लेकिन लव अफेयर और संबंधों को लेकर होने वाले कत्ल के बारे में एनसीआरबी डाटा जरूर देती है. एनसीआरबी के सबसे ताजा 2022 के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि इश्क और रिश्तों में लोग अब जान नहीं देते. जान लेते हैं. भारत में जिन वजहों से सबसे ज्यादा कत्ल होते हैं. उनमें लव अफेयर और शादी के बाद संबंधों के मामलों में होने वाला कत्ल तीसरे और चौथे नंबर पर आता है. देश में होने वाले हर 10 में से औसतन एक कत्ल किसी ना किसी आशिक-माशूक या पति-पत्नी के हाथ से ही होता है. आंकड़ों के हिसाब से 2010 से 2014 के दरम्यान लव अफेयर और संबंधों की वजह से होने वाले कत्ल का प्रतिशत 7 से 8 फीसदी था. लेकिन 2015 से 2022 के दरम्यान ये बढ़कर 10 से 11 फीसदी हो गया. और ये गिनती लगातार बढ़ती जा रही है. एनसीआरबी के ही एक रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में देशभर में खुदकुशी के कुल 17 हजार 924 केस दर्ज हुए थे. जिनमें से अकेले शादी से जुड़े मामलों में 8 हजार 204 पति या पत्नी ने खुदकुशी की. जबकि इश्क के चलते 7 हजार 692 प्रेमी जोड़ों में से किसी एक ने खुदकुशी कर ली. इसके अलावा अवैध संबंधों की वजह से भी 855 लोगों ने खुदकुशी की. नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के एक आंकड़े के मुताबिक 4 फीसदी शादीशुदा महिलाओं ने ये माना है कि वो अपने पति को शारीरिक तौर पर चोट पहुंचाती है. इसी तरह स्टडी ऑफ इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉपुलेशन साइंस की एक रिपोर्ट के मुताबिक वो नौकरीपेशा महिलाएं जो पैसे कमाती हैं और मोबाइल का इस्तेमाल करती हैं अपने पति से ज्यादा झगड़ती हैं. रिपोर्ट के मुताबिक महिलाओं की जैसे जैसे उम्र बढ़ती जाती है वो अपने पति से ज्यादा झगड़ने लगती हैं. जबकि पति के मामले में ये उल्टा है. पति की उम्र जैसे जैस बढ़ती है वो बीवियों से झगड़ा कम करने लगते हैं.

स्टडी की ये रिपोर्ट कहती है कि न्यूक्लियर फैमिली में पति पत्नी के बीच हिंसक लड़ाई ज्यादा होती है. इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर एक हजार पति में से 29 पति अपनी पत्नियों की हिंसा का शिकार होते हैं. जबकि न्यूक्लियर फैमिली में यही आंकड़ा पत्नियों के लिए हर एक हजार में 32 है. वैसे पति पत्नी से जुड़े दर्ज कत्ल के केसेज के एक आंकड़े के मुताबिक 2022 में देशभर में पत्नी के हाथों पति के 220 कत्ल के मामले सामने आए थे. इसी दौरान पति के हाथों पत्नी के कत्ल के 270 से ज्यादा मामले सामने आए. फिलहाल 2025 की तो अभी शुरुआत है. 24 का आंकड़ा ह्ष्ट्रक्रक्चने अभी जारी नहीं किया है.लेकिन रिपोर्ट होने वाले आंकड़े डरावने हैं और इन्हीं आंकड़ों को सच करके जब मुस्कान, साहिल, प्रगति, राकेश रौशन ना जाने ऐसे कितने ही नाम और ऐसी कितनी ही तस्वीरें सामने आती हैं तो अहसास करा जाती हैं कि अब मुहब्बत उस अहसास का नाम नहीं रहा जो कभी हर दिल में रहा करता था. वो दौर अलग था, जब नाकाम मोहब्बत में एक दिल के टुकड़े हजार हुआ करते थे. कोई यहां गिरता था, कोई वहां गिरता था. अब दौर बदल चुका है आज आशिक दिल के टुकड़े पर नहीं रुकते बल्कि जिस मोहब्बत का दम भरते हैं, जिस मोहब्बत में जीने मरने की कसमें खाते हैं, उसी मोहब्बत के सीधे टुकड़े कर डालते हैं. जिसकी सच्चाई जब तब कभी ड्रम, फ्रिज, कुकर, बैग, दीवार, फर्श और बेड की शक्ल में हमारे सामने आती है।

अब समझ लीजिए वह दौर अलग था, जब मुहब्बत में जान देने की बातें हुआ करती थीं. हीर रांझा शीरी फरिहाद लैला मजनू के तमाम किस्से अब अतीत बन रहे हैं जब ये दौर अलग है, यहां मुहब्बत खुद दिलों में खंजर उतार कर अपनी ही मुहब्बत की जान ले रही है।

पति-पत्नी के बीच नोंकझोंक मनमुटाव रूठना मनाना जीवन का सहज हिस्सा होता रहा है लेकिन ये तब टीवी, मोबाइल, इंटरनेट, सोशल मीडिया कुछ भी नहीं था न ही सास बहू की सीरियल थी तब हम लोग और नुक्कड़ जैसे पारिवारिक सीरियल थे जिन्हे पूरा परिवार एक साथ देख सकता था। लेकिन एकता कपूर जैसे लोगों के सीरियल का दौर आया जिसमें हर अनैतिक का विवाहेत्तर संबंध दर्शाने का चलन हुआ संस्कृति और संस्कारों का जनाजा निकाल दिया गया मध्यम वर्ग के कुछ खुद को एलीट समझने वाले पति पत्नी को ड्रम, फ्रिज, कुकर, बैग, दीवार, फर्श और बेड के अंदर तक लाश बनाकर पहुंचा देने का सिलसिला शुरू हो गया है , ये अब लगभग हर दूसरे या चौथे दिन देखने को मिल रहा है. अब सबसे बड़ा सवाल ये है कि आखिर सात जन्मों की कसमें खाने वाली या कसमें खाने वाले पति-पत्नी पहला जनम तो छोडिए पहली रात, दूसरे दिन, पहले हफ्ते, या 15 दिन के अंदर ही अपने हाथों से एक दूसरे की जान क्यों ले रहे हैं? इनमें वो पति पत्नी भी शामिल हैं, जिन्होंने घरवालों और पूरी दुनिया से बगावत कर अपनी मर्जी से लव मैरिज की. और वो भी शामिल हैं, जिन्होंने घरवालों की मर्जी से शादी की।

हाल ह नीले ड्रम वाली नशैडी मुस्कान ने सौरभ से लव मैरिज की थी. लव के चक्कर में सौरभ ने अपने घरवालों तक से रिश्ता तोड़ लिया था. घरवाले उसे बेदखल कर चुके थे. मगर मुस्कान का वही लव अचानक इस साहिल का लव बन गया और सौरभ ड्रम में पहुंच गया. ये दूसरी मिसाल है. औरैया की प्रगति. घरवालों ने एक करोड़पति कारोबारी दिलीप से इसका रिश्ता तय किया. दोनों के घरवालों और दूल्हा-दुल्हन की रजामंदी से शादी हुई. मगर प्रगति ने शादी के पंद्रवें दिन ही मुंह दिखाई का पैसा सुपारी किलर को दे दिया. और 15 दिन पुराने अपने पति दिलीप को निपटा दिया। आप जानकर हैरान रह जाएंगे पति पत्नी के लिए सबसे खतरनाक जगह वही घर है, जिस घर को बसाने के लिए दोनों एक रिश्ते में बंधते हैं. हालांकि पति के हाथों पत्नी की और पत्नी के हाथों पति के कत्ल की कितनी वारदातें हुई? इसका सही सही आंकड़ा किसी भी रीसर्च या जांच एजेंसी के पास नहीं है. जाहिर है संस्कारों का पतन भारतीय परिवारों के दांपत्य जीवन को डसने लगा है आगे क्या होगा इस की कल्पना करने मात्र से दिल दहल जाएगा।

मनोज कुमार अग्रवाल

संपादकीय

"आठ साल बेमिसाल" से 27 के चुनाव तक

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने आठ वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस खुशी में एक नारा दिया गया था "आठ साल बेमिसाल" और इस नारे को लेकर प्रदेश के प्रत्येक जनपद में मंत्रियों, विधायकों, सांसदों व जिलाध्यक्षों ने जमकर प्रचार प्रसार कि और सरकार के कामों को गिनाया, कहीं लैपटॉप, कहीं टैबलेट्स तो कही विश्वकर्मा योजना तो कहीं मुद्रा लोन बांटे गए। कुल मिलाकर सरकार ने अपनी खूबियां गिनाई। 2027 में योगी सरकार के दस वर्ष पूरे हो रहे हैं और फिर चुनाव होना है, नई सरकार चुनी जाएगी। अभी हाल ही में उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा का प्रदर्शन अच्छा रहा। यहां तक की लोकसभा चुनाव में जिस अयोध्या सीट को भारतीय जनता पार्टी हार गई थी, विधानसभा उपचुनाव में उसी अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट को भारतीय जनता पार्टी ने अच्छे अंतर से जीत लिया। लेकिन क्या यह प्रदर्शन 27 तक बरकरार रह सकेगा ? इसके लिए भारतीय जनता पार्टी ने अभी से ही तैयारी शुरू कर दी है और वह अब जनता को अपने कार्यों को गिनानें में लग गई है।

उत्तर प्रदेश में यदि विपक्ष को देखें तो इस समय केवल समाजवादी पार्टी ही विपक्ष के रुप में दिखाई दे रही है। कांग्रेस और सपा में बयान बाजी यह प्रश्न उठा रही है कि क्या 27 के विधानसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ सकेंगे ? बहुजन समाज पार्टी शांत है। राष्ट्रीय लोकदल एनडीए में शामिल हो चुका है। पिछले लोकसभा चुनाव में सपा ने अब तक का अपना शानदार प्रदर्शन किया था। और 37 सीटों पर विजय हासिल की थी लेकिन उसके बाद हुए विधानसभा उपचुनाव में सपा का यह भ्रम टूट गया कि वह विधानसभा चुनाव में भी इसी तरह का प्रदर्शन दोहरायेगी। प्रदेश में मुद्दे तो बहुत हैं लेकिन जो मुद्दा जबरदस्त काम कर रहा है वह है हिंदुत्व का मुद्दा। और भारतीय जनता पार्टी समय-समय पर हिंदुत्व का मुद्दा उठाती रहती है। अभी एक पॉडकास्ट में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक प्रश्न के जबाब में कहा था कि त्योहार मनाने के मामले में मुस्लिम समुदाय को हिंदुओं से सीख लेनी चाहिए। दरअसल इस बार ईद के मौके पर राज्य सरकार ने सड़कों पर नमाज अदा करने पर प्रतिबंध लगा दिया था।

कुल मिलाकर योगी आदित्यनाथ सरकार बीच-बीच में कुछ ऐसे कार्य करती आ रही है जिसे हिंदू पसंद कर रहा है और यही इस सरकार की कामयाबी का राज है। हालांकि विपक्ष इसपर खूब कटाक्ष कर रहा है लेकिन योगी आदित्यनाथ सरकार अपने मिशन से पीछे नहीं हट रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तो यहां तक कह दिया कि हम आज जो कार्य कर रहे हैं इसका सकारात्मक परिणाम आगे आने वाले समय में दिखाई देगा। कुल मिलाकर हिंदू खुश हैं, हिंदुत्व चल रहा है। यहां सवाल यह उठता है कि फिर लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को उत्तर प्रदेश में इतनी सफलता कैसे प्राप्त हुई। तो इसका सीधा मतलब है कि सपा ने सीटों का संयोजन बहुत अच्छा किया था और उसी वज़ह से दलित वर्ग काफी हदतक सपा की झोली में गया। यदि आज भी देखा जाए तो सपा और और भाजपा दोनों दलितों को साधने में कोई कमी नहीं छोड़ रहीं हैं। भाजपा हिंदुत्व के साथ साथ दलितों की बस्ती में पहुंच रही है। क्यों 2027 के चुनाव में दलित वोट निर्णायक होने वाला है। सपा ने तो पहले ही घोषणा कर दी है कि वह आगे के चुनाव पीडीए के दम पर ही लड़ेगी। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी सपा के साथ थी, जयंत चौधरी की राष्ट्रीय लोकदल ने भी सपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था जिसका लाभ निश्चित रूप से समाजवादी पार्टी को मिला था। हालांकि कांग्रेस वोट दिलवा तो नहीं सकती लेकिन वोटों का बंटवारा रोक सकती है। इसलिए सपा को हर हाल में कांग्रेस को साथ रखना होगा। भाजपा जानती है कि बहुत सारे छोटे छोटे दल जो उसके साथ हैं भले ही वह अकेले अच्छा प्रदर्शन न कर सकें लेकिन भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने से उनकी ताकत बढ़ जाती है। अपना दल सोने लाल, निषाद पार्टी,सुभासपा जैसे छोटे-छोटे तमाम दल भाजपा के साथ हैं। लेकिन वहीं विपक्ष बिखरा हुआ है। समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी का एक साथ आना मुश्किल लग रहा है। सपा चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी को साथ में रखना नहीं चाहती। वहीं कांग्रेस से अनबन चल रही है। ऐसे में सपा के लिए 2027 का चुनाव संकट में नजर आ रहा है। वही भारतीय जनता पार्टी लगातार अपने आप को मजबूत कर रही है। लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के चयन में मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की पसंद नहीं चली थी। सभी नाम ऊपर से तय हुए थे। लेकिन 2027 के विधानसभा चुनाव में निर्णय पूरी तरह से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों में होगा। प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया पूरी तरह से वो ही देखेंगे जिसका काफी लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिल सकता है। लोकसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश भाजपा में काफी हलचल मची थी। इसको लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट कर दिया था कि प्रत्याशी चयन के कारण ही ये परिणाम आए हैं। बीच में केशव प्रसाद मोर्या की जो नाराज़गी चल रही थी वह भी अब दूर होती दिखाई दे रही है। और अब उपमुख्यमंत्री मुख्यमंत्री के साथ ही दिखाई दे रहे हैं। कुल मिलाकर भारतीय जनता पार्टी के लिए 2027 भी आसान ही दिखाई दे रहा है।

- जितेन्द्र सिंह पत्रकार

वक्फ संशोधन बिल देश की आवश्यकता

भारत जैसे धर्म निरपेक्ष देश में किसी एक सम्प्रदाय विशेष की धार्मिक संस्था के पास भूमि अधिग्रहण के बेशुमार अधिकारों का होना हैरान भी करता है और परेशान भी करता है। यहां चर्चा का विषय वक्फ बोर्ड है। मंगलवार को वक्फ संशोधन बिल संसद में पेश किया गया। जिस पर पक्ष विपक्ष की जबरदस्त बहस हुई। वक्फ संशोधन बिल निसंदेह समय की आवश्यकता है और इसे पास होना चाहिए। आप को सुन कर शायद हैरानी होगी की आजाद भारत में भारतीय सेना और भारतीय रेलवे के बाद वक्फ बोर्ड ही वो संस्था है जिसके पास अधिकारिक तौर पर सबसे अधिक जमीन है। वक्फ मैनेजमेंट सिस्टम ऑफ इंडिया के विवरण के अनुसार देश में वक्फ बोर्ड के पास फिलहाल 8 लाख 54 हजार 509 संपत्तियां हैं, जो कुल मिलाकर 9 लाख एकड़ के आसापास है। वक्फ का मतलब है खुदा या अल्लाह के नाम पर अर्पित वस्तु। यह मुस्लिम सम्प्रदाय और इस्लामिक कानून की एक प्रणाली है, जिसमें जकात यानि दान की गई संपत्ति का स्वामी अल्लाह या खुदा को बना दिया जाता है और संपत्ति को पूर्ण रूप से धर्म के कार्यों में इस्तेमाल के लिए समर्पित कर दिया जाता है। सेंट्रल वक्फ काउंसिल ऑफ इंडिया एक वैधानिक निकाय है। इसकी स्थापना 1964 में भारत सरकार द्वारा 1954 के वक्फ अधिनियम के तहत की गई थी। यह केंद्रीय निकाय वक्फ अधिनियम, 1954 की धारा 9 (1) के प्रावधानों के तहत स्थापित विभिन्न राज्य वक्फ बोर्डों के तहत काम की देखरेख करता है। असल में 1947 के विभाजन और भारत में कुछ मुसलमानों के पाकिस्तान पलायन के बाद उनकी लावारिस पड़ी सम्पत्तियों को वक्फ बोर्ड को सौंप दिया गया था और इसके साथ-साथ वक्फ बोर्ड को यह अधिकार भी दिया गया कि अन्य पलायन किए मुस्लमानों की सम्पतियों को खोज कर वह अपने कब्जे में ले सकते हैं। बस यही से शुरू हुआ वक्फ बोर्ड का दूसरों की जमीन को मुस्लमानों की बता अपने कब्जे में लेने का खेल। देशभर में वक्फ की संपत्तियों को संभालने के लिए एक केंद्रीय और 32 स्टेट वक्फ बोर्ड हैं। हर राज्य के अलग-अलग वक्फ बोर्ड हैं। जबकि केंद्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री सेंट्रल वक्फ काउंसिल का अध्यक्ष होता है। 1995 में वक्फ कानून में संशोधन करते हुए वक्फ बोर्ड को असीमित शक्तियां दे दी गईं। अब यदि वक्फ बोर्ड किसी संपत्ति पर अपना दावा करता है तो उसे उसकी संपत्ति माना जाएगा। यदि दावा गलत है तो भी संपत्ति के मालिक को इसे सिद्ध करना होगा। 2013 में फिर इसमें संशोधन किए गए। वक्फ प्रॉपर्टी एक्ट 2013 आर्टिकल 40 पहले 1956 और फिर 1995 में इसमें संशोधन हुए। वर्ष 2013 में संसद ने वक्फ प्रॉपर्टी एक्ट-2013 को पारित किया। इसके प्रावधान सेक्शन 40 के मुताबिक बोर्ड के कोई दो लोग चाहें तो देशभर में किसी भी सम्पत्ति को वक्फ की संपत्ति बता सकते हैं। इसके लिए उन्हें कोई साक्ष्य देने की जरूरत नहीं है। दोनों सदस्य जिला मजिस्ट्रेट या किसी भी जिम्मेदार अधिकारी को 24 से 72 घंटे में उस जगह को खाली करने का आदेश दे सकते हैं। ऐसी सूरत में शासन एवंम प्रशासन को उस आदेश पर अमल कराना होगा। हाइकोर्ट में ऐसे मामलों की सुनवाई नहीं हो सकती। पीड़ित को इसकी पिटीशन लेकर वक्फ बोर्ड के ट्रिब्यूनल में जाना होगा। बीते एक दशक में देश में इस कानून के माध्यम से सरकारी जमीनों को कब्जाने का काम हो रहा है। प्रयागराज के चंद्रशेखर आजाद अल्फ्रेड पार्क में वक्फ बोर्ड ने अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए कोरोनाकाल में मस्जिद, मजार और दूसरे निर्माण करवा दिए। दिल्ली के संजय गांधी उद्यान में भी मजार का मामला सामने आया है। इस एक्ट के बाद से सरकारी जमीन घेरने का सिलसिला देश भर में चल रहा है। तेलंगाना में भी एक मस्जिद की प्रापर्टी को लेकर ऐसा ही विवाद सामने आया है। तमिलनाडु में वहां के राज्य वक्फ बोर्ड ने एक पूरे गांव पर ही अपना मालिकाना हक जता दिया है। जबकि इस कावेरी नदी के किनारे स्थित तिरुचिरापल्ल जिले के तिरुचेंथराई गांव में हजारों साल पुराना सुंदेश्वर मंदिर है। इनके अलावा बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश व देश के अन्य राज्यों में वक्फ बोर्ड के भूमि कब्जाने के अनगिनत मामले सामने आए हैं। पिछले 13 साल में वक्फ की संपत्ति करीब दोगुनी हो गई है। ऐसे कई तथ्य हैं जो इस व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हैं। आज यह व्यवस्था पूरी तरह से कब्जे और वसूली का माध्यम बनती दिख रही है। यहां सोचने वाली बात यह है कि वक्फ संपत्तियों के रखरखाव के लिए जिस तरह की कानूनी व्यवस्था की गई, वैसी व्यवस्था सनातन धर्म के साथ-साथ बौद्ध, सिख, ईसाई या अन्य किसी पंथ के अनुयायियों के लिए नहीं है। यह पंथनिरपेक्षता, एकता एवं अखंडता की भावना के विपरीत है। अन्य समुदायों के लिए इंडियन ट्रस्टीज एक्ट, चैरिटेबल एंडामेंट एक्ट, आफिशियल ट्रस्टीज एक्ट और चैरिटेबल एंड रिलीजियस एक्ट जैसे साझा अधिनियमों के तहत सभी समुदायों से जुड़े ट्रस्ट व दान आदि का प्रबंधन किया जाता है। फिर एक विशेष समुदाय के अलग व्यवस्था क्यों? वक्फ बोर्ड में मुस्लिम विधायक, मुस्लिम सांसद, मुस्लिम आइएएस अधिकारी, मुस्लिम टाउन प्लानर, मुस्लिम अधिवक्ता व अन्य मुस्लिम बुद्धिजीवीयों को स्थान दिया जाता है। सभी को सरकारी कोष से भुगतान किया जाता है जब कि केंद्र या राज्य सरकारें किसी मस्जिद, मजार या दरगाह की आय से एक भी रुपया नहीं लेती हैं। दूसरी ओर केंद्र व राज्य सरकारें देश के लगभग चार लाख मंदिरों से करीब एक लाख करोड़ रुपये लेती हैं लेकिन उनके लिए ऐसा कोई अधिनियम नहीं है। वक्फ अधिनियम 1955 की धाराओं 4, 5, 6, 7, 8, 9 और 14 में वक्फ संपत्तियों को विशेष दर्जा दिया गया है। हिंदू, जैन, बौद्ध, सिख, ईसाई व अन्य समुदायों के पास सुरक्षा का कोई विकल्प नहीं है, जिससे वे अपनी संपत्तियों को वक्फ बोर्ड की संपत्ति में शामिल होने से बचा सकें। जब भारतीय सविंधान में स्पष्ट रूप में लिखा है कि सभी धर्मों के अधिकार एक समान है तो किसी विशेष समुदाय के लोगो को विशेष अधिकार देना सविंधान और कानून का उल्लंघन क्यों ना माना जाए? देश में एकता, अखण्डता बनाए रखने लिए सब पर एक कानून लागू होना चाहिए। वक्फ बोर्ड के विशेष अधिकारों को निरस्त कर वक्फ बोर्ड की संपत्तियों का रख रखाव भी उसी अधिनियम के तहत होना चाहिए जिसके तहत अन्य धर्मों एवंम सम्प्रदायों की संपत्तियों का होता है।

नीरज शर्मा 'भरथल'

छावा के बाद सिकंदर की धूम



ज्योतिषियों के परामर्श पर आज तुला राशि के जातकों को वाणी पर नियंत्रण रखना चाहिए। इसलिए मै आज सीधे-सीधे सियासत पर कोई बात नहीं कर रह। मै आज बात कर रहा हूँ फिल्म सिकंदर की। ये फिल्म छावा की तरह किसी एजेंडे के तहत नहीं बनी। और इस फिल्म का नायक इतिहास पुरुष नहीं बल्कि हमारे-आपके बीच का एक युवक है लेकिन उसका पीछ भी सियासत नहीं छोड़ रही। सिकंदर का नायक वही सलमान खान है जो लारेंस विश्नोई के साथ ही देश के नामचीन्ह हिंदूवादियों के निशाने पर रहता है। सलमान खान चाहे बजरंगी भाई बनाएं या सिकंदर उनके अंदर का अभिनेता दर्शकों को हिला देता है। एक अभिनेता जैसी ताकत हमारे देश के किसी भी राजनेता के पास नहीं है, और है तो वो जनता से ज्यादा से ज्यादा तालियां बजवा सकता है ,फूल बरसवा सकता है। नेता और अभिनेता में यही मूलभूत अंत है। एक किरदार में डूब कर उसे असली जैसा बना देता है और दूसरा खुद किरदार बनने की कोशिश करता है लेकिन कामयाब नहीं हो पाता। छावा फिल्म का छावा विक्की कौशल छावा नहीं था लेकिन उसने छावा के किरदार को ज़िंदा कर दिया। अक्षय खन्ना औरंगजेब नहीं हैं किन्तु उन्होंने औरंगजेब को ज़िंदा कर दिया। हमारे नेताओं ने भी औरंगजेब को कब्र से बाहर निकाला लेकिन अपने फायदे के लिए ,जनता के मनोरंजन के लिए नहीं।

फिल्म सिकंदर में राजकोट के राजा संजय के किरदार में सलमान खान नजर आए। फिल्म की शुरुआत में ही दिखाया गया कि उन्होंने फ्लाइट में एक राजनेता के बेटे अर्जुन (प्रतीक बब्बर) को पीट दिया। दरअसल, वह वहां पर मौजूद एक महिला का फायदा उठाने की कोशिश कर रहा था। इसके बाद मिनिस्टर सलमान खान के किरदार से बदला लेने की हर संभव कोशिश करता है। पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने के लिए घर जाती है, लेकिन राजा होने के कारण सलमान के किरदारों को लोगों का बेशुमार प्यार मिलता है और वह उसकी रक्षा करने के लिए बड़ी संख्या में पहुंच जाते हैं। खैर, मिनिस्टर के गुंडे सिकंदर के पीछे पड़ जाते हैं और इस लड़ाई के कारण उन्हें अपनी पत्नी साईश्री (रश्मिका मंदाना) को खोना पड़ता है।

फिल्म सिकंदर ईद के दिन रिलीज हुई थी। इसी दिन देश के 32 लाख गरीब मुसलमानों को सौगात -ऐ-मोदी मोदी भी दी गयी, लेकिन ये सौगात -ऐ -मोदी 'सौगात सिकंदर के शोर में कहीं दबकर रह गयी। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' प्रसिद्ध निर्देशक एआर मुरुगदॉस के निर्देशन में बनी है। मुरुगदॉस इससे पहले आमिर खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'गजनी 'बना चुके हैं, जो बॉलीवुड की पहली 100 करोड़ क्लब में शामिल होने वाली फिल्मों में से एक थी। 'सिकंदर' में सलमान खान के साथ पहली बार रश्मिका मंदाना नजर आ रही हैं। दोनों की जोड़ी को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह है। फिल्म में प्रतीक बब्बर, काजल अग्रवाल, सत्यराज और शरमन जोशी जैसे शानदार कलाकार सहायक भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। कहानी एक ऐसे शख्स की है, जो भ्रष्ट सिस्टम से त्रस्त होकर इसके खिलाफ आवाज उठाने का फैसला करता है। फिल्म में जबरदस्त एक्शन, इमोशन और मनोरंजन का तड़का देखने को मिलेगा।

अब भ्रस्ट सिस्टम के खिलाफ आम जनता नहीं लड़ती ,फिल्मों का नायक लड़ता है ,जबकि ये लड़ाई आम जनता की है। जनता अपनी ओर से फ़िल्मी नायकों को लड़ते देख ही खुश हो लेती है। आम जनता भूल गयी है कि-स्वर्ग खुद के मरने पर ही मिलता है। फ़िल्मी परदे की लड़ाई से भ्रस्ट सिस्टम का,जहरीली सियासत का मुकाबला नहीं किया जा सकता। सिकंदर फिल्म भी सिस्टम के खिलाफ लड़ाई को उस तरह तेज नहीं कर पायेगी जिस तरह की छावा ने नफरत फ़ैलाने में कामयाब हुई। कुछ फ़िल्में राजनीति का मकसद पूरा करने में कामयाब हो जातीं हैं ,कुछ नही। सिकंदर एक मनोरंजन प्रधान फिल्म है इसलिए उसे कामयाबी दिलाने के लिए किसी खादीधारी प्रमोटर की जरूरत नहीं है। सिकंदर की टीम के साथ कोई फकीर फोटो खिंचवाए या न खिंचवाए, ये फिल्म चल पड़ी है और करोड़ों कमाकर ही दम लेगी। फिल्म 'सिकंदर' ने पहले दिन 30.06 करोड़ रुपये की कमाई की है।

सिकंदर की कामयाबी का संकेत साफ़ है कि फ़िल्में केवल मनोरंजन और शुभ के सन्देश के साथ बनाई जाना चाहिये। फ़िल्में राजनीतिक एजेंडे के तहत बनेंगी तो इस माध्यम का दुरूपयोग समझा जाएगा। वैसे सिकंदर नाम ही कामयाबी का है। असली सिकंदर ने 32 साल की उम्र में दुनिया का सबसे बड़ा साम्राज्य स्थापित कर लिया था। आज दुनिया में कोई सिकंदर जैसा नहीं है। लोग विश्वगुरु बनने के फेर में बूढ़े हो गए लेकिन अपना खुद का सम्राज्य नहीं सम्हाल पा रहे।

बहरहाल मै सिकंदर की कामयाबी के लिए सलमान खान और सिकंदर फिल्म की पूरी टीम को मुबारकबाद देता हूँ। सलमानखान की फ़िल्में अक्सर ईद के दिन ही तोहफे के रूप में आतीं हैं और कामयब भी होतीहै। सनातनियों को भी चाहिए की वे भी अपनी फ़िल्में होली,दीपावली या रामनवमी को रिलीज किया करें। जैसे राजनीति का धर्म से गहरा नाता बना दिया गया है वैसा ही फिल्मों का भी धर्म से सीधा नाता है। कुछ लोग मंदिरों पर धनवर्षा करते हैं तोकुछ लोग सिनेमाघरों पर,जिन्हें अब मल्टीप्लेक्स कहा जाता है।मल्टीप्लेक्स मनी को मल्टीप्लाई करता है ठीक वैसे ही जैसे कोई भी मंदिर मनी को मल्टीप्लाई करता ह। मनी को मल्टीप्लाई करने की ताकत किसी मस्जिद में नहीं है। ताजमहल इसका अपवाद है।

राकेश अचल

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

संक्षिप्त ख़बरें

ख़जनी- राम कथा में भक्ति की अनुपम गूंज- श्रद्धालुओं का हृदय हुआ भाव-विभोर

खजनी - डोडो, खजनी- डोडो ग्राम सभा स्थित संत शरण उत्कर्ष महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित श्रीश्री शतचंडी महायज्ञ के चौथे दिन राम कथा का पावन प्रवाह श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक रस की बरसात बन गया। अयोध्या से पधारे कथा व्यास डॉ. संत शरण महाराज ने राम-शिव प्रसंग और शिव पार्वती विवाह के मार्मिक वर्णन से उपस्थित भक्तों को भक्ति के सागर में डुबो दिया।आचार्य घनश्याम मिश्रा के नेतृत्व और ग्रामीण जनमानस के सहयोग से आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में महाराज जी ने संगीतमय प्रस्तुति के साथ कथा सुनाई। उन्होंने कहा, 卐शिव और राम का संबंध केवल दो देवताओं की कथा नहीं, बल्कि भक्ति, मर्यादा और कर्तव्य का एक अनुपम संगम है। त्रेतायुग में श्रीराम ने शिव धनुष तोड़कर न केवल सीता का हृदय जीता, बल्कि मानवता के लिए धर्म का मार्ग प्रशस्त किया।卐शिव-सती का अलौकिक प्रेम और शिव पार्वती कथा के दौरान प्रेरक प्रसंग में महाराज जी ने सती माता और भगवान शिव के अटूट प्रेम को भक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने एक पौराणिक घटना का वर्णन किया जब सती माता ने अपने पिता दक्ष के यज्ञ में शिव के अपमान से व्यथित होकर उनसे राम कथा सुनने की इच्छा जताई। शिव जी ने बड़े प्रेम और संयम से राम के जन्म, बाल्यकाल, गुरु विश्वामित्र संग यात्रा, और सीता संग विवाह का वर्णन किया। जब वनवास और सीता हरण की कथा सुनाई गई, तो सती माता की आंखों में करुणा के आंसू छलक पड़े। शिव जी ने अंत में कहा, राम का जीवन केवल कथा नहीं, बल्कि कर्तव्य और मर्यादा का पाठ है। इस प्रसंग ने सती के मन में राम के प्रति श्रद्धा और शिव के प्रति प्रेम को और गहरा कर दिया।जय श्रीराम से गूंजा परिसर श्रद्धालु भजन और प्रवचन में तल्लीन होकर रामचरितमानस के दिव्य प्रसंगों का रसपान करते रहे। शिव विवाह के वर्णन के दौरान पूरा परिसर जय श्रीराम और हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित दूर-दराज से आए भक्तों की भारी भीड़ ने इस आयोजन को अपने जीवन का अनमोल क्षण बताया।यह धार्मिक समागम भक्ति, आस्था और सामूहिकता का अनुपम उदाहरण बन गया, जो श्रद्धालुओं के हृदय में लंबे समय तक गूंजता रहेगा।

खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा निशुल्क बच्चो को की गयी पुस्तक वितरित।

हरदोई,हरियावाँ खंड शिक्षा अधिकारी हरियावाँ छोटे लाल द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय हरियावाँ मे बच्चों को निशुल्क पुस्तक वितरित की गयी। प्रधान अध्यापिका पंकज कुमारी सहायक अध्यापक आशीष दीक्षित का सहयोग विद्यालय मे रहा ।शासन के निर्देशा अनुसार सर्व शिक्षा अभियान एवं संचारी रोग का कार्यक्रम माननीय मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा बरेली मे टीवी पर प्रसारण दिखाया गया उत्तर प्रदेश के प्राइमरी उच्च माध्यमिक विद्यालय के बच्चों को विकास खण्ड हरियावाँ के साहपुर बिनौरा कम्पोजिट विद्यालय नेवादा कम्पोजिट बसोहा , सुमई आदि विद्यालयो मे प्रसारण किया गया इसके अलावा जिन बच्चों ने अपना नामांकन उच्च माध्यमिक विद्यालय मे कराया उनका तिलक लगाकर स्वागत खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा भी किया गया ।

नगर के अधिकृत विक्रेता ने कोल्ड ड्रिंक से भरे लोडर को पकड़ कर थाना परिसर में खड़ा कराया।

बेनीगंज/हरदोईद्दुरात के अंधेरे में कोल्ड ड्रिंक की थोक बिक्री के नाम पर क्षेत्र में जीएसटी चोरी का बड़े पैमाने पर चल रहा है गोरखधंधा। नगर के अधिकृत विक्रेता ने कोल्ड ड्रिंक से भरे लोडर को पकड़ कर थाना परिसर में खड़ा कराया ।पिकअप चालक रोहित कुमार पुत्र गागा प्रसाद निवासी दरियापुर जनपद हरदोई अपनी पिकअप छोड़कर भगा और 112 को सूचना दी । स्थानीय वितरक के भाई ने पेप्सी कंपनी के मॉल लदे वाहन को ड्राइव कर थाने पर लाकर खड़ा कर दिया । पुलिस ने ड्राइवर सहित स्थानीय वितरक के भाई सक्षम को हिरासत में लिया ।

जानकारी करने पर पता चला पाली कस्बे के डिस्ट्रीब्यूटर सिम्मी ट्रेडर ने कच्चे बिल पर बेनीगंज के एक व्यापारी शिवम् किराना स्टोर को भेजा था। मॉल आने की भनक लगने पर इस क्षेत्र के अधिकृत डीलर महाकाल इंटरप्राइजेज के द्वारा बाहर से आए मॉल को रेलवे क्रासिंग पर पकड़ लिया । कोतवाली मे गाड़ी छीने जाने कि शिकायत कर दी। महाकाल इंटरप्राइजेज के डीलर विनीत गुप्ता ने बताया हमारे क्षेत्र में दूसरी जगह से नकली पेप्सी प्रोडक्ट आने के संदेह पर सूचना मिलने पर पकड़ कर कंपनी के अधिकारी को सूचना देकर गाड़ी कोतवाली में खड़ी कराई थी। इस संबंध में कंपनी के एरिया मैनेजर अमित श्रीवास्तव का कहना है कि माल सही है ।

आधुनिकता के दौर मे कम्प्यूटर शिक्षा सभी के लिए जरूरी : सुनील पाठक

डुमरियागंज क्षेत्र के पथरा बाजार मे नवनिर्मित यसडीएम कम्प्यूटर प्रशिक्षण एवं कौशल विकास केंद्र का प्रधान संघ अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज क्षेत्र के पथरा कस्बे मे स्थापित यसडीएम कम्प्यूटर एवं कौशल विकास केंद्र का बुधवार को प्रधान संघ अध्यक्ष सुनील पाठक ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर सुनील पाठक ने कहा कि वर्तमान परिवेश मे कम्प्यूटर की शिक्षा बच्चो को जरूर दिलानी चाहिए। क्योकि यह आधुनिकता और कम्प्यूटर इन्टरनेटवर्किग का दौर है।कम्प्यूटर और कौशल विकास की शिक्षा युवाओं को स्वावलंबी बनाने का काम कर

रही है। इस दौरान कृष्ण प्रताप प्रताप सिंह, लवकुश विश्वकर्मा, सोनू सिंह ,महेश सिंह, प्रेमचंद शंकर, यादव राजकुमार अग्रहरि आदि लोग उपस्थित रहे।

सिद्धार्थनगर में दमकल कर्मियों पर हमला करने वाले आठ आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

सिद्धार्थनगर । मोहाना थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रसूलपुर के टोला रसूलपुर में मंगलवार को आग बुझाने आई फायर सर्विस गाड़ी व कर्मचारियों के साथ उनके कार्य मे बाधा डालने व तोड़फोड़ करने वाले वांछित 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार को बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज गया। थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अभियुक्त काजू उर्फ मो0 नईम पुत्र अब्दुल अजीज निवासी रसूलपुर टोला पिकौरा ,रियाज अहमद पुत्र असीउल्लाह निवासी रामपुर टोला अहिरौली ,विश्वजीत मिश्रा पुत्र विनोद कुमार मिश्रा निवासी

रसूलपुर टोला शिवपुर, नसरुद्दून पुत्र हमीउद्दीन निवासी रसूलपुर टोला शिवपुर ,मो0 सफीक पुत्र मो0 हुसैन निवासी रसूलपुर, अब्दुल हफीज पुत्र अब्दुल अजीज निवासी रसूलपुर टोला शिवपुर, मो0 अरमान पुत्र मो0 खान निवासी निवासी रसूलपुर टोला शिवपुर ,विनोद कुमार पुत्र विजयबहादुर निवासी रसूलपुर टोला शिवपुर गिरफ्तार सभी अभियुक्त थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के निवासी है।

रघुनाथपुर-लंभुआ संपर्क मार्ग जर्जर, आए दिन हो रही दुर्घटना

गड्ढा मुक्त अभियान में भी नहीं मिला स्थान
दस हजार से अधिक आबादी परेशान, जिम्मेदार मौन

स्वतंत्र प्रभात



लंभुआ/ सुल्तानपुर रघुनाथपुर से लंभुआ संपर्क मार्ग बदहाल हो चुका है। पक्की सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है। सड़क पर चलना मुसीबत से कम नहीं है। यह सड़क लंभुआ तहसील मुख्यालय से तकरीबन आधा दर्जन गांवों को जोड़ती है। यह तहसील मुख्यालय के सामने से गुजरी है। खरमुझुई, खरमुझुई मलियान, पथरा, रघुनाथपुर सुल्तानपुर, नरसिंहपुर के लोग इस मार्ग से प्रतिदिन अपने जरूरी कामों को लेकर लंभुआ मुख्यालय आते हैं। मिली जानकारी के अनुसार लगभग 15 वर्ष पूर्व जिला पंचायत निधि से इस सड़क का निर्माण हुआ था।

जिसकी लंबाई लगभग 3 किमी है। निर्माण के बाद यह मात्र 900 मीटर ही रिपेयर हुई ।पूरी सड़क रिपेयर नहीं हुई है। सड़क से छोटी गिट्टियां गायब है। सड़क पर डाली गई बड़ी गिट्टी दिख रही है जिसकी वजह से आवागमन परेशानियों से भरा हुआ है। इसी रास्ते से होकर प्रतिदिन स्कूली बच्चे पठन-पाठन हेतु विद्यालय जाते हैं। ग्रामीण

1. शिव बहादुर यादव ने बताया कि खराब सड़क की वजह से कई दुर्घटना हो चुकी है जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। आपात स्थिति में यदि किसी को अस्पताल पहुंचना हो तो मुश्किल हो जाता है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना गड्ढा मुक्त अभियान के नाम पर भी यहां कुछ नहीं हुआ। उन्होंने ने बताया कि यदि गर्भवती महिला को इस रास्ते के जाया जाए तो रास्ते में प्रसव हो जाएगा।

2. हरिश्चंद्र शुक्ला (सेवा निवृत्त विकास खंड अधिकारी) ने बताया कि हमने 2013- 14 प्रयास किया जिसमें मात्र 900 मीटर ही रिपेयर हो सका। बाकी की सड़क अभी भी उखड़ी पड़ी। इससे स्कूली बच्चों व ग्रामीणों को आवागम में परेशानी हो रही है।

3. हरिश्चंद्र यादव एडवोकेट ने बताया मै पेशे से अधिवक्ता हूं, मेरा इस रास्ते से रोज का आना जाना है। सड़क बेहद बदहाल स्थिति में है। इस रास्ते के लिए कई बार संबंधित विभाग को ज्ञापन भी दिया गया लेकिन परिणाम जस का तस है।

4. कमलेश पाण्डेय पथरा निवासी ने बताया कि इस सड़क पर 10 वर्ष से दुर्दशा झेल रहे हैं। बारिश में समस्या और बढ़ जाती है। 10 हजार से अधिक की आबादी प्रभावित है। इसी सड़क पर तहसील मुख्यालय होने से आवागमन बढ़ा है किंतु सड़क बदहाल होने की वजह से सब इस दंश को झेल रहे हैं।

रोजमर्रा की जरूरतों के लिए बाजार जाते हैं। किसी सड़क पर कई बड़ी दुर्घटना हो चुकीहै। सड़क पर उधड़ी पड़ी गिट्टी की वजह से लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

गोरखपुर में गैंगस्टर का खेल खत्म : 5 करोड़ की संपत्ति जब्त, पुलिस ने कसा शिकंजा

स्वतंत्र प्रभात

गोरखपुर पुलिस ने एक बार फिर अपराधियों पर नकेल कसते हुए बड़ी कार्रवाई की है। ठगी और धोखाधड़ी के जरिए अवैध कमाई करने वाले गैंगस्टर राधेश्याम सिंह उर्फ मुन्न सिंह की करीब 5 करोड़ रुपये की संपत्ति को जब्त कर लिया गया है। इस कार्रवाई ने न सिर्फ अपराधी के होश उड़ाए, बल्कि पूरे इलाके में पुलिस की सख्ती का संदेश भी दे दिया।कौन है ये गैंगस्टर ? राधेश्याम सिंह उर्फ मुन्न सिंह, जो धतुरा बास टोला बड़ीलालिया, थाना गौरीबाजार, देवरिया का रहने वाला है, लंबे समय से अपने काले कारनामों के लिए कुख्यात था। फर्नीचर और बेड बनाने के ठेके दिलाने के नाम पर लोगों को ठगने से लेकर जुआ खिलाकर जनता की जेबें खाली करने तक,

इस शातिर अपराधी का आपराधिक रिकॉर्ड लंबा-चौड़ा है।

गोरखपुर के कैंट थाने में इसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट और कई अन्य धाराओं में मामले दर्ज हैं।पुलिस की चाल, संपत्ति पर ढालवरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शुरू हुए संगठित अपराधों के खिलाफ अभियान में कैंट पुलिस ने गैंगस्टर की कमर तोड़ दी। जिलाधिकारी के आदेश पर नायब तहसीलदार गंगा राम और पुलिस टीम ने मिलकर उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत एक भूखंड और एक दोपहिया वाहन को कुर्क कर लिया। जब्त संपत्ति का कुल मूल्य लगभग 5 करोड़ रुपये आंका गया है। यह भूखंड धतुरा बास टोला में स्थित है, जो गैंगस्टर का गढ़ माना जाता था।टीम वर्क का कमालइस ऑपरेशन में कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक, वरिष्ठ उपनिरीक्षक विनोद कुमार सिंह, उपनिरीक्षक मायाराम यादव और गौरीबाजार थाने की पुलिस टीम ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी कैंट की निगरानी में यह कार्रवाई इतनी चुपचाप और तेजी से हुई कि गैंगस्टर को संभलने का मौका तक नहीं मिला।अपराधियों में खौफ, जनता में राहतयह कार्रवाई गोरखपुर पुलिस की अब तक की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक मानी जा रही है। पुलिस का कहना है कि गैंगस्टर और संगठित अपराधियों के खिलाफ ऐसी सख्ती आगे भी जारी रहेगी। इस खबर से जहां अपराधियों के हौसले पस्त हुए हैं, वहीं आम जनता में पुलिस के प्रति भरोसा बढ़ा है।क्या है अगला कदम ? पुलिस अब इस गैंगस्टर के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करने की तैयारी में है। आने वाले दिनों में और भी बड़े खुलासे होने की उम्मीद गोरखपुर अब अपराध मुक्त शहर की ओर तेजी से बढ़ रहा है, और यह कार्रवाई उस दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी।

सबकी मनोकामना पूर्ण करती माँ जम्बू द्विप भगवती : बृजनाथ तिवारी

स्वतंत्र प्रभात

गोला बाजार, गोरखपुर, गोला तहसील क्षेत्र में स्थित ब्लॉक गगहा के ग्राम सभा सेमरी में प्राचीन जम्बू द्विप माता का मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास का केंद्र बना हुआ है। यह मंदिर सदियों से भक्तों की आस्थाओं को संजोए हुए है। सामान्य दिनों में भी यहाँ श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है, लेकिन नवरात्रि के अवसर पर यहाँ मेले जैसा माहौल हो जाता है। श्रद्धालुओं का मानना है कि माँ जम्बू द्विप भगवती के दरबार में जो भी सच्चे मन से प्रार्थना करता है, उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। यह मंदिर गोला रामजानकी मार्ग से हाटा बड़गो मार्ग पर स्थित है और सेमरी गाँव से लगभग 3 किलोमीटर उत्तर में स्थित है। भक्तगण यहाँ अपने बच्चों के मुंडन संस्कार हेतु भी आते हैं। यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं का कहना है कि माता के दरबार में सच्चे मन से की गई प्रार्थना कभी व्यर्थ नहीं जाती। सरकार ने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मुख्य मार्ग से मंदिर तक इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण करवाया है, जिससे भक्तों को आने-जाने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। गाँव के बुजुर्गों के अनुसार, माँ जम्बू द्विप भगवती का एक और मंदिर गोरखपुर के उत्तर बुढ़ियाबारी गाँव में भी स्थित है। कहा जाता है कि सैकड़ों वर्ष पूर्व पूर्वज इस गाँव में आकर बसे और माँ भगवती की स्थापना कर नियमित पूजा-अर्चना प्रारंभ की। भक्तों के सहयोग से यहाँ प्रतिवर्ष श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होता है। माता के प्रति लोगों की अटूट श्रद्धा और विश्वास के कारण भक्तों की मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं। माँ जम्बू द्विप भगवती का यह मंदिर श्रद्धालुओं के लिए न केवल एक आस्था का केंद्र है बल्कि यह लोगों की आध्यात्मिक ऊर्जा को भी बल प्रदान करता है।

जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा रामनवमी के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु तैयारियों कि की गई समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात

गोपालगंज (बिहार)- रामनवमी पर्व के अवसर पर जिला में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आज दिनांक 2 अप्रैल 2025 को समाहरणालय सभा कक्ष, गोपालगंज में जिला पदाधिकारी प्रशांत कुमार सी एच एवं पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित की संयुक्त अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ),अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि रामनवमी पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए आवश्यकतानुसार बैरीकेडिंग और अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाए तथा ड्रोन कैमरों का

उपयोग कर भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों पर नजर रखी जाए। अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर पर नियंत्रण कक्ष (Control Room) सक्रिय रखा जाए ताकि किसी भी स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके। शोभायात्रा एवं जुलूस के मार्गों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाए एवं आयोजकों के साथ समन्वय स्थापित कर शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित किया जाए। जिला पदाधिकारी ने विशेष बल देते हुए कहा कि अफवाहों पर कड़ी निगरानी रखी जाए एवं सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों के प्रचार-प्रसार पर रोक लगाने के लिए साइबर सेल को सतर्क किया जाए। मेले के संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण करने और जुलूस में अस्त्र-शास्त्र के प्रदर्शन और हाथी घोड़े को शमिल नहीं करने का निर्देश दिया गया। बांड डाउन पर विशेष कार्रवाई के निमित्त दोनों अनुमंडल पदाधिकारी एवं संबंधित थाना अध्यक्ष को निर्देशित किया गया। सभी बीडीओ सीओ और थाना प्रभारी को संवेदनशील स्थलों का सत्यापन और प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया। अग्निशमन, स्वास्थ्य एवं आपातकालीन सेवाओं को अलर्ट मोड पर रखा जाए ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान की जा सके। जिला प्रशासन ने आमजन से भी अपील की कि वे सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें। किसी भी आपात स्थिति की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

ख़जनी : कस्बे से लेकर गांवों तक झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार

स्वतंत्र प्रभात

खजनी। डॉक्टरों को धरती पर भगवान का दर्जा दिया जाता है। जब कोई बीमार पड़ता है, तो सबसे पहले डॉक्टर की ही याद आती है। लोगों को विश्वास होता है कि डॉक्टर के पास जाने से बीमारी दूर हो जाएगी, लेकिन जब इलाज करने वाले डॉक्टर को ही पूर्ण जानकारी न हो, तो यह न केवल भयावह होता है बल्कि मरीजों के जीवन के लिए भी घातक सिद्ध हो सकता है। खजनी तहसील क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार हो गई है। हर गली-मुहल्ले में इन फर्जी चिकित्सकों के क्लीनिक खुल चुके हैं। कई जगह तो ये बिना किसी डिग्री के ही फर्जी डॉक्टर बनकर मरीजों को इलाज के नाम पर लूट रहे हैं। बाइकों पर बैग टांगकर घूमने वाले ये झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम ठगी करते नजर आते हैं। कस्बों और गांवों में इनके क्लीनिकों में बिना किसी उचित प्रशिक्षण के मरीजों का इलाज किया जा रहा है। फूस के झोपड़ों में टंगे सीरिंज और ड्रिप की बोतलें देखी जा सकती हैं, लेकिन प्रशासन की नजरें इन पर नहीं पड़तीं। ऐसे झोलाछाप डॉक्टर मामूली बीमारियों को भी गंभीर बताकर मरीजों को अपने संपर्क में जुड़े निजी अस्पतालों में भेज देते हैं। वहां भर्ती कराकर मोटे कमीशन की वसूली करते हैं। विभागीय सूत्रों की मानें तो जब भी इन पर कोई अभियान चलाया जाता है, तो कार्रवाई सिर्फ कागजी खानापूर्ति तक सीमित रह जाती है। बाद में मोटी रकम लेकर मामला रफा-दफा कर दिया जाता है, जिससे इन्हें दोबारा मरीजों की जान से खिलवाड़ करने की खुली छूट मिल जाती है। खजनी कस्बे समेत भरोहिया, उनवल, बढ़नी, हरनही, सिसवा, भैसा बाजार, ढेवरा महादेव, सिकरीगंज सहित कई अन्य क्षेत्रों में दो दर्जन से अधिक झोलाछाप डॉक्टर धड़ल्ले से अपने काम को अंजाम दे रहे हैं। इस संदर्भ में जब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खजनी के प्रभारी से बात की गई, तो उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही इन फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

दंगा नियंत्रण की रिहर्सल में दौड़ी पुलिस, डर गए पिहानी कस्बे के लोग

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई पिहानी अपर पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश सिंह,उप जिलाधिकारी दीक्षा जोशी व सीओ हरियावा संतोष सिंह के नेतृत्व में दंगा रिहर्सल हुआ। पिहानी कोतवाली के मैदान में बुधवार को को दंगा नियंत्रण रिहर्सल का आयोजन किया गया। पुलिसकर्मियों को बलवाइयों, अराजकतत्वों व पत्थरबाजों से निपटने के लिए दंगा नियंत्रण उपकरण अश्रु गैस, स्टन ग्रेनेड, रबड़ बुलेट, मिर्ची बम, एंटी रायट गन आदि चलवाकर बलवा ड्रिल का अभ्यास करवाया गया। अधिकारियों ने पत्थरबाजों द्वारा पुलिस बल पर पथराव आदि की घटना होने पर पत्थरबाजों से निपटने के लिए कैनशील्ड, हेलमेट के माध्यम से अपना बचाव करते हुए दंगाइयों पर नियंत्रण करने व पथराव के दौरान बरती जाने वालीं सावधानियों के बारे में अवगत कराया। बलवाइयों पर पुलिस की तरफ से की जाने वाली कार्रवाई को अलग-अलग टीम बनाकर प्रदर्शित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश सिंह ने बताया कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी ड्यूटी के दौरान दंगा निरोधी उपकरणों से लैस होकर रहेंगे। इस दौरान कस्बे के एक दर्जन चौराहों पर लाठी-डंडों और हथियारों से लैस पुलिस दौड़ती नजर आई। अचानक भारी संख्या में पुलिस दिखी तो सकते में लोग नजर आए। इस दौरान अफसरों ने पुलिस टीमों को आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जमकर अभ्यास कराया। कस्बे के जामा मस्जिद, पुरानी पुलिस चौकी, करवा तिराहा, गोपामऊ चुंगी ,बस स्टैंड ,बंदर पार्क, चौहट्टा मस्जिद , नागर, खुरमुली ,शिया जामा मस्जिद ,बड़ा चौराहा, मीर सराय, मुरीद खानी, छिपटोला आदि जगहों पर दंगे की सूचना देकर पुलिस को दौड़ाया। तय जगह पर तय समय पर पहुंचने के लिए पुलिस कर्मचारियों को कड़ा पसीना बहाना पड़ा।दौड़ते पुलिसकर्मी बुलेटप्रूफ जैकेट, हेलमेट, एलबो गार्ड, बॉडी प्रॉटेक्टर आदि के अलावा लाठी-डंडों और आधुनिक हथियारों से लैस थे। शहर में अचानक भारी संख्या में पुलिस को दौड़ते देख बाजारों में खड़े लोग सकते में आ गए। बाद में रिहर्सल का पता चलने पर लोगों ने राहत की सांस ली। टड़ियावां ,हरियावा, पिहानी, मझिला, शाहाबाद, बेनीगंज सहित कई थाने के एसएचओ व पुलिसकर्मी रिहर्सल में शामिल हुए। दंगा नियंत्रण स्कीम की रिहर्सल के बारे में मार्तंड प्रकाश सिंह एडिशनल एसपी ने जानकारी दी। बताया कि रिहर्सल के दौरान शहर के भीतर संवेदनशील और अति संवेदनशील आठ प्वाइंट्स बनाए गए थे। इसमें सीओ, पांच प्रभारी निरीक्षक, 13 उपनिरीक्षक, 19 हेड कांस्टेबिल और 60 सिपाही लगाए गए थे। बताया कि बड़ी घटनाओं में कस्बे की फोर्स को 15 मिनट में और देहात की फोर्स को 30 से 45 मिनट पर तय बिंदुओं पर पहुंचने के लिए कहा गया था। बड़े बवालों से निपटने के लिए पुलिस को इस तरह की स्कीम के लिए तैयार किया जा रहा है।

कार्यालय ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर 2 विकास खण्ड - बर्डपुर, जनपद-सिद्धार्थनगर

अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर 2 विकास खण्ड - बर्डपुर द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना / राज्य वित्त / 15 वॉ वित्त स्वच्छ भारत मिशन /अन्य योजनांतर्गत 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट , बालू , सीमेंट , सरिया , मोरंग , इंटरलाकिंग ईट , हयूम पाईप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से सम्बन्धित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमन्त्रित किया जाता है , इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 8.4.2025 तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर 2 1.00 बजे तक कार्यालय में निविदा बाक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 2.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जाएंगी धरोहर की धनराशि रूश 5000 (पाँच हजार) होगी ।

नियम एवं शर्ते

1- जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा ।2- आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है ।3- ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा ।4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी ।5- जो दरें प्रस्तुत की जाए वह जीएसटी / एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय ।6- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी ।7- सामग्री की मात्रा घटाई बढाई जा सकती है ।8- प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा ।9- आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा । 10 ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नही की जाएगी ।11- निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा ।12- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक / अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा ।13- धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी एवं एनएससी / डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर 2 के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है ।14- आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी ।15 निविदा फार्म ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर 2 कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा ।16- सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है ।17 स्ट्रीट लाइट , अत्येष्टि स्थल , पंचायत भवन , बारातघर , इंटरलाकिंग ईंट , सीमेंट सीट , टीन शेड आदि ।

श्रीमती जहांआरा
ग्राम प्रधान-
ग्राम पंचायत- बर्डपुर नंबर 2
विकास खण्ड - बर्डपुर ,
जनपद- सिद्धार्थनगर

विनय कुमार श्रीवास्तव
सचिव
ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर 2
विकास खण्ड- बर्डपुर,
जनपद - सिद्धार्थनगर

संक्षिप्त ख़बरें

पुलिस ने जलती चिता से निकाला नवविवाहिता का शव

मथुरा। राया क्षेत्र के गांव कटैला में अचानक पहुंची पुलिस को देखकर भगदड मच गई, जो लोग मौके पर थे वह भाग निकले। पुलिस ने आनन फानन में जलती चिता से नवविवाहित का शव निकाला। आवश्यक कार्यवाही करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है। थाना राया क्षेत्र के गांव कटैला में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। आरोप है कि ससुरालीजनों ने महिला के मायके पक्ष को इस बात की सूचना नहीं दी और मायके पक्ष को बिना बताए महिला का अंतिम संस्कार कर दिया। किसी ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर क्षेत्राधिकारी महावन धर्मेंद्र चौहान, प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुच गए। जलती हुई चिंता पर पानी डाल कर भूझा दिया गया। मौके पर पहुंची एफएसएल की टीम ने मृतका के अधजले अवशेषों को चिंता से निकाल कर कब्जे में ले लिया। इस की जानकारी नायब तहसीलदार महावन प्रदुमन त्रिपाठी को थाना पुलिस के द्वारा दी गई। नायव तहसीलदार के द्वारा पंचनामा की कार्रवाई करने के बाद मृतक के शव के अवशेषों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम गृह भिजवा दिया। थाना अध्यक्ष अजय कौशल ने बताया की गांव कटैला में विवाहित के जलने की सूचना 112 नंबर डायल पर की गई थी। इस मामले में उच्च अधिकारी को अवगत करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम गृह भिजवा दिया है और आगे की कार्वाई में जुट गई है। बुलन्दशहर निवासी रिया (23) की विपिन कुमार के साथ पांच महीने पहले शादी हुई थी।

पुलिस के साथ मारपीट की घटना में धरपकड तेज

मथुरा। ईद से पहले मोहल्ला निकासा में पुलिस ने घटना के पांच दिन बाद कार्यवाही तेज कर दी है। हमलावरों के घरों में ताबडतोड दबिश देकर आरोपियों में खलबली मचा दी है। आधा दर्जन हमलावरों को दबोच लिया है। दूसरी ओर आरोपितों के परिजनों ने आरोप लगाया है कि पुलिस घर में तोडफोड कर रही है। मोहल्ला निकासा में 27 मार्च को पुलिसकर्मियों को दौडा दौडाकर पीटा था। जैसे तैसे वे लोग जान बचाकर भागे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिससे पुलिस की जमकर फजीहत हुई। मामले में पुलिस ने 24 नामजदों सहित करीब दर्जन भर अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। घटना के बाद पिटाई के शिकार हुए तीनों पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। पुलिस ने अब इस घटना में कार्यवाही तेज कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पुलिस की टीमों ने आरोपी हमलावरों के घरों पर उनकी तलाश में दबिश दी। अचानक हुई इस कार्रवाई से पूरे मोहल्ले में हडकंप मच गया। यह कार्रवाई एक साथ कई घरों पर की गई। जहां से पुलिस ने छह लोग बाबू उर्फ लाला उर्फ सोहिल पुत्र रसीद, आसिक पुत्र रसीद, अब्दुल्ला पुत्र शरीफ, उमर पुत्र मुनन को दबोच लिया। पूरी कार्रवाई से मोहल्ले में भगदड मच गई। उधर वहीं अबरार अहमद, राशिद, मौहम्मद रहीश, नेहा पुत्री रसीद ढल्लावासिया ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि पुलिसकर्मी घर में तोडफोड कर रहे हैं। पुलिस ने ऐसे सभी आरोपों को निराधार बताते हुए वांछितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश की बात कही है।

बिहार के राज्यपाल पहुंचे लोहवन, कार्यक्रम में हुए शामिल

मथुरा। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहवन के नवीनीकृत निर्माण कार्यो का उद्घाटन किया। बिहार के राज्यपाल ने उद्घाटन समारोह में भाग लिया, जिसमें विधायक पूरन प्रकाश, डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय, निशा उप जिलाधिकारी सदर, आदेश कुमार उप जिलाधिकारी महावन, सुनील दत्त बेसिक शिक्षा अधिकारी और दिनेश कुमार त्रिपाठी खंड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे। इससे पहले बिहार के राज्यपाल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया गया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज की प्रगति सुनिश्चित हुई है। शिक्षा न केवल व्यक्तियों को सशक्त बनाती है, बल्कि हमारे संयंत्रों के आस पास के समुदायों के समग्र विकास को भी उत्प्रेरित करती है। शिक्षा सबसे शक्तिशाली मार्ग है जिसके माध्यम से हम एक मजबूत, अधिक विकसित भारत के निर्माण में योगदान करते हैं। इन स्कूलों के नवीनीकरण में बुनियादी ढांचे में सुधार जैसे नवीनीकरण, पुनर्निर्माण, छात्र छात्राओं के लिए अलग अलग शौचालयों के साथ बेहतर स्वच्छता सुविधाएं, पीने के पानी के स्टेशन, आवश्यक कक्षा फर्नीचर आदि प्रदान किया गया है।

ट्रंप की टैरिफ घोषणा का दुनिया को इंतजार

स्वतंत्र प्रभात

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 2 अप्रैल को व्यापक टैरिफ लागू करने की तैयारी कर रहे हैं, जिसे व्हाइट हाउस ने मुक्ति दिवस नाम दिया है। हालांकि अभी कई बात साफ नहीं है कि टैरिफ कैसा होगा और कब लागू होगा? मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप कह चुके हैं कि टैरिफ रेसिप्रोकल/पारस्परिक होंगे। इसका मतलब है कि देशों पर वही शुल्क लगाया जाएगा जो वे अमेरिका पर लगाते हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि टैरिफ का प्रभाव किस देश पर पड़ेगा, या क्या वे सभी के लिए समान होंगे? लेकिन, एक बात स्पष्ट है कि अमेरिका में प्रवेश करने वाली कारों पर 25त्न का नया आयात कर 3 अप्रैल से लागू हो जाएगा, और अगले कुछ महीनों में कार के पुर्जों पर भी यही टैक्स लगेगा। कुछ टैरिफ पहले ही लागू किए जा चुके हैं। मार्च में अमेरिका में प्रवेश करने वाले सभी स्टील और एल्युमीनियम पर फ्लैट ड्यूटी को बढ़ाकर 25 फीसदी कर दिया गया। ट्रंप ने पहले ही चीन से आयातित सभी वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाकर 20% कर दिया। कनाडा और मैक्सिको से आने वाली कुछ वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ा दिया। कनाडा ने टैरिफ पर जवाबी कार्रवाई करते हुए अमेरिकी स्टील और एल्युमीनियम पर 25% शुल्क लगाया, जबकि चीन ने भी कुछ अमेरिकी कृषि उत्पादों पर 10-15% टैक्स लगाया। ट्रंप का तर्क है कि टैरिफ से अमेरिकी मैन्युफैक्चरर को मदद मिलेगी क्योंकि इससे उपभोक्ता अमेरिकी निर्मित सामान खरीदने के लिए प्रोत्साहित होंगे। हालांकि विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि इससे कीमतें बढ़ सकती हैं और व्यापार युद्ध शुरू हो सकता है। यूरोपीय संघ (ईयू) का कहना है कि वह जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक व्हाइट हाउस ने कहा कि ट्रंप अंतिम समय में बातचीत के लिए तैयार हैं, कुछ देशों ने घोषणा की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति को फोन किया। टैरिफ विदेश से आयातित वस्तुओं पर लगाया जाने वाला कर है, और यह आमतौर पर उत्पाद के मूल्य का एक प्रतिशत होता है। विदेशी सामान खरीदने वाली कंपनियों को कर का भुगतान करना पड़ता है।

असम श्रीभूमि जिले के किशोरीपुर गांव में 15 लाख रुपये की लागत से दुर्गामंडप का शुभ शिलान्यास समारोह

स्वतंत्र प्रभात

असम श्रीभूमि (करिमगंज)। पंचायत चुनाव के दिन पास आते ही राज्य भर में विकासात्मक कार्य जारी है। गत 31 मार्च (सोमवार) को रामकृष्णनगर समष्टि के चेरागी जीपी के किशोरीपुर गांव में 15 लाख रुपये की लागत से दुर्गामंडप का सामुदायिक हॉल एवं निर्माण कार्य का शुभ शिलान्यास किया गया और एक विशाल जनसभा में रामकृष्णनगर विधायक विजय मालाकार ने कहा कि भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री और असम के लोकप्रिय मुख्यमंत्री के कार्यकाल में रामकृष्णनगर समष्टि में विकासात्मक कार्य में कोई जीपी पीछे नहीं रहेगा। जनसभा में उन्होंने यह भी कहा कि जो काम 70 वर्षों में नहीं हुए, वह मात्र छह वर्षों में नए और पुराने काम समांतर जारी हैं। क्योंकि अब सरकार परिवर्तन की है। उन्होंने क्षेत्र के जनसामान्य के साथ विचार-विनिमय के दौरान कहा कि जो काम बाकी हैं, वह मेरी नजर में हैं और जल्द ही कराए जाएंगे। कुछ वर्षों में इस क्षेत्र में विकास की लहर तेजी से दौड़ने लगेगी, यह विकास कार्य भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और असम के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा के लिए हो रहा है। इसलिए आगामी पंचायत चुनाव में भाजपा को और अधिक मजबूत करने के लिए सभी का ध्यान आकृष्ट करते हैं। कार्यक्रमों में भाजपा दुल्लभछड़ा मंडल के अध्यक्ष चंदन भर, प्रसिद्ध समाज के वयोवृद्ध नागरिक और भाजपा पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा पोस्ट ऑफिस में बीएसएनएल नेटवर्क नहीं होने के कारण ग्राहक परेशान

स्वतंत्र प्रभात

असम (श्रीभूमि) करीमगंज। पुराने नेटवर्क सेवाओं में बीएसएनएल है, जिसमें सरकारी कार्यालयों सहित अनगिनत ग्राहक संख्या मौजूद है और ये सेवाओं पर निर्भर हैं। वर्तमान सरकार के डिजिटल इंडिया के समय में ऐसा हो रहा है बीएसएनएल सेवा न होने के कारण लंबे समय से श्रीभूमि जिले की दुल्लभछड़ा पोस्ट ऑफिस के ग्राहकों को लेन-देन में विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जबकि दुल्लभछड़ा पोस्ट ऑफिस से बीएसएनएल कार्यालय की दूरी लगभग नौ फुट होने के बावजूद नेटवर्क सेवा नहीं है, इस स्थिति में ग्राहकों का जेब खाली होना स्वाभाविक है। इस संबंध में क्षेत्रवासियों द्वारा हस्ताक्षरित एक स्मारक पत्र पाथारकांडी से गुवाहाटी के अधिकारियों के पास भेजा गया था। लेकिन अधिकारियों की तरफ से केवल समस्या समाधान का आश्वासन पर आश्वासन दिया जा रहा है। नेटवर्क की समस्या होने के कारण ग्राहक ने पोस्ट ऑफिस की तरफ से शिकायत की गई थी लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मौन भूमिका निभा रहे हैं। दूसरी ओर, उन सेवाओं पर भरोसा करते हुए शिक्षित बेरोजगारों ने व्यवसाय स्थापित किए हैं, लेकिन सेवा के अधिकारियों की उदासीनता के कारण उन्हें विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्राहकों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि अन्य सेवाएँ सामान्य तरीके से नेटवर्क सेवा प्रदान कर रही हैं, लेकिन सबसे पुरानी लोकप्रिय बीएसएनएल नेटवर्क इसे प्रदान करने में असमर्थ है विभाग के अधिकारी ऐसा क्यों, ग्राहकों का मानना है कि बीएसएनल नेटवर्क की समस्या इसके पीछे कोई और रहस्य छिपा हुआ है ऐसा उनका मानना है क्योंकि किसी और की नेटवर्क में प्रॉब्लम नहीं सिर्फ और सिर्फ बीएसएनल नेटवर्क में प्रॉब्लम होता है।

एयरपोर्ट के मानकों पर होगी बिहारी जी मंदिर क्षेत्र की सफाई

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। मथुरा वृंदावन नगर निगम के वार्ड 70 के अंतर्गत विश्वविख्यात बाँकेबिहारी मंदिर, राधाबल्लभ मंदिर, सेवाकुंज राधारानी मंदिर, निधिवन, राधा दामोदर मंदिर, राधाश्यामसुंदर मंदिर, रासमण्डल सहित वृन्दावन के प्रमुख मंदिर एवं प्रमुख बाजार आते हैं। जहां प्रतिदिन हज़ारों की संख्या में तीर्थयात्री आवागमन करते है। ऐसे वार्ड में पिछले कुछ समय से नालियों का पानी लगातार सड़क पर ओवरफ्लो होना, नालियों की सिल्ट ना निकलना, जगह जगह कूड़ा और गंदगी होना सम्बन्धी समस्याओं का सामना वार्ड के लोगों को करना पड़ रहा था। लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को देखते हुये नगर निगम द्वारा इस नये वित्तीय वर्ष में एक अप्रैल से देश की सबसे बड़ी स्वछता कम्पनियों में से एक बीवीजी को वार्ड 70 की सफाई का जिम्मा दिया गया है। बीवीजी वर्तमान में देश की संसद, देश के बड़े एयरपोर्ट, देश के बड़े मंदिरों एवं प्रतिष्ठानों में अपनी सेवाएं दे रही है। वही पार्षद वैभव अग्रवाल ने बताया कि आज दोपहर विद्यापीठ चौराहा से बाँकेबिहारी बाजार, अठखम्भा, बनखण्डी, लोई बाजार, होते हुये निधिवन तक़ बीवीजी के सभी सफाई कर्मचारियों, सुपरवाइजरों एवं नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा स्वछता अभियान चलाया गया है। स्थानीय लोगों के द्वारा लगातार सफाई सम्बन्धी शिकायतें मिल रही थीं। अब नयी सफाई कम्पनी के आ जाने से वार्ड की सफाई व्यवस्था में सुधार होगा। इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक, जोनल सेनेटरी अधिकारी महेश वर्मा, स्वास्थ्य एवं खाद्य निरीक्षक सुभाष चंद्र, बीबीजी साइट इंचार्ज महेन्द्र उपस्थित रहे।

यमुना छठ की तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप

मथुरा। नगर निगम मथुरा वृंदावन के द्वारा यमुना जी के अवतरण दिवस यमुना छठ पर्व पर की जाने वाली व्यवस्थाओं के दृष्टिगत नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा समाज सेवी गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ घाटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि घाटों पर उच्च कोटि की सफाई व्यवस्था हेतु अतिरिक्त क्यूआरटी टीम की तैनाती की जाए, श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए दोनों ओर बैरीकेडिंग, घाटों के किनारे लगी हुई सभी स्ट्रीट लाइट को चेक करके ठीक कराया जाए, घाटों पर लगे जो पंखे सही नहीं है उसे ठीक कराया जाए, घाटों पर लगे हुए टीन सेट जो सही नहीं है उसकी मरम्मत कराकर ठीक कराया जाए, कूड़ा निस्तारण हेतु बड़े साइज के अर्पण कलश स्थापित किया जाए जिससे घाटों पर फूल माला आदि पूजा सामग्री का निस्तारण सही तरीके से किया जा सके। सभी घाटों के किनारे दीवारों पर पेंटिंग की जाए, दूर से घाटों की सुंदरता बढ़ाने हेतु सभी घाटों में एक ही कलर में फसाड लाइटिंग कराई जाए।

असम श्रीभूमि जिले के एंग्लार बाजार सहित कई क्षेत्र में व्यापक उत्साह के साथ शांतिपूर्ण तरीके से ईद-उल-फितर मनाया गया

स्वतंत्र प्रभात

असम श्रीभूमि (करिमगंज)। एक महीने की साधना के बाद आखिरकार गत 31 मार्च (सोमवार) को इस्लाम धर्मावलंबियों का प्रमुख त्यौहार पवित्र ईद-उल-फितर मनाया गया। देश भर के साथ मिलते हुए असम श्रीभूमि जिले के बदरपुर थाना के एंग्लर बाजार सहित कई क्षेत्र में व्यापक उत्साह के साथ ईद-उल-फितर मनाया गया। इस दिन सुबह स्नान कर के नए नए कपड़े पहन कर बालक, वृद्ध और महिलाएँ सड़क पर निकल पड़े। एक-दूसरे के साथ ईद की शुभकामनाएँ का आदान-प्रदान हुआ। एंग्लार बाजार क्षेत्र में कुल तीन ईदगाहों में सुबह साढ़े आठ बजे के भीतर पवित्र ईद-उल-फितर की नमाज आयोजित की गई। एंग्लार बाजार हरिनादिक क्षेत्र की ईद की नमाज का संचालन बड़े मस्जिद के इमाम मौलाना अब्दुल मान्नान ने किया। सुबह साढ़े आठ बजे ईद की नमाज आयोजित की गई। इसमें इस्लाम धर्मावलंबी सैकड़ों लोग ईद की नमाज अदा किया। नमाज से पहले ईद के महत्व पर चर्चा भी हुआ। नमाज के बाद विश्वशांति की कामना के लिए विशेष दुआ की गई। वहीं, अलेखारगोल जामा मस्जिद और ईदगाह में सुबह साढ़े सात बजे ईद-उल-फितर की नमाज आयोजित की गई। इस के अलावा ईदगाह मैदान न होने के कारण कई मस्जिदों में ईद की नमाज का आयोजन किया गया। जिले के कई स्थानों में नए बाजार जामा मस्जिद, बगलीगोल जामा मस्जिद, टिकरपाड़ा जामा मस्जिद, बागु?? जामा मस्जिद, पिरटिकर जामा मस्जिद, पूर्व हरिणादिक रायरबाड़ी, चनउनी, बातामड़ल, नागारचीकुल जामा मस्जिद, एंग्लार बाजार जामा मस्जिद, सेरेग्राम जामा मस्जिद, उष्णाबाज जामा मस्जिद 1 नं और 2 नं, अमाइटिला जामा मस्जिद, पूर्व उष्णाबाज कलारमाकांडी और छतिया जामा मस्जिद, चामाला जामा मस्जिद, ताजुर तल, डेवुआरगोल जामा मस्जिद, हेमार्मुख जामा मस्जिद, मुरकारगोल जामा मस्जिद, बड़ा तल बाजार जामा मस्जिद, पिंगरगोल जामा मस्जिद, पानीरगोल जामा मस्जिद, बेंदारगोल जामा मस्जिद, मुकर्पुर और पूर्व मुगर्पुर जामा मस्जिद, मजलिसपुर जामा मस्जिद, बादेमहाखल जामा मस्जिद, हाररगोल जामा मस्जिद, रंगारपाड़ा जामा मस्जिद, रंगारपाड़ा दारुछ सलाम जामा मस्जिद, पूर्व दत्तपुर जामा मस्जिद, मदनमोहन जामा मस्जिद। बड़ा तल क्षेत्र में वर्तमान डुसमय में कोई ईदगाह मैदान नहीं है लेकिन अगले वर्ष बड़तल बाजार के निकट एक ईदगाह मैदान में हफिजिया मदरसा के संपादक मौलाना जौनैद अहमद थे। श्रीभूमि जिले में व्यापक उत्साह के साथ शांतिपूर्ण तरीके से ईद-उल-फितर मनाया गया।

उत्तराखंड में मृत शांत दास के शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनाएँ प्रकट : विधायक बिजय मालाकार ने

स्वतंत्र प्रभात

असम श्रीभूमि (करीमगंज)। असम श्रीभूमि जिले के चेरागी जीपी के तेराछड़ा गांव में शांत दास का शव घर पहुँचने पर खबर मिलते ही रामकृष्णनगर विधायक विजय मालाकार किशोरिपुर कार्यक्रम स्थल से मृतक के घर पहुँचकर शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनाएँ प्रकट करते हैं और सहयोग का आश्वासन दिया। जानकारी मिली है कि भारत के उत्तराखंड में लार्सन एंड टुब्रो (रुञ्ञ) लिमिटेड कंपनी में रेलवे के काम में कार्यरत थे। घटना गत 27 मार्च (गुरुवार) को बारुणी घाट पर मेला देखकर स्नान कर कंपनी के कैम्प से पहाड़ी रास्ते जाते समय ऊपर से पैर मचलकर 200 मीटर नीचे नदी में गिरकर डूबने से मृत्यु हो गई। मृत शांत दास की उम्र (30)। दुल्लभछड़ा मंडल अध्यक्ष चंदर भर और रामकृष्णनगर के विधायक विजय मालाकार की तत्परता से गत 31 मार्च (सोमवार) को पाठाखाउरी जीपी के अंतर्गत तेराछड़ा गांव के 5 नंबर वार्ड में मृत शरीर को घर लाने में मृतक के परिवार के लोग विधायक को धन्यवाद ज्ञापन की। शांत दास के मृत शरीर के पहुंचने पर परिवार के सदस्य और सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया। दूसरी ओर रामकृष्णनगर विधायक विजय मालाकार वहां उपस्थित होते हैं और शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए सहयोग का आश्वासन देते हैं। इस बीच पूरे क्षेत्र के लोग ने भी मंडल अध्यक्ष चंदन भर और विधायक विजय मालाकार की इस तत्परता के लिए आभार व्यक्त किया।

दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा पर एफ़आईआर दर्ज करने का आदेश

स्वतंत्र प्रभात

बीजेपी नेता और दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा को तगड़ा झटका लगा है। दिल्ली की अदालत ने दिल्ली दंगे के मामले में उनके ख़िलाफ़ एफ़आईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही अदालत ने दंगे में उनकी कथित भूमिका की आगे की जाँच का निर्देश दिया। यह वही कपिल मिश्रा हैं जिनके ख़िलाफ़ लगाए गए आरोपों और शिकायतों को पहले पुलिस साज़िश करार देती रही थी। इन कपिल मिश्रा का ही कथित तौर पर नफ़रत फैलाने वाला एक वीडियो दंगे से पहले वायरल हुआ था। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 2020 में दंगे हुए थे। राउज एवेन्यू कोर्ट के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने इस मामले में मंगलवार को आदेश पारित किया। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार अदालत ने कहा कि कपिल मिश्रा के ख़िलाफ़ एक एफ़आईआर दर्ज की जानी चाहिए, क्योंकि शिकायत में ज़िक्र की गई घटना के संबंध में उनके ख़िलाफ़ संज्ञेय अपराध पाया गया है और इसके लिए आगे की जाँच ज़रूरी है। अदालत ने अभियोजन पक्ष द्वारा पेश की गई सामग्री का हवाला देते हुए कहा कि कपिल मिश्रा उस क्षेत्र में मौजूद थे और सभी चीजें एक-दूसरे से मेल खा रही थीं। हालाँकि विस्तृत आदेश का इंतज़ार है। यह मामला मोहम्मद इलियास नामक व्यक्ति की शिकायत पर आधारित है, जिसका दिल्ली पुलिस ने विरोध किया था। पुलिस का दावा था कि कपिल मिश्रा को दंगों से जोड़ने के लिए एक सुनियोजित साजिश रची गई थी और उनका इसमें कोई रोल नहीं था। शिकायतकर्ता मोहम्मद इलियास ने आरोप लगाया कि 23 फरवरी, 2020 को उन्होंने कपिल मिश्रा और उनके सहयोगियों को एक सड़क अवरुद्ध करते और सड़क किनारे ठेले वालों के ठेले तोड़ते हुए देखा। इलियास ने यह भी दावा किया कि उस समय उत्तर-पूर्वी दिल्ली के तत्कालीन उप पुलिस आयुक्त और अन्य पुलिसकर्मी कपिल मिश्रा के पास खड़े थे, जो प्रदर्शनकारियों को क्षेत्र खाली करने की चेतावनी दे रहे थे। इलियास ने कपिल मिश्रा, दयालपुर थाने के तत्कालीन एसएचओ, बीजेपी विधायक मोहन सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक जगदीश प्रधान और सतपाल संसद सहित पांच अन्य लोगों के ख़िलाफ़ एफ़आईआर दर्ज करने की मांग की है। दूसरी ओर, दिल्ली पुलिस ने पिछले साल अक्टूबर में दावा किया था कि 2020 के दंगे एक सुनियोजित साज़िश का नतीजा थे, जिसका मकसद मस्जिदों या मजारों और मुख्य सड़कों के पास मुस्लिम बहुल इलाक़ों में हिंसा भड़काना था। पुलिस ने कहा था कि यह साज़िश प्रदर्शन को चक्काजाम में बदलने के लिए थी, ताकि एक निश्चित समय पर हिंसा को बढ़ाया जा सके। पुलिस ने यह भी कहा था कि दिल्ली प्रोटेस्ट सपोर्ट ग्रुप जैसे व्हाट्सएप ग्रुप्स के ज़रिए संदेश फैलाए गए थे, जिसमें अफवाहें उड़ाई गईं कि कपिल मिश्रा के नेतृत्व में भीड़ ने हिंसा शुरू की थी। पुलिस ने मिश्रा के ख़िलाफ़ सोशल मीडिया पर #ArrestKapilMishra अभियान को भी साज़िश का हिस्सा बताया। अदालत का यह निर्देश कि कपिल मिश्रा के ख़िलाफ़ एफ़आईआर दर्ज की जाए और आगे की जाँच हो, एक महत्वपूर्ण क़दम है। यह फ़ैसला दिल्ली पुलिस के उस दावे के ख़िलाफ़ जाता है कि मिश्रा को फंसाने की कोशिश की जा रही थी और उनके ख़िलाफ़ कोई ठोस सबूत नहीं मिला। अदालत ने अभियोजन के सबूतों को पर्याप्त माना, जिसमें मिश्रा की मौजूदगी और घटनाओं का आपस में जुड़ाव शामिल है। यह मामला 2020 के दंगों की जांच में एक नया मोड़ ला सकता है, जिसमें 53 लोगों की मौत हुई थी और सैकड़ों घायल हुए थे। यह मामला न केवल क़ानूनी, बल्कि राजनीतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी संवेदनशील है। कपिल मिश्रा उस समय बीजेपी के प्रमुख नेताओं में से एक थे। उन पर पहले भी दंगों से पहले दिए गए उनके भड़काऊ भाषणों के लिए आरोप लगते रहे हैं। शिकायतकर्ता का दावा और अदालत का फ़ैसला इस बात की ओर इशारा करता है कि उनकी भूमिका की दोबारा जांच ज़रूरी है। हालाँकि, दिल्ली पुलिस का यह तर्क कि यह एक साज़िश थी, यह सवाल उठाता है कि क्या जाँच को प्रभावित करने के लिए राजनीतिक दबाव था। इस फ़ैसले का असर बीजेपी और दिल्ली सरकार के लिए भी हो सकता है, क्योंकि कपिल मिश्रा फ़िलहाल एक मंत्री हैं। अगर जाँच में उनके ख़िलाफ़ ठोस सबूत मिलते हैं तो यह पार्टी की छवि और दिल्ली की राजनीति पर प्रभाव डाल सकता है। दूसरी ओर, अगर पुलिस अपने दावे को साबित कर देती है कि यह एक फर्जी साज़िश थी, तो यह जांच की निष्पक्षता पर सवाल उठा सकता है। दिल्ली अदालत का यह फ़ैसला 2020 के दंगों की जटिलता को फिर से उजागर करता है। कपिल मिश्रा के ख़िलाफ़ आगे की जाँच न केवल इस मामले की सच्चाई को सामने लाएगी, बल्कि यह भी तय करेगी कि क्या न्याय प्रणाली इस संवेदनशील मुद्दे पर निष्पक्षता से काम कर सकती है। आने वाले दिनों में विस्तृत आदेश और जांच की प्रगति पर सभी की नज़र रहेगी।

मुठभेड़ के बाद 50 हजार का इनामी वाहन चोर गिरफ्तार

मथुरा। थाना बरसाना पुलिस ने 50 हजार रुपये के ईनामी अंतर्राज्यीय वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद इसे गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के कब्जे से 13 चोरी की मोटरसाइकिल, तमंचा कारतूस बरामद किये गये। शातिर अन्तर्राज्जीय वाहन चोर साहब सिंह पुत्र दौलत निवासी खोटपुरी थाना कामा राजस्थान को चौकिंग के दौरान गोवर्धन नाला पर चोरी की एक मोटरसाइकिल व एक चाकू तथा मास्टर चाबी के साथ गिरफ्तार किया गया। साहव सिंह की निशादेही पर हरिओम पुत्र जगदीश निवासी ग्राम राकौली थाना बरसाना मथुरा को कमई रोड वन्द ईट भट्ठा से पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। दोनों अभियुक्त के द्धारा मिलकर चोरी की गयी कुल 13 मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस मुठभेड़ में हरओम की दोनों टागों मे गोली लगी है जिनका सीएचसी बरसाना मे उपचार चल रहा है। हरिओम के विरूद्ध मथुरा जनपद के विभिन्न थानों में डेढ दर्जन के कारीब आपराधिक मामले दर्ज हैं। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार निर्वाल थाना बरसाना, एसआई प्रवीन तेवतिया, एसआई राहुल सिंह, एसआई मंयक, एसआई आकाश चौधरी, एसआई कुंजन चौधरी आदि थे।